सूर्योदय 5:37 सूर्यास्त 7:01

आज का तापमान

शिमला	13.5 न्यू	21.8 अधि
धर्मशाला	18.0 न्यू	28.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	76,913
निफ्टी	23,997
सोना 1,48,652	चांदी 2,36,882

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 3 मई 2026 | 20 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 124, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

अरुणाचल में तीन उग्रवादी अरेस्ट

एजेंसी, खोंसा। अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले के खोंसा स्थित वांचो कॉलोनी में असम राइफल्स और अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर एनएससीएन-के (निक्की सुमी गुट) से जुड़े तीन कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विंगन अगन (33), जॉनी रिबा (21) और राजापेयु खेचन खेते (30) के रूप में हुई है। सुरक्षा बलों ने उनके पास से दो 7.65 मिमी पिस्तौल, मैगजीन, नौ जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किए। साथ ही जीपीआरएन से जुड़े कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

पुलवामा में आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

एजेंसी, जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को आतंकियों के एक ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्लू) को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दक्षिण कश्मीर के काचीपोरा निवासी उमर मलिक के रूप में हुई है। उसके पास से एक स्टार पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, एक चीनी ग्रेनेड, एक पाकिस्तानी ग्रेनेड और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मामले की आगे जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

यूएई से भारत लाया गया भगौड़ा कमलेश पारेख

एजेंसी, नई दिल्ली। बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के बड़े मामले में फरार आरोपी कमलेश पारेख को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत प्रत्यर्पित कर लिया है। एक मई को उसे भारत लाया गया और दिल्ली पहुंचते ही सीबीआई ने हिरासत में ले लिया। पारेख के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी था। उस पर कई बैंकों से जुड़ी सैकड़ों करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है, जिसकी अगुवाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने की थी। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल शिक्षा बोर्ड 12वीं का रिजल्ट 4 मई को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा के हजारों विद्यार्थियों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। बोर्ड ने परीक्षा परिणाम जारी करने की आधिकारिक तारीख की घोषणा कर दी है। आगामी 4 मई को सुबह 11 बजे प्रदेशभर के 81,411 छात्र-छात्राओं के भविष्य का पिटारा खुलेगा। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड ने परिणाम घोषित करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल बोर्ड 12वीं कक्षा के सभी संकाय का रिजल्ट 4 मई को एक साथ घोषित करने जा रहा है। इस बार 81,411 छात्रों ने अपनी किस्मत आजमाई है।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल में स्वास्थ्य योजनाओं पर विजिलेंस ने कसा शिकंजा -पेज 2
- बारिश से बिझड़ी बाजार की ड़क जलमग्न -पेज 6
- चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर टोल नाके से यात्री परेशान -पेज 10

हिमाचल में आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थायी नीति बनाने की तैयारी

सुक्खू सरकार ने तेज की कवायद, वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी राहत

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से उपेक्षित चल रहे हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए अब राहत की किरण दिखाई देने लगी है। सरकार ने इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता में रखते हुए स्थायी नीति बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। वर्षों से कम वेतन, असुरक्षित नौकरी और भविष्य की अनिश्चितता से जूझ रहे कर्मचारियों को इस पहल से बड़ी उम्मीदें हैं। यदि यह नीति आकार लेती है तो प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में स्थिरता और सुरक्षा का नया अध्याय जुड़ सकता है।

राजधानी शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस विषय पर गंभीर रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों से विस्तृत प्रस्ताव मांगा है। माना जा रहा है कि लंबे समय से लंबित इस मुद्दे पर अब सरकार निर्णायक कदम उठाने के मूड में है, जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकल सके।



◆ **वेतन, सुरक्षा और भविष्य को लेकर उठी मजबूत मांग**

यह पहल उस समय तेज हुई जब हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि, नौकरी की सुरक्षा और सेवा के दौरान दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में परिवार को सहारा देने जैसी अहम मांगें प्रमुखता से रखीं।

संघ के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में कर्मचारी 15 से 20 वर्षों से विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें आज भी बेहद कम वेतन पर काम करना पड़ रहा है। कई कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई है, जबकि कई दुर्घटनाओं में दिव्यांग हो चुके हैं। इसके बावजूद उनके परिवारों के लिए कोई ठोस सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मौजूद नहीं है।

उम्मीदों को लगेंगे पंख फैसले पर टिकी निगाहें

सरकार ने इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए कार्मिक विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग स्तर पर कर्मचारियों का डाटा एकत्र करने, सेवा शर्तों की समीक्षा करने और नीति का प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब सभी की नजरें सरकार के आगामी फैसले पर टिकी हैं, क्योंकि यह पहल न केवल कर्मचारियों के संघर्ष को सम्मान दे सकती है, बल्कि उनके जीवन में स्थिरता, सुरक्षा और नई उम्मीदों की मजबूत नींव भी रख सकती है।

आनी में गाड़ी पर गिरा पेड़ चार अध्यापिकाओं की मौत

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। कुल्लू जिला के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र आनी में शनिवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा पेश आया है। शमशर-गुगरा सड़क पर बाली ओल नामक स्थान के पास तेज आंधी-तूफान के कारण एक विशालकाय चीड़ का पेड़ चलती बोलेरो गाड़ी (एचपी01के 4621) पर गिर गया। इस भीषण दुर्घटना में गाड़ी में सवार 4 महिला अध्यापिकाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। गाड़ी में चालक सहित कुल सात लोग सवार थे।

हादसे में मृतकों की पहचान स्नेह लता पत्नी टीका नंद, गांव पारलीधार, बंती कौंडल पत्नी हेम दत्त, गांव लामीसेरी,, उषा कुमारी पत्नी मदन लाल, गांव तराला, सीमा आजाद पत्नी जिया लाल आजाद, गांव रोपड़ी, तहसील आनी के रूप में हुई है।

घायलों में सुरेश चंद पुत्र देश राज, गांव रोपड़ी, तारा देवी पत्नी रविंद्र कुमार, गांव रोपड़ी, तहसील आनी, रीना कुमारी पत्नी प्रेम सागर, गांव कटहेड़, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी, के रूप में हुई है। हादसे के दौरान लोगों ने घायलों तक पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस, प्रशासन को सूचित किया।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड के जवान और राहत दल मौके पर पहुंचे तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इस दुखद घटना से पूरे आनी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने बताया कि फौरी राहत के तौर पर मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार और घायलों को 5-5 हजार रुपयों की राशि दी गई है।

हादसे के बाद मदद में जुटे लोग। अनंत ज्ञान

आईसीएसई रिजल्ट : शिमला की जुड़वा बहनें 10वीं की परीक्षा में हिमाचल में टॉप

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश की जुड़वां बहनें अविशा स्याल और सिरिशा स्याल ने इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन यानी आईसीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में क्रमशः 99.4 प्रतिशत और 99.2 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया है। ये दोनों बहनें शिमला के ऑकलैंड हाउस स्कूल फॉर गर्ल्स की छात्राएं हैं।

अविशा स्याल

सिरिशा स्याल

अविशा और सिरिशा ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। इसका पूरा श्रेय हमारे माता-पिता, टीचर्स और स्कूल को जाता है, जिन्होंने हमें सही गाइड किया। जिज्ञासु रहना, मेहनत करना, खेल के लिए समय निकालना और आपस में तालमेल रखना हमारे लिए फायदेमंद रहा। बहनों ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के लिए कोई सख्त नियम नहीं बनाया, लेकिन रोज होमवर्क पूरा किया और रेगुलर रिवीजन किया। उन्होंने बोर्ड की तैयारी कर रहे बच्चों को सलाह दी कि वे मेहनत करें। पढ़ाई के अलावा, दोनों बहनें स्कूल की बास्केटबॉल और टेबल टेनिस टीम में भी हैं और गिटार भी बजाती हैं।

डॉक्टर कार्तिक स्याल और डॉक्टर गीतिका स्याल की बेटियां अविशा और सिरिशा इंजीनियर बनना चाहती हैं।

गौर रहे कि कलैंड हाउस स्कूल में 10वीं के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल प्रशासन के अनुसार, सभी परीक्षार्थी सफल रहे हैं. स्कूल की कुल 60 छात्राओं ने 10वीं का एग्जाम दिया था और सभी पास हुई हैं और 53 छात्राओं ने डिस्टिंक्शन हासिल की, जबकि 27 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम रौशन किया। वहीं, आईसीएसई परीक्षा में 89 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुईं और सभी ने सफलता हासिल की।

आरबीआई गवर्नर बोले-वैश्विक तनाव के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत की मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ता सार्वजनिक कर्ज और रक्षा खर्च वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम में आयोजित एफआईएमएमडीए-पीडीएआई के 25वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए मल्होत्रा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू खपत और लगातार सार्वजनिक निवेश का सहारा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर जोर से निजी निवेश को बढ़ावा मिला है और उत्पादन क्षमता का विस्तार हुआ है। (अनंत ज्ञान)

◆ **कहा-बढ़ सकते हैं कर्ज और महंगाई**

बंगाल में 15 बूथों पर दोबारा हुआ मतदान

साउथ 24 परगना में भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प

एजेंसी, कोलकाता

पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर के 4 और मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों पर शनिवार को दोबारा मतदान हुआ है। साउथ 24 परगना में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया।

वहीं, फालता में वोटर्स ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमला और पुलिस पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वोट डालने के बाद टीएमसी के लोगों ने उनके साथ मारपीट की। जब वे इसका विरोध कर रहे थे तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। कई लोगों को पैर में, सिर में और हाथ में चोट आई है।

वहीं, टीएमसी ने आरोप लगाया कि मगराहाट के बूथ नंबर 127 पर सुरक्षाबलों ने हमारे कैंप में तोड़फोड़ की और कार्यकर्ताओं से मारपीट की। घटना के बाद टीएमसी समर्थकों ने नारेबाजी की है।

उधर, चुनाव आयोग ने बंगाल में 165 अतिरिक्त काउंटिंग ऑब्जर्वर और 77 पुलिस ऑब्जर्वर तैनात किए हैं। दरअसल, 29 अप्रैल को इन बूथों पर दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान ईवीएस से छेड़छाड़ और झड़प की शिकायत मिली थी। इसके चलते दोबारा वोटिंग का फैसला लिया गया। (अनंत ज्ञान)

देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एक साथ आया अलर्ट मैसेज

एजेंसी, नई दिल्ली

देशभर में शनिवार सुबह 11:45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए ने भेजा था। एनडीएमए ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया।

शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एकसाथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया। यह मैसेज हिंदी और अंग्रेजी के साथ सभी क्षेत्रीय भाषाओं में भी भेजा गया। मैसेज में बताया गया कि यह केवल परीक्षण है और इस पर कोई एक्शन लेने की जरूरत नहीं है। सरकार ने दो दिन पहले ही मैसेज भेजकर लोगों से अपील की थी कि इमरजेंसी मोबाइल अलर्ट ट्रायल के दौरान यानी टेस्टिंग वाला मैसेज मिलने पर घबराएं नहीं। शनिवार का मैसेज केवल इमरजेंसी के हालात में चेतावनी देने वाले सिस्टम की जांच के लिए भेजा गया था। (अनंत ज्ञान)

◆ **सरकार ने की इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम की टेस्टिंग**

छत्तीसगढ़ के कांकेर में आईईडी ब्लास्ट, डीआरजी के 4 जवान शहीद

एजेंसी, छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सल ऑपरेशन के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। शनिवार को आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें डीआरजी के तीन जवान मौके पर ही बलिदान हो गए। वहीं, एक जवान को हेलिकॉप्टर से रायपुर से लाया गया, जहां इलाज के दौरान वह भी बलिदान हो गए। इस प्रकार कुल चार जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। डीआरजी टीम प्रदेश के कांकेर-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में नक्सलियों के छिपाए गए डंप की तलाश में निकली थी। इस दौरान आईईडी को हटाने की कोशिश में अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे चार जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टिलिंगम ने घटना की पुष्टि की है। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया है। पूरे इलाके को घेर लिया है ताकि अन्य संभावित को खोजकर निष्क्रिय किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल में 7 मई तक बरसेंगे बादल

कई जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट, सेब बागवान चिंतित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मौसम में आए अचानक बदलाव ने हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ देश के मैदानी इलाकों को भी बड़ी राहत दी है। जहां एक ओर भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं पहाड़ों पर मौसम सुहावना हो गया है और पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। मनाली और शिमला जैसे पर्यटन स्थलों पर शाम के समय रौनक लौट आई है और लोग ठंडी हवाओं के बीच सैर का आनंद ले रहे हैं।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने हालांकि, इस राहत के बीच नई चिंता भी खड़ी कर दी है। विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों के दौरान कई जिलों में भारी ओलावृष्टि और तेज बारिश की संभावना है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य अधिकांश जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी दी है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है।

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से नीचे चला गया है और आने वाले दिनों में इसमें दो से तीन डिग्री तक और गिरावट दर्ज की जा सकती है। नाहन में तापमान सामान्य से 5.8 डिग्री तक गिर गया है।

प्रदेश के कई इलाकों में पहले ही ओलावृष्टि से सेब की फसल को भारी नुकसान हो चुका है, जिससे बागवानों की चिंता और बढ़ गई है। सेब के साथ-साथ फूलगोभी और मटर की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 5 से 7 मई तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा, जबकि लाहौल-स्पीति और किन्नौर के ऊंचे क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी भी हो सकती है।

अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेताया, कहा- ईरान को होर्मुज टोल का न करें भुगतान

एजेंसी, दुबई

अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि यदि वे होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग के लिए ईरान को किसी प्रकार का भुगतान करती हैं तो उन पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की इस चेतावनी से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिकी ट्रेजरी के अनुसार, किसी भी प्रकार का टोल भुगतान या ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी जैसी संस्थाओं को दान भी प्रतिबंध के दायरे में आ सकता है। आमतौर पर दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस व्यापार इसी जलमार्ग से होकर गुजरता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के तनाव और हमलों के बाद ईरान ने कई जहाजों के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराए हैं और कुछ मामलों में इसके लिए शुल्क भी वसूला है। इस मुद्दे को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और गहराता जा रहा है।

ईरान बोला-अमेरिका की हर गलत हरकत का देंगे कड़ा जवाब

एजेंसी, तेल अवीव। ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका का मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। हम ऐसे पागलों के हाथ में परमाणु हथियार नहीं जाने दे सकते। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा।

सुरक्षा | सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों से दोगुनी होगी रफ्तार, नहीं रोक पाएगा कोई डिफेंस सिस्टम

भारत को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइल

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत ने युद्धों की बदलती रणनीति को देखते हुए अत्याधुनिक 'हाइपरसोनिक' मिसाइल तकनीक पर काम तेज कर दिया है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी कामत ने एक कार्यक्रम में बताया है कि देश जल्द 'हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल' और 'हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल' से लैस होगा।

इनकी रफ्तार सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से दोगुनी होगी। इसकी खासियतों की वजह से दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक नहीं पाएगा। डीआरडीओ प्रमुख के अनुसार, ग्लाइड मिसाइल का पहला परीक्षण जल्द संभव है। स्क्रैमजेट इंजन पर आधारित क्रूज मिसाइल को लेकर भी बड़ी कामयाबी मिली है।

हाल ही में स्क्रैमजेट प्रोपल्शन का 1,000 सेकंड से ज्यादा समय तक परीक्षण सफल रहा है। औपचारिक मंजूरी मिलने के 5 साल में इस मिसाइल प्रणाली को सेना के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। भारत एंटी-शिप मिसाइल भी विकसित कर रहा है। यह मिसाइल ब्रह्मोस की तुलना में और ज्यादा तेज होगी। इसके तीसरे चरण का परीक्षण इसी महीने किया जाना है। (अनंत ज्ञान)

चीन और रूस इस तकनीक में आगे

रूस के पास 'जिरकॉन' और 'किंजल' हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं। चीन के पास 'डीएफ-जेडएफ' है, जो तैनात की जा चुकी हैं। वहीं, अमेरिका इस तकनीक में थोड़ा पीछ रह गया है। अमेरिका के पास टॉमहॉक तकनीक की 'सुपरसोनिक' मिसाइलें हैं। लेकिन हाल के सालों में हाइपरसोनिक प्रोजेक्ट्स जैसे एजीएम-183 एआरआरडब्ल्यू असफल रहे हैं।

अग्नि-6 : सरकार की हरी झंडी मिलते ही काम शुरू

डीआरडीओ प्रमुख ने स्पष्ट किया कि अग्नि-6 मिसाइल कार्यक्रम के लिए तकनीकी रूप से टीम पूरी तरह तैयार है। जैसे ही सरकार से हरी झंडी मिलेगी, हम इस पर काम शुरू कर देंगे। यह अग्नि सीरीज की सबसे आधुनिक 'इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल' होगी। माना जा रहा है कि इसकी मारक क्षमता 10,000 से 12,000 किलोमीटर तक हो सकती है। यह मिसाइल एक साथ कई परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होगी, जिससे यह एक साथ कई लक्ष्यों को निशाना बना सकेगी।

डॉ. परमार का हिमाचल के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान : विनय

राजीव भवन शिमला में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस ने किया नमन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार का हिमाचल के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यदि डॉ. परमार का दूरदर्शी नेतृत्व न होता, तो आज हिमाचल अपने पूर्ण स्वरूप में अस्तित्व में नहीं आ पाता। उन्होंने कहा कि प्रदेश उनके इस महान योगदान का ऋण कभी नहीं चुका सकता। उन्होंने कहा कि डॉ. परमार के अथक प्रयासों से ही

हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ और उनकी सादगी, दूरदृष्टि तथा जनसेवा की भावना आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनकी विरासत को सहेजते हुए पार्टी की मजबूती और प्रदेश के समग्र विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित नंदा ने भी डॉ. परमार के योगदान को याद करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के अस्तित्व को संवारने और सुरक्षित रखने में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। उन्होंने कहा कि भूमि सुधार कानून की धारा 118 भी उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव धर्मेंद्र धामी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव शेष नारायण ओझा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने डॉ. परमार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

नाबालिग से यौन उत्पीड़न के मामले में कोर्ट का सख्त फैसला

पोक्सो एक्ट में स्कूल प्रवक्ता दोषी, छह साल का कारावास

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला में पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में विशेष न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट, दुष्कर्म/पोक्सो) ने स्कूल प्रवक्ता को दोषी करार देते हुए छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

◆ **न्यायालय ने दोषी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया**

यह मामला नाबालिग से यौन उत्पीड़न से जुड़ा था, जिस पर अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि ऐसे अपराधों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामला एक नवंबर 2024 को थाना सुन्नी में भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 के तहत दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सभी आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में प्रस्तुत किए।

स्कूल प्रवक्ता जय प्रकाश (46), निवासी करयाली सुन्नी, को अदालत ने दोषी मानते हुए सजा सुनाई। प्रभावी पैरवी और ठोस सबूतों के आधार पर अभियोजन पक्ष आरोपी की दोषसिद्धि सुनिश्चित करने में सफल रहा।

पुलिस बच्चों की सुरक्षा को दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता

इस पूरे प्रकरण में पीड़ित की पहचान और गरिमा की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा गया। जिला शिमला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस तरह के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

डॉ. परमार की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम नहीं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : कर्ण नंदा

कांग्रेस सरकार पर महापुरुषों के प्रति उदासीनता का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश के निर्माता एवं प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की पुण्यतिथि पर राज्य सरकार द्वारा कोई औपचारिक कार्यक्रम आयोजित न किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

भाजपा के मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि जिस महान व्यक्तित्व ने प्रदेश को पहचान दिलाई, उसी के प्रति इस प्रकार की अनदेखी अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि वर्षों से उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर सरकारी स्तर पर आयोजन होते रहे हैं, लेकिन इस बार ऐसा न होना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा को नमन करते कर्ण नंदा।

कर्ण नंदा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार का रवैया महापुरुषों और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रति लगातार उदासीन रहा है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़े कार्यक्रमों से लेकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक, कई अवसरों पर सरकार की निष्क्रियता सामने आई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा इन मुद्दों को जनता के बीच उठाएगी और सरकार को जवाबदेह बनाएगी, साथ ही पार्टी ने डॉ. परमार के आदर्शों पर चलने और प्रदेश के विकास के लिए उनके मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प दोहराया।

हरीश कुमार ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश में नवनियुक्त उच्च शिक्षा निदेशक हरीश कुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट कर विभाग की भावी योजनाओं, शैक्षणिक ढांचे के सशक्तिकरण तथा विद्यार्थियों के हित में उठाए जाने वाले कदमों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल संसाधनों के विस्तार और शिक्षण संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर बल देते हुए नवाचार और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई, वहीं निदेशक हरीश कुमार ने भी प्रदेश में उच्च शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

छोटा शिमला में दुकान में आग से लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के छोटा शिमला क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 10 बजे एक खाने-पीने की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सचिवालय और पुलिस थाना के समीप हुई इस घटना से स्थानीय प्रशासन तुरंत सतर्क हो गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घनी आबादी वाले क्षेत्र में आग फैलने का खतरा बना हुआ था, लेकिन समय रहते कार्रवाई से आसपास की दुकानों को सुरक्षित बचा लिया गया।

◆ **शनिवार सुबह करीब 10 बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग, समय रहते काबू**

दुकान संचालक मोनू गुप्ता के अनुसार, वह सुबह दुकान खोलने के बाद कुछ सामान लेने बाहर गए थे और लौटने पर दुकान से धुआं व आग की लपटें उठती दिखाई दीं। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर और चूल्हा पूरी तरह बंद थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। घटना के समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई, लेकिन दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने प्रशासन और प्रदेश सरकार से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजे की मांग की है।

मशोबरा की 30 पंचायतों में 26, 28 और 30 को मतदान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मशोबरा विकास खंड की 30 ग्राम पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। खंड विकास अधिकारी अंकित कोटिया के अनुसार इन पंचायतों में मतदान तीन चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। प्रथम चरण के तहत 26 मई को नाला, पीरन, कोटी, बलोग, जुन्गा, चमियाणा, भोंट, बलदेंयां, नालदेहरा और मशोबरा पंचायतों में मतदान होगा। दूसरे चरण में 28 मई को कूफरी, धाली, शिलोनबाग, जनेडघाट, पुजारली, मलयाणा, पगोग, मांजू डाबरी, कोलू जुब्बड़ और ढली पंचायतों में चुनाव करवाए जाएंगे, जबकि तीसरे व अंतिम चरण में 30 मई को मूलकोटी, सतलाई, दरभोग, भड़ेच, रझाना, मैहली, डूम्मी, गुम्मा, चैड़ी और बरमू केलटी पंचायतों में मतदान सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र 7, 8 और 11 मई को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक भरे जाएंगे, जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

◆ **7 मई से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया**

14 व 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे और 15 मई को ही अंतिम सूची जारी कर चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। तीनों चरणों में मतदान प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा। ग्राम पंचायतों के मतों की गणना मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित पंचायत मुख्यालयों पर की जाएगी, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गिनती 31 मई को प्रातः 9 बजे से विकास खंड मुख्यालय में की जाएगी।

रामपुर बुशहर कॉलेज के छात्रों ने ग्रीन ऑडिट के तहत किया फील्ड सर्वेक्षण

अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। रामपुर बुशहर स्थित राजकीय गोविंद बल्लभ पंत मेमोरियल पीजी कॉलेज में भूगोल द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा ग्रीन ऑडिट के तहत एक फील्ड सर्वेक्षण किया गया, जिसमें परिसर के भीतर विभिन्न प्रकार की पादप प्रजातियों की उपस्थिति दर्ज की गई। यह सर्वेक्षण डॉ. जितेंद्र सहानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य पौधों की पहचान करना, उनका वर्गीकरण करना तथा पर्यावरणीय संतुलन में उनकी भूमिका को समझना था। पहाड़ी क्षेत्र में स्थित यह परिसर प्राकृतिक एवं सजावटी दोनों प्रकार के पौधों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों जैसे वृक्ष, झाड़ियाँ, शाकीय पौधे और घास का अध्ययन किया तथा परिसर के अलग-अलग भागों में प्राकृतिक और लगाए गए पौधों को दर्ज किया।

सकुशल मिली लापता 62 वर्षीय महिला

पुलिस को सीसीटीवी और तकनीकी इनपुट से आईएसबीटी में मिला था सुराग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला में पंथाघाटी क्षेत्र से लापता हुई 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार महिला 30 अप्रैल की सुबह बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी, जिसके बाद लंबे समय तक कोई सुराग न मिलने से परिवार में चिंता का माहौल बन गया। परिजनों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए खोज अभियान शुरू किया। पुलिस की इस सफलता ने परिवार के चेहरों पर राहत की मुस्कान लौटा दी और उन्होंने पुलिस की संवेदनशीलता व कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता का सहारा लेते हुए शहर के विभिन्न स्थानों की निगरानी की। टीम ने सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर विशेष नजर रखी, जिसके बाद महिला की लोकेशन आईएसबीटी शिमला क्षेत्र में ट्रेस हुई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

◆ **30 अप्रैल को पंथाघाटी से अचानक लापता होने पर मचा था हड़कंप**

पंकज अग्रवाल ने की एसजेवीएन की जलविद्युत परियोजनाओं की समीक्षा

सतलुज नदी पर खैरा में बने डबल-लेन स्टील ट्रस ब्रिज का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। भारत सरकार के सचिव (विद्युत) पंकज अग्रवाल ने अपर सचिव (हाइड्रो एवं ईसी एंड ईटी) दिवाकर नाथ मिश्रा तथा सदस्य (हाइड्रो), सीईए मिलिंद गणेश गोखले के साथ आज हिमाचल प्रदेश में एसजेवीएन की जलविद्युत परियोजनाओं का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन, 210 मेगावाट लूहरी-1 जलविद्युत परियोजना, 412 मेगावाट रामपुर जलविद्युत स्टेशन तथा 382 मेगावाट सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना में परिचालन और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। सभी अतिथियों का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएनभूपेंद्र गुप्ता, निदेशक (कार्मिक)अजय कुमार शर्मा, निदेशक (वित्त)पार्थजीत डे, सीएमडी के ओएसडी राजेश कुमार चंदेल तथा परियोजना प्रमुखों ने स्वागत किया। 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन में पंकज अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने विद्युत गृह का दौरा किया और उन्हें रखरखाव के सर्वोत्तम तरीकों, प्रमुख वित्तीय और तकनीकी पैरामीटर तथा विद्युत उत्पादन में पावर स्टेशन द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों से अवगत कराया गया।

412 मेगावाट रामपुर जलविद्युत स्टेशन में उन्होने पर्यावरणीय सततता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पौधारोपण भी किया। पंकज अग्रवाल ने 210 मेगावाट लूहरी-1 जलविद्युत परियोजना में निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बांध के कार्य, विद्युत गृह और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल इंस्टॉलेशन सहित परियोजना के प्रमुख घटकों की स्थिति का जायज़ा लिया और साथ ही साइट से जुड़ी चुनौतियों का भी संज्ञान लिया। निर्धारित समय-सीमा के पालन के महत्व पर बल देते हुए, उन्होंने परियोजना टीम को गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

382 मेगावाट सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना में पंकज अग्रवाल ने सतलुज नदी पर खैरा में एक डबल-लेन स्टील ट्रस ब्रिज का उद्घाटन किया।

हिमाचल में नामांकन का महाक्लाइमेक्स खत्म, अब असली चुनावी जंग तय

कई वार्डों में बने रोचक मुकाबले, कई जगह बहुकोणीय टक्कर तय

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश के शहरी निकाय चुनावों में शनिवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन के साथ ही चुनावी तस्वीर ने एक नया रूप ले लिया है। सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चली इस प्रक्रिया के बाद अब यह लगभग स्पष्ट हो गया है कि किन वार्डों में मुकाबला सीधा होगा और कहां बहुकोणीय जंग देखने को मिलेगी। अंतिम घंटों में प्रत्याशियों की भारी भीड़ ने नामांकन केंद्रों पर राजनीतिक हलचल को चरम पर पहुंचा दिया। अब नजरें 6 मई पर टिक गई हैं, जब नाम वापसी के बाद वास्तविक चुनावी समीकरण पूरी तरह सामने आएंगे।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के 51 शहरी निकायों में इस बार चुनावी मुकाबला पहले से अधिक दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण बन गया है। शुरुआती दिनों में ही सैकड़ों उम्मीदवार मैदान में उतर चुके थे, जबकि अंतिम दिन कई दिग्गज और नए चेहरे भी अपनी किस्मत आजमाने पहुंच गए। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि इस बार कई सीटों पर सीधी लड़ाई के बजाय त्रिकोणीय और चतुष्कोणीय मुकाबले देखने को मिलेंगे। राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते नजर आ रहे हैं, जिससे चुनाव और अधिक रोमांचक हो गया है।

17 मई को होने वाले मतदान में 3,60,859 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चार नगर निगम, 25 नगर परिषद और 22 नगर पंचायतों के कुल 449 पदों के लिए यह चुनाव सिर्फ स्थानीय निकायों के गठन तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश की सियासत की दिशा भी तय करेगा। प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण और

◆ **17 मई को 449 पदों के लिए होगा मतदान, 3.60 लाख मतदाता करेंगे फैसला**

निष्पक्ष बनाने के लिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं को पूरी तरह मजबूत कर लिया है। मतदान के तुरंत बाद नगर परिषद और नगर पंचायतों के परिणाम आने शुरू हो जाएंगे, जबकि नगर निगमों के नतीजे 31 मई को घोषित किए जाएंगे। अब जबकि नामांकन का दौर खत्म हो चुका है, राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत के साथ प्रचार अभियान की तैयारी शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में आरोप-प्रत्यारोप, जनसभाओं और रणनीतिक समीकरणों का दौर तेज होगा। साफ है कि इस बार का शहरी निकाय चुनाव केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह प्रदेश की बड़ी राजनीतिक लड़ाई का संकेत भी देगा।

शिमला में मोबाइल पर गूंजा चेतावनी अलर्ट, मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला। भारत सरकार द्वारा देशभर में मोबाइल फोन पर इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम का व्यापक परीक्षण किया गया, जिसके तहत अचानक लाखों लोगों के फोन पर 'अत्यंत गंभीर चेतावनी' का संदेश और तेज बीप की आवाज सुनाई दी। शिमला सहित कई शहरों में इस अलर्ट को देखकर लोग कुछ क्षण के लिए चौंक गए और आपस में इसकी चर्चा करते नजर आए।

◆ **देशभर में इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम का किया गया परीक्षण**

◆ **सरकार बोली- घबराने की नहीं कोई जरूरत**

हालांकि प्रशासन ने तुरंत स्पष्ट किया कि यह केवल एक परीक्षण संदेश था और इसे लेकर किसी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। यह परीक्षण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की निगरानी में सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक के माध्यम से किया गया, जिसका उद्देश्य आपदा या आपात स्थिति के दौरान नागरिकों तक तुरंत और सटीक सूचना पहुंचाना है। इस आधुनिक प्रणाली के जरिए बिना इंटरनेट के भी मोबाइल पर अलर्ट भेजे जा सकते हैं, जिससे भूकंप, बाढ़ या अन्य संकट की स्थिति में लोगों को समय रहते सचेत किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि यह पहल देश की आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम है। आने वाले समय में इस तकनीक के जरिए लोगों को समय पर चेतावनी देकर जान-माल के नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी और नागरिकों में जागरूकता भी बढ़ेगी।

हिमाचल में स्वास्थ्य योजनाओं पर विजिलेंस ने कसा शिकंजा

हिमकेयर के साथ आयुष्मान योजना भी जांच के दायरे में, मांगा पूरा रिकॉर्ड

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य योजनाओं के दुरुपयोग को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है, जिसने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हिमकेयर योजना में गड़बड़ियों की जांच के बीच अब आयुष्मान योजना भी विजिलेंस के रडार पर आ गई है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि कुछ निजी अस्पतालों ने नियमों को ताक पर रखकर सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में चल रही जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि कई ऐसे मरीज, जो पहले से ही आयुष्मान योजना के तहत कवर थे, उनके नाम पर हिमकेयर कार्ड भी बना दिए गए। इसके बाद दोनों योजनाओं के तहत इलाज दिखाकर दोहरी क्लेम राशि हासिल करने की आशंका जताई जा रही है। इस गंभीर मामले को देखते हुए विजिलेंस ने विशेष जांच दल का गठन कर दोनों योजनाओं का विस्तृत रिकॉर्ड तलब कर लिया है।

◆ **सीएम ने तीन माह के अंदर जांच पूरी करने के दिए हैं निर्देश**

सूत्रों के अनुसार जांच में यह भी पाया गया है कि निजी अस्पतालों के प्रशासन ने लाभार्थियों की पात्रता की सही तरीके से जांच नहीं की। कई मामलों में मरीजों के पंजीकरण, उपचार विवरण और भुगतान से जुड़े दस्तावेजों में भी गड़बड़ियां सामने आई हैं। विजिलेंस ने छानबीन के दौरान कुछ संदिग्ध दस्तावेज और रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लिए हैं, जिनकी बारीकी से जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन महीने के भीतर जांच पूरी करने और सच्चाई सामने लाने के निर्देश दिए हैं। सरकार की ओर से स्पष्ट संकेत दिए गए हैं कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता साबित होती है तो संबंधित अस्पतालों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश के कई अस्पतालों पर गिर सकती है गाज

जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अस्पतालों का पंजीकरण रद्द करने, भारी जुर्माना लगाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। विजिलेंस अब अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है, जिससे आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

राज्यपाल ने आईजीएमसी में कराया रूटीन चेकअप

आईजीएमसी में चेकअप करवाने जाते राज्यपाल।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश के राज्यपाल शनिवार सुबह नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल पहुंचे, जहां उनका प्रारंभिक परीक्षण किया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार यह पूरी तरह से रूटीन चेकअप था और किसी प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्या सामने नहीं आई। चिकित्सकों ने अल्ट्रासाउंड सहित अन्य सामान्य जांचें कीं, जिनकी रिपोर्ट सामान्य पाई गई। जांच के दौरान आंखों का परीक्षण भी किया गया, जिसमें चश्मे का नंबर बदला गया। साथ ही टांग में हल्की असुविधा की शिकायत के चलते एक्स-रे कराया गया, जिसमें कोई गंभीर स्थिति नहीं पाई गई। आईजीएमसी के प्रधानाचार्य डॉ. सीता ने स्पष्ट किया कि राज्यपाल पूरी तरह स्वस्थ हैं और यह केवल नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया थी। प्रारंभिक जांच के बाद राज्यपाल आगे के विस्तृत परीक्षण के लिए चमियाना अस्पताल रवाना हुए, जहां वे यूरोलॉजी और कार्डियोलॉजी विभाग में विशेषज्ञों से परामर्श लेंगे।

◆ **आंखों की जांच के बाद बदला चश्मे का नंबर**

कुलदीप पठानिया जयपुर में अखिल भारतीय सम्मेलन में लेंगे भाग

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 4 मई को जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वह 5 मई को राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन एवं समिति प्रणाली की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। वह पूर्वाह्न 11 बजे शिमला से रवाना होकर चंडीगढ़ से वायुमार्ग द्वारा जयपुर पहुंचेंगे। यह बैठक राज्य विधानमंडलों में समिति प्रणाली को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न राज्यों के विधान सभाओं के अध्यक्ष महत्वपूर्ण विचार-विमर्श करेंगे। इस उच्च स्तरीय समिति का गठन ओम बिडला द्वारा किया गया है, जिसकी अध्यक्षता नरेंद्र सिंह तोमर कर रहे हैं। समिति में सतीश महाना, सूरमा पाढ़ी, वासुदेव देवनानी तथा मिगंमा नोर्बू शेरपा सदस्य के रूप में शामिल हैं। बैठक के दौरान समिति राज्य विधान मंडलों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा कर मंथन के उपरांत अपने सुझावों सहित विस्तृत रिपोर्ट लोक सभा अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगी। इस समिति में कुलदीप सिंह पठानियां का चयन प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि 28 राज्यों में से केवल 6 विधान सभाओं के अध्यक्षों को इसमें शामिल किया गया है। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी भाग लेंगे।

◆ **विस अध्यक्ष शिमला से कल करेंगे प्रस्थान, 5 मई को होगी अहम बैठक**

उम्मीदवार 6 मई को दोपहर 3 बजे तक वापस ले सकेंगे नामांकन

नगर निगम मंडी चुनाव: अंतिम दिन 43 नामांकन पत्र दाखिल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। नगर निगम मंडी में पार्षदों के चुनाव के लिए जारी नामांकन प्रक्रिया के तीसरे व अंतिम दिन कुल 43 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। सहायक निर्वाचन अधिकारी नगर निगम मंडी (वार्ड नंबर 1 से 13) एवं एसडीएम मंडी सदर रूपिन्द्र कौर ने बताया कि वार्ड नंबर 1 खलियार (अनारक्षित) से आज पांच नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें अलकनंदा हांडा, राजीव वैद्य, प्रवीण कुमार, विवेक और गौरव ने नामांकन दाखिल किया। वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी (महिला) से सरिता हांडा ने नामांकन भरा। वार्ड नंबर 3 पड्डल (महिला) से नीलम शर्मा ने नामांकन पत्र के दो सेट दाखिल किए। वार्ड नंबर 4 नेला (महिला) से संतोष ने अपना नामांकन दाखिल किया जबकि नर्वदा देवी ने नामांकन के दो सेट दाखिल किए। वार्ड नंबर 5 मंगवाई (महिला) से रजनी चंद्रा तथा कृष्णा ठाकुर ने नामांकन प्रस्तुत किया। वार्ड नंबर 6 सनयारड़ (अनुसूचित जाति) से वीरेंद्र सिंह आर्य तथा विनोद कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया। वार्ड नंबर 7 तल्याहड़ (अनारक्षित) से आकाश शर्मा, अभिनव, यादविंदर, रूपेश कुमार, जैनेंद्र कुमार तथा सुदेश ने नामांकन दाखिल किया। वार्ड नंबर 8 पैलेस कॉलोनी-1 (महिला) से नीम दासी ने नामांकन दाखिला किया। वार्ड नंबर 9 पैलेस कॉलोनी-2 (अनारक्षित) से विनय शर्मा ने जबकि, सुमन ने दो सेट दाखिल किए। वार्ड नंबर 10 सुहड़ा (अनुसूचित जाति महिला) से सुषमा कुमारी तथा नेहा ने नामांकन दाखिल किया। वार्ड नंबर 11 समखेतर (अनारक्षित) से निखिल वालिया, गौरव शर्मा, वरुण तथा दिव्या हांडा ने नामांकन दाखिल किया तथा वार्ड नंबर 12 भगवाहन (अनारक्षित) से चंद्रशेखर, योगेश, तेजिंदर सिंह ने अपने नामांकन दाखिल किया, जबकि दिनेश कुमार ने दो सेट दाखिल किए। वार्ड नंबर 13 थनेहड़ा (महिला) से गीतांजलि ने अपना नामांकन दाखिल किया व रजनी शर्मा ने दो सेट नामांकन के दाखिल किए। सहायक निर्वाचन अधिकारी नगर निगम मंडी (वार्ड नंबर 14 व 15) एवं एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि वार्ड नंबर 14 बैहना (अनुसूचित जाति) से धन देव और कृष्ण भानु ने नामांकन दाखिल किए, जबकि वार्ड नंबर 15 दौंहदी से अंजया कुमारी तथा मीना देवी ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया। नगर निगम मंडी में 15 वार्डों के चुनाव के लिए आज 43 नामांकन दाखिल किए गए। पहले दिन केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ था, जबकि दूसरे दिन 15 नामांकन दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 6 मई को दोपहर 3 बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

सुंदरनगर में किराये के कमरे से चिट्टा बरामद, युवक-युवती काबू

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। एचपी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस चौक के नजदीक हेमचंद के रिहायशी मकान में किराये पर रह रहे एक युवक और युवती से पुलिस ने 2.140 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कमरे की तलाशी ली, जहां से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। इस मामले में रोहित कुमार पुत्र राज कुमार निवासी गांव बोनबाडी डाकघर कलोहड तहसील सुंदरनगर जिला मंडी उम्र 29 वर्ष और भारती गुलेरिया पुत्री धनंजय कुमार निवासी गांव नोरु डाकघर भंगरोटू तहसील बल्ह जिला मंडी उम्र 24 वर्ष को काबू किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

◆ **दोनों के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस की जांच शुरू**

आशुपुरी हत्याकांड : पांच माह के बाद गिरफ्तार किए मुख्य आरोपी

अदालत में किए गए पेश, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। ऊना जनपद के संतोषगढ़ के बहुचर्चित आशुपुरी हत्याकांड में करीब पांच माह के बाद बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। वारदात के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए दोनों मुख्य आरोपियों को अब स्वस्थ घोषित किए जाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, पीजीआई चंडीगढ़ में लंबे समय तक उपचार के बाद डॉक्टरों द्वारा फिट घोषित किए जाने पर ऊना पुलिस ने पुरजिंद्र उर्फ पिंदु निवासी उदयपुर और परमिंद्र निवासी सनोली को हिरासत में लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को ऊना लेकर आई और शुक्रवार को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक सचिन हिरेमठ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों को पीजीआई चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए ऊना लाया गया है।

गौरतलब है कि 19 नवंबर की रात लाल सिंगी स्थित एक होटल के बाहर दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज के साथ-साथ तलवारें और गोलियां तक चल गईं। इस दौरान संतोषगढ़ निवासी आशु पुरी को चार गोलियां लगीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के दौरान दोनों आरोपी परमिंद्र सिंह और पुरजिंद्र सिंह भी तलवार के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनकी हालत नाजुक होने के कारण उन्हें तत्काल पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां उनका करीब साढ़े पांच माह तक इलाज चला।

अब मेडिकल बोर्ड द्वारा दोनों को फिट घोषित किए जाने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अन्य पहलुओं की भी गहन जांच कर रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जा सके।

स्टोन क्रशर मामले में उमेश शर्मा व प्रवीण को जमानत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो हमीरपुर। स्टोन क्रशर मामले में स्थानीय विधायक आशीष शर्मा के भाई और चाचा उमेश शर्मा एवं प्रवीण कुमार को 18 दिन के बाद कोर्ट से जमानत मिल गई है उन्होंने बीपी 15 अप्रैल को कोर्ट में सरेंडर किया था उसके बाद उन्हें कुछ दिनों के पुलिसमैन पर भेजा गया था लेकिन बाद में वे न्यायिक विरासत में भेजे गए थे। उनकी जमानत की याचिका कुछ दिन पहले से ही कोर्ट में लगी हुई थी।

दो दिन पहले उस पर कोर्ट में सुनवाई हुई थी और आज यानी शनिवार को दोनों को कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए। काबिले गौर यह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की समय सीमा मुकम्मल होने की बात जब 15 अप्रैल को उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया था, उसमें के बाद इस मामले को लेकर कई तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ था। क्योंकि मामला भाजपा विधायक आशीष शर्मा के परिवार से जुड़ा हुआ था, इसलिए पार्टी के भीतर भी यहां जो राजनीति देखी गई उसकी भी अच्छी खासी चर्चा यहां अब भी हो रही है। स्टोन क्रशर मामला 13 अगस्त 2025 का बताया जा रहा है।

उसके बाद पुलिस ने इन्वेस्टिगेशन की थी और बाद में आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटा आए हुए थे, लेकिन अंत में जब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में एक महीने के बाद दोनों को सरेंडर करने की आदेश दिए। तभी से यह मामला सुर्खियां बटोर रहा था। पुलिस की इन्वेस्टीगेशन मुकम्मल होने के बाद मामला कोर्ट में जाएगा। एसपी बलवीर सिंह का कहना है कि दोनों आरोपियों को जमानत मिल गई है, लेकिन इस मामले को लेकर अभी इन्वेस्टिगेशन जारी रहेगी।

◆ **दोनों आरोपियों को जमानत मिल गई, पर मामले में जारी रहेगी जांचः एसपी**

आरएलए घोटाले का मास्टर माइंड गौरव पांच दिन के पुलिस रिमांड पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण (आरएलए) सोलन में सामने आए करोड़ों रुपये के कथित फर्जीवाड़े मामले में मुख्य आरोपी गौरव भारद्वाज को अदालत ने पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसियां अब मामले की तह तक पहुंचने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही हैं। पुलिस शनिवार को आरोपी को बिलासपुर लेकर पहुंची, जहां से इस पूरे प्रकरण के तार जुड़ने शुरू हुए थे। जांच टीम ने आरोपी को उन संभावित स्थानों पर भी ले जाकर पूछताछ की, जहां से फर्जी दस्तावेज तैयार करने और नेटवर्क संचालन की गतिविधियां शुरू होने की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में आरोपी के बैंक खातों में बड़े पैमाने पर संदिग्ध वित्तीय लेन-देन सामने आए हैं।

पुलिस अब इन खातों की बारीकी से जांच कर रही है और उन एजेंटों व संपर्क सूत्रों की पहचान जुटा रही है, जिनके माध्यम से धनराशि के लेन-देन को अंजाम दिया गया। जांच अधिकारियों के अनुसार रिमांड अवधि के दौरान गौरव भारद्वाज से उन कर्मचारियों और अन्य कथित सहयोगियों के संबंध में पूछताछ की जाएगी, जो इस पूरे नेटवर्क में शामिल हो सकते हैं। पुलिस को आशंका है कि मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे संगठित तरीके से काम करने वाला बड़ा नेटवर्क सक्रिय था।

जयराम ठाकुर ने रामपुर-खनेरी नर्सिंग छात्राओं में टीबी संक्रमण पर घेरी सरकार

20% छात्राओं के संक्रमित होने को बताया गंभीर लापरवाही

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने रामपुर-खनेरी स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल नर्सिंग संस्थान एवं अस्पताल में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्राओं में टीबी संक्रमण के मामले को बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि 90 में से 19 छात्राओं का टीबी से संक्रमित होना न केवल संस्थान की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही परिसर में इतनी बड़ी संख्या में संक्रमण फैलने के बावजूद सरकार द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, जो कि अत्यंत शर्मनाक स्थिति है।

नेता प्रतिपक्ष ने शिमला से जारी बयान में कहा कि देशभर में टीबी उन्मूलन को लेकर केंद्र सरकार युद्ध स्तर पर अभियान चला रही है और हर संभव संसाधन राज्यों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विश्वस्तरीय दवाइयों से लेकर बजट तक की कोई कमी नहीं रखी जा रही है, इसके बावजूद इस तरह का मामला सामने आना राज्य सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि परिजनों द्वारा लिखे गए पत्र में कई छात्राओं को एमडीआर-टीबी जैसी गंभीर स्थिति में पहुंचने की बात सामने आई है, जिससे स्पष्ट होता है कि शुरुआती स्तर पर उचित उपचार और निगरानी नहीं की गई। जयराम ठाकुर ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि चिकित्सा संस्थान में पढ़ने वाली छात्राओं को टीबी संक्रमण के बावजूद झाड़फूंक (झाड़ा) करवाने की सलाह दिए जाने के आरोप बेहद गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करते हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर इस प्रकार की सलाह दी जाना स्वास्थ्य तंत्र की वास्तविकता को उजागर करता है।

मेस के भोजन की गुणवत्ता की जांच की उठाई मांग

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि परिजनों द्वारा उठाए गए मुद्दों में संस्थान की मेस व्यवस्था में भी खामियों का जिक्र किया गया है, जहां शुल्क लेने के बावजूद छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और संक्रमित छात्राओं को बेहतर से बेहतर उपचार मुहैया कराया जाए, ताकि संक्रमण पर जल्द काबू पाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

नशे में बस दौड़ाने वाला निगम का ड्राइवर सस्पेंड

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। निगम की बस रूट हमीरपुर से सुजानपुर जा रही बस के ड्राइवर को नशे में धुत होकर चला रहा था। बस में बैठी सवारी ने इसकी सूचना निगम को दी। इस बारे में पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना देने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस को रुकवाया गया और चालक का मेडिकल करवाया गया। पुलिस ने भी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गौर रहे कि पिछले 6 महीनों में एचआरटीसी की बसों में तैनात चालक और परिचालकों के शराब पीकर ड्यूटी करने के लगभग 3 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं शुक्रवार को भी एक और मामला सामने आया है। शराब के नशे में बस चला रहे चालक के खिलाफ एक्शन लेने हुए निगम ने भी सस्पेंड कर दिया है। निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल कुमार ने बताया कि हमीरपुर से सुजानपुर रूट 4.20 पर जाने वाली बस के चालक के खिलाफ पर सूचना मिली थी, जिस पर निगम और पुलिस ने कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि शराब के नशे में बस चला रहे चालक को सस्पेंड कर दिया है, वहीं पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

◆ **हमीरपुर से सुजानपुर जा रही थी बस**

धर्मपुर में अवैध खनन पर सियासी घमासान

माफियाराज चरम पर, खेत और जल स्रोत हो रहे तबाह : राकेश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। धर्मपुर क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि प्रदेश में खनन माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संसाधनों की लूट कर रहा है, जबकि सरकार पूरी तरह मौन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि खेत-खलिहान, जल स्रोत और आम जनता की जीवनरेखा तक खतरे में पड़ गई है। जम्वाल ने शिमला से जारी बयान में कहा कि धर्मपुर क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में 200 से अधिक बीघा कृषि भूमि अवैध खनन की भेंट चढ़ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि दो प्रमुख खड्डों से लगातार खनन कर खनिज संपदा की लूट की जा रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ रहा है। इसके साथ ही 4 से 5 पेयजल योजनाएं सीधे तौर पर प्रभावित हुई हैं, जिसके कारण हजारों लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा कई बार विधानसभा में उठाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जमवाल के अनुसार, यह स्थिति सरकार की नीयत और नीति दोनों पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन गतिविधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है और रात के समय दर्जनों ट्रैक्टर व टिप्पर अवैध खनन में लगे रहते हैं, जबकि संबंधित विभाग निष्क्रिय बने हुए हैं।

कहा- यह गंभीर मामला

जम्वाल ने यह भी कहा कि न्यायालय की टिप्पणियों को नजरअंदाज किया जाना बेहद गंभीर मामला है। उनके अनुसार, जब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़े और उसके बाद भी कार्रवाई न हो, तो यह प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट संकेत है। इस स्थिति में सबसे अधिक नुकसान किसानों, बागवानों और स्थानीय लोगों को उठाना पड़ रहा है, जिनकी आजीविका और जल स्रोत लगातार प्रभावित हो रहे हैं।

शिक्षा

हिमाचल में सीबीएसई सब कैडर परीक्षा का बड़ा असर, अब काउंसिलिंग के बाद होंगे व्यापक तबादले

प्रदेश के हजारों शिक्षकों को मिलेंगे नए अवसर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में सीबीएसई से संबद्ध सरकारी स्कूलों के लिए आयोजित सब कैडर परीक्षा के परिणामों ने शिक्षा व्यवस्था में नई हलचल पैदा कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने मेरिट सूची जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि अब आगामी काउंसिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति और तबादलों की दिशा तय होगी। इससे प्रदेश के हजारों शिक्षकों को नई तैनाती और अवसर मिलने की संभावना बन गई है।

विभाग के अनुसार परीक्षा में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें से 9007 शिक्षक सफल घोषित किए गए, जबकि 810 शिक्षक असफल रहे। वहीं 1473 शिक्षक ऐसे भी रहे जिन्होंने आवेदन करने के बावजूद परीक्षा में हिस्सा नहीं लिया। परीक्षा कुल 100 अंकों की थी और इसमें पास होने के लिए न्यूनतम 40 अंक निर्धारित किए गए थे। मेरिट सूची को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, ताकि शिक्षक अपनी स्थिति स्पष्ट रूप से देख सकें। स्क्रीनिंग टेस्ट उत्तीर्ण करने वाले शिक्षक ही काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि काउंसिलिंग की तिथि और विस्तृत कार्यक्रम अलग से घोषित किया जाएगा।

◆ **पांच मई से शुरू होगी काउंसिलिंग प्रक्रिया**

◆ **गैर शिक्षकों के सैकड़ों पद भरने की तैयारी**

शिक्षकों को सलाह दी गई है कि वे नियमित रूप से विभाग की वेबसाइट देखते रहें, क्योंकि व्यक्तिगत सूचना अलग से भेजे जाने की कोई व्यवस्था नहीं होगी। काउंसिलिंग के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किस स्कूल में कितने पद रिक्त रह जाते हैं।

काउंसिलिंग के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति सब कैडर में की जाएगी, जिसमें लगभग 6678 शिक्षकों को शामिल किया गया है। विभाग ने 151 स्कूलों के लिए शिक्षकों की तैनाती की योजना बनाई है और पांच से छह अन्य स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। इसके साथ ही गैर शिक्षकों के करीब 604 पद भरने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है, ताकि स्कूलों में शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों।

चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण कुछ प्रक्रियाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार।

धर्मशाला नगर निगम चुनाव: 17 वार्डों से 58 प्रत्याशी मैदान में

कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी, भाजपा व कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों का बिगाड़ सकते हैं खेल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम धर्मशाला के चुनाव-2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया के तहत विभिन्न वार्डों से 58 उम्मीदवारों की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।

उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) धर्मशाला मोहित रत्न ने बताया कि 29, 30 अप्रैल तथा 2 मई को अलग-अलग वार्डों में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा नामांकन प्रस्तुत किए गए हैं। वार्ड-1 फरसेटगंज से हिमांशी (कांग्रेस) ने 30 अप्रैल को और रेखा देवी (भाजपा) ने 2 मई को नामांकन दाखिल किया, जबकि वार्ड-2 भागसुनाग से ओंकार चंद (निर्दलीय) और शमशेर सिंह (भाजपा) और अशोक कुमार (कांग्रेस) ने शनिवार को नामांकन भरा है। वार्ड-3 मैक्लोडगंज से आशा देवी (भाजपा) एवं सुदर्शना (कांग्रेस) ने 30 अप्रैल 2026 को अपने नामांकन प्रस्तुत किए। वार्ड-4 कश्मीर हाउस से नेहा संगल (भाजपा) ने 30 अप्रैल को तथा नीनू शर्मा (कांग्रेस) ने 29 अप्रैल तथा

अंतिम दिन नामांकन पत्र दाखिल करती उम्मीदवार। अनंत ज्ञान

वीना वर्मा (निर्दलीय) ने 2 मई को नामांकन दाखिल किया। वार्ड-5 खजान्ची मोहल्ला से शैलजा (कांग्रेस) ने 29 अप्रैल तथा अरुणा कुमारी (भाजपा) ने 30 अप्रैल को नामांकन किया। वार्ड-6 कोतवाली बाजार से बबिता (कांग्रेस) ने 29 अप्रैल को तथा करिश्मा छेत्री (भाजपा) और तेजिंद्र कौर (निर्दलीय) ने 2 मई को नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा वार्ड-7 मिनी सचिवालय से आशु भारद्वाज (भाजपा) और शिवानी भारद्वाज (कांग्रेस) ने और रोज बाला (निर्दलीय) तथा रेखा (निर्दलीय) 2 मई को नामांकन दाखिल किया। वार्ड-8 खेल परिसर से रानी देवी (कांग्रेस) ने 30 अप्रैल को तथा प्रेरणा (भाजपा) तथा ललिता (निर्दलीय) और सरोज कुमारी गुलेरी (निर्दलीय) ने 2 मई को अपना नामांकन दाखिल किया। वार्ड-9 सकोह से नरेश कुमार (निर्दलीय) ने 30 अप्रैल एवं सुषमा कुमारी (निर्दलीय) एवं राज कुमार (भाजपा) तथा सुमित (कांग्रेस) ने 2 मई को नामांकन प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि वार्ड-10 श्याम नगर से सुदेश कुमार (कांग्रेस) ने 29 अप्रैल, अमित भारद्वाज (भाजपा) ने 30 अप्रैल तथा अतुल (निर्दलीय) ने 2 मई को नामांकन दाखिल किया। वार्ड-11 राम नगर से अनुराग (कांग्रेस) ने 29 अप्रैल को, जबकि अनीष कुमार (भाजपा) ने 2 मई को अपना नामांकन दाखिल किया। वार्ड-12 बडोल से स्वर्णा देवी (कांग्रेस) एवं मीना कुमारी (भाजपा) ने 30 अप्रैल तथा शीला मेहता (निर्दलीय) और गायत्री देवी (निर्दलीय) ने 2 मई को अपने नामांकन प्रस्तुत किए। वार्ड-13 दाड़ी से हर्ष ओबरॉय (भाजपा) और संदीप (कांग्रेस) तथा बलदेव सिंह (निर्दलीय), तरूण ओबरॉय (निर्दलीय) तथा केशव (निर्दलीय) ने 2 मई को अपना नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा वार्ड-14 कंड से शेखर आनंद (भाजपा), मितुल शुक्ला (निर्दलीय) एवं अंनोज (कांग्रेस) ने 30 अप्रैल और संगीता खनका (निर्दलीय), प्रदीप कुमार (निर्दलीय) ने 2 मई को नामांकन दाखिल किया। वार्ड-15 खनियारा से प्रताप चंद (निर्दलीय) ने 29 अप्रैल को परवीन कुमार (भाजपा) ने 30 अप्रैल तथा राकेश कुमार (निर्दलीय) तथा रजनी व्यास (कांग्रेस) ने 2 मई को नामांकन भरा। वार्ड-16 सिद्धपुर से बबिता (कांग्रेस) ने 29 अप्रैल एवं उषा रानी (निर्दलीय) ने 30 अप्रैल को नामांकन दाखिल किया, जबकि अनुपमा कटोच (भाजपा) ने 2 मई को अपना नामांकन भरा। वार्ड-17 सिद्धबाड़ी से सुरेश कुमार (कांग्रेस), कृष्ण (निर्दलीय) ने 30 अप्रैल को, जबकि सुभाष चंद (निर्दलीय) तथा विशाल जम्वाल (भाजपा), अनिल कुमार (निर्दलीय) ने 2 मई को अपने नामांकन प्रस्तुत किए।

24 निर्दलीयों ने भरे पर्चे कई वार्डों में दो से तीन

धर्मशाला नगर निगम चुनाव के लिए भरे गए 58 नामांकनों में 24 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो कि भाजपा या कांग्रेस से नाराज हैं। आलम यह है कि कई वार्डों से दो से तीन प्रत्याशियों ने बतौर निर्दलीय नामांकन भरे हैं। ऐसे में 17 वार्डों से 24 निर्दलीय होने के चलते यह कहना गलत न होगा कि कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी, भाजपा व कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों का खेल बिगाड़ सकते हैं।

भाजपा की आंखें शायद बंद, केवल एक व्यक्ति की सुन रही पार्टी: ओंकार नैहरिया

आजाद प्रत्याशी ओंकार नैहरिया समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नगर परिषद धर्मशाला के पूर्व मेयर ओंकार नेहरिया का टिकट कटने के बाद शनिवार को उन्होंने आजाद प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा। नेहरिया ने कहा कि 1995 में उन्होंने पार्षद का पहला चुनाव लड़ा था। इसके बाद 4-5 चुनाव जीत चुका हूं। उन्होंने कहा कि वो लंबे समय से भाजपा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने आंखें बंद कर ली हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में एक ही व्यक्ति की चल रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी देख ले कि उनके पीएचडी किए हुए चेहरे क्या करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता के कहने पर वो आजाद प्रत्याशी के रूप में लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके अलावा उनके 7-8 सहयोगियों को भी टिकट नहीं दिया गया। पार्टी से बात करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनसे कोई बात नहीं की। पार्टी से पुराने नेताओं को एडजस्ट करने के लिए कहा गया, लेकिन एक को छोड़कर किसी भी नेता को टिकट नहीं दी गई। नेहरिया ने भाजपा से नाराजगी जताते हुए कहा कि वो जनता के आशीर्वाद से फिर से भागसू वार्ड से चुनाव जीतेंगे तथा भागसू का विकास निरंतर जारी रहेगा।

न्यूज ब्रीफ

पुलिस थानों में हथियार जमा करने के आदेश जारी

अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर। नगर निकाय और पंचायतीराज चुनाव 2026 की घोषणा के बाद कांगड़ा जिले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। पुलिस जिला देहरा के एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि जिला दंडाधिकारी कांगड़ा की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत चुनाव अवधि में कोई भी व्यक्ति हथियार साथ नहीं रख सकेगा। सभी लाइसेंसधारकों को अपने हथियार और गोला-बारूद तुरंत नजदीकी थाना या अधिकृत विक्रेता के पास जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जनता से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

सोरन-घंडोल सड़क 10 जून तक रहेगी बंद

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर राजेश चोपड़ा ने बताया कि लिंक रोड सोरन-घंडोल (किलोमीटर 0/0 से 1/0) पर सीमेंट कंक्रीट डालने का कार्य किया जाएगा। इस कारण यह सड़क 3 मई से 10 जून तक सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन के लिए पूरी तरह बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने और सड़क को नुकसान से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और विभाग का सहयोग करें।

आदित्य सूद को उत्कृष्ट कार्य के लिए नवाजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। आदित्य सूद, पुत्र अश्विनी सूद निवासी धर्मशाला को वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस योजनाओं में विभिन्न प्रस्ताव अभिकर्ता के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान अधीक्षक डाकघर मंडल धर्मशाला रविंद्र कुमार शर्मा और विकास अधिकारी सुनील कुमार की ओर से प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने उनकी कार्यनिष्ठा, मेहनत और समर्पण की सराहना की और इसे अन्य अभिकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। आदित्य सूद ने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

एचपीसीए सब सेंटर पंचरुखी में 30 ने दिया ट्रायल

अनंत ज्ञान, पालमपुर। एचपीसीए सब सेंटर पंचरुखी में खेल ट्रायल्स का आयोजन किया गया। 30 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह ट्रायल कोच आयुष धीमान, कोच तनु बाला और कोच फिरोज की देखरेख में आयोजित किए गए। कोचों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया और उन्हें आगे बेहतर करने के लिए जरूरी मार्गदर्शन भी दिया। ट्रायल का उद्देश्य क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। आयोजन के सफल संचालन पर प्रतिभागियों और अभिभावकों ने संतोष व्यक्त किया।

आदर्श स्कूल में हवन के साथ नया सत्र शुरू

अनंत ज्ञान, गगल। आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में हवन किया गया, जिसमें स्कूल के सभी अध्यापकों और बच्चों ने हवन में भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुभाष डालेरिया और वर्षा रानी ने भी हवन में आहुतियां डालीं। बच्चों की ओर से कीर्तन किया गया।

मेरा टिकट क्यों कटा, मुझे नहीं पता: तेजेंद्र कौर

आजाद प्रत्याशी तेजेंद्र कौर समर्थकों व परिवार के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम धर्मशाला के 17 वार्डों के चुनावों को लेकर नामांकन भरने के अंतिम दिन बीजेपी के दो बागी पार्षदों ने नामांकन भरा। मेरा टिकट क्यों काटा, ये मुझे भी पता नहीं। यह बात पूर्व डिप्टी मेयर तेजिंदर कौर ने बतौर आजाद प्रत्याशी नामांकन भरने के बाद कही।

उन्होंने कहा कि मुझे पूर्व सांसद स्व. किशन कपूर राजनीति में लाए थे। मैंने पिछले लंबे समय से पार्टी को अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनका पक्ष ही नहीं सुना तथा उनकी टिकट काट दी। अब मैंने आजाद प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरा है, वेट एंड वॉच। उन्होंने कहा कि मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव में उन पर क्रॉस वोटिंग के आरोप लगाना गलत है। पूर्व विधायक विशाल नेहरिया ने भी उन पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वह 15 साल पार्षद व डिप्टी मेयर रही हैं। लोगों को उन पर विश्वास है तथा उसी विश्वास पर चुनाव में उतरी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों तथा नेताओं ने उनकी बात तक नहीं सुनी तथा बिना कोई कारण स्पष्ट किए मेरा टिकट काट दिया। कांग्रेस में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं भाजपा से जुड़ी रही हूं तथा किसी पार्टी में न जाते हुए वो जनता के भरोसे चुनाव लड़ रही हैं।

आजाद प्रत्याशी के तौर पर भरा नामांकन कहा- वेट एंड वॉच

नगर निगम चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने दिखाया दम

अपने नेताओं, समर्थकों संग नामांकन भरने पहुंचे प्रत्याशी, आजाद प्रत्याशियों ने भीड़ से दर्ज करवाई उपस्थिति

भाजपा-कांग्रेस की ओर से जीत के दावे

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम धर्मशाला के चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने दम दिखाया। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी जहां अपने नेताओं व समर्थकों के साथ पहुंचे थे, वहीं आजाद प्रत्याशियों ने भी भीड़ जुटाकर अपनी उपस्थिति का एहसास करवाया।

नामांकन दर्ज होने के साथ ही भाजपा व कांग्रेस की ओर से अपने पार्षदों की जीत के दावे भी किए गए। गौरतलब है कि नगर निगम के 17 वार्ड हैं, जिनमें भाजपा की ओर से एक साथ सभी 17 वार्डों से प्रत्याशी घोषित किए गए थे, जबकि कांग्रेस ने तीन चरणों में प्रत्याशी घोषित किए। कांग्रेस की ओर से पहले 8, फिर 7 और अंत में 2 प्रत्याशियों की सूची जारी की। कांग्रेस की ओर से 9 और 13 वार्ड से प्रत्याशी फाइनल नहीं हुए थे, जिनकी सूची शनिवार को जारी की गई।

कुछ लोगों को लगता है कि पार्षद नहीं बनेंगे तो सांस नहीं आएगी: सुधीर

धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अधिकतर युवा व नए चेहरे नगर निगम चुनाव में उतारे हैं। मुझे विश्वास है कि धर्मशाला में भाजपा अपार बहुमत से जीत दर्ज करेगी। पिछले एक दशक के नगर निगम के कार्यकाल को देखते हुए जनता में विकास को लेकर रोष भी है, क्योंकि जो लोग धरातल पर उतरनी चाहिए थी, वो नहीं उतर पाई। टिकट कटने से नाराज होकर आजाद चुनाव लड़ रहे पूर्व मेयर व डिप्टी मेयर को लेकर सुधीर ने कहा कि कुछ लोगों को यह लगता है कि वे पार्षद नहीं बनेंगे तो शायद उन्हें आक्सीजन ही नहीं आएगा, सांस ही नहीं मिल पाएगी, यह भी देखना जरूरी है कि बतौर पार्षद उनके कार्यकाल में शहर के लिए क्या योगदान रहा है। जो प्रत्याशी उतारे हैं, मैं भी उनके लिए कार्यकर्ता हूं, मैं भी उनके लिए कार्य करूंगा।

वार्ड 9 से सुमित 13 से संदीप कांग्रेस प्रत्याशी: जग्गी

कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने कहा कि शनिवार को पांच प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही कांग्रेस के सभी 17 प्रत्याशी नामांकन दर्ज चुके हैं। विकास के नाम पर विश्वास के साथ कांग्रेस चुनाव मैदान में उतर रही है। वार्ड सात से वाल्मीकि समुदाय की ओर से किए गए विरोध पर कहा कि गतिरोध चलता रहता है, उस बारे उनसे बैठक कर चर्चा की जाएगी। वार्ड 13 से सविता कार्की लंबे समय से चुनाव लड़कर जीत दर्ज करती रही हैं, इस बार स्वास्थ्य कारणों से वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती थी, जिसके चलते संदीप बैंस को प्रत्याशी बनाया गया है, वहीं वार्ड 9 से सुमित को प्रत्याशी बनाया है।

नामांकन प्रक्रिया खत्म होते ही दिखने लगा विरोधाभास

वार्ड 7 से कांग्रेस -भाजपा ने दी देवरानी-जेठानी को टिकट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम चुनावों की नामांकन प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हो गई। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होते ही अब वार्ड नंबर 7 में विरोधाभास के स्वर भी उठने लगे हैं। इस वार्ड में भाजपा और कांग्रेस ने एक ही घर की देवरानी और जेठानी को टिकट दे दी है ऐसे में इस वार्ड के स्थानीय लोगों में यह विरोधाभास उठना शुरू हो गया है कि क्या इस वार्ड में कोई और काबिल नहीं था जो एक ही घर में दोनों पार्टियों ने टिकट दे दी।

वाल्मीकि सभा के प्रधान रमन कुमार ने कहा कि जब वार्ड नंबर 7 को एसी वुमन के लिए रिजर्व किया था तो दोनों दलों ने वाल्मीकि समुदाय के किसी व्यक्ति को टिकट क्यों नहीं दी। उन्होंने दोनों दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्या वाल्मीकि समुदाय इन नेताओं के लिए के लिए केवल वोट बैंक है। उन्होंने कहा कि इन नगर निगम चुनावों में वाल्मीकि समुदाय कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में अपना मतदान नहीं करेगा, बल्कि अपने वार्ड से एक आजाद उम्मीदवार इन चुनावों में उतारेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों दलों की ओर से वाल्मीकि समुदाय की अनदेखी की गई है, नहीं तो इस समाज से भी किसी व्यक्ति को टिकट दिया जा सकता था। कांग्रेस नेता दवेंद्र जग्गी ने कहा कि मामला उनके ध्यान में आया है और वह इस वार्ड में जाकर वाल्मीकि समुदाय के लोगों से बैठक करेंगे। इस मसले पर बात करेंगे और पूरे वाल्मीकि समुदाय इन नगर निगम चुनावों में साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा यही लक्ष्य रहा है कि सभी समुदायों को साथ लेकर चले और उनका विकास सुनिश्चित किया जा सके।

वहीं, भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा ने किसी समुदाय की अनदेखी नहीं की है और भाजपा ने इन नगर निगम चुनावों में वार्ड नंबर 5 खजांची मोहल्ले से अरुणा कुमारी को टिकट दिया है वह भी वाल्मीकि समुदाय से संबंधित है। भाजपा सबका साथ सबका विकास की बात हमेशा करती है और इसी लक्ष्य पर चलती है। उन्होंने कहा कि अगर फिर भी किसी बात को लेकर वार्ड नंबर 7 के वाल्मीकि समुदाय के लोगों में कोई मनमुटाव है, तो उनसे साथ बैठक कर बात की जाएगी और इस मनमुटाव को दूर किया जाएगा।

वाल्मीकि समुदाय बोला-क्या हमारा समुदाय केवल वोट बैंक

महिलाओं को पेपर बैग व फाइल बनाने का दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), धर्मशाला ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पेपर बैग और फाइल निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम का समापन आरसेटी निदेशक मदन लाल की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें डोमेन विशेषज्ञ हरबंस लाल, ईडीपी विशेषज्ञ आरएस कटोच और अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में 29 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें विभिन्न प्रकार के पेपर बैग और फाइल बनाने की तकनीक सिखाई गई। निदेशक ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के स्थान पर कागज के बैग अपनाने का संदेश दिया। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि पेपर बैग एवं फाइल निर्माण कम लागत में शुरू किया जा सकता है, जिससे महिलाएं घर से ही आय अर्जित कर सकती हैं। संस्थान भविष्य में सिलाई-टेलरिंग, फास्ट फूड, और मशरूम उत्पादन जैसे अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करेगा।

परमार का नगर निगम पालमपुर को लेकर हमला, विफलताओं का काला सच बताया

कांग्रेस शासित नगर निगम की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। नगर निगम पालमपुर के चुनाव प्रभारी विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस शासित नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे 'विफलताओं का काला सच' बताया। उन्होंने कहा कि शहर में हर मोर्चे पर प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है।

परमार ने सबसे पहले आवारा पशुओं की समस्या उठाते हुए कहा कि पालमपुर और राजपुर क्षेत्र में बेसहारा पशुओं का आतंक बढ़ गया है, जिससे हाल ही में एक व्यक्ति की मौत भी हुई, लेकिन प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि 460 मकानों की स्वीकृति के बावजूद 193 का निर्माण शुरू नहीं हुआ, जिससे गरीबों को नुकसान हो रहा है। टैक्स नीति पर भी उन्होंने कांग्रेस पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि अब गार्बेज और हाउस टैक्स से जनता पर बोझ डाला जा रहा है। सफाई व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद शहर में गंदगी बनी हुई है। ड्रेनेज सिस्टम और सीवरेज योजना को भी उन्होंने अव्यवस्थित बताया और कहा कि सड़कों को खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम पालमपुर में कांग्रेस का शासन पूरी तरह विफल हो चुका है और जनता अब बदलाव के लिए आगे आना चाहिए।

माउंट कार्मल स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत



अनंत ज्ञान, गगल। माउंट कार्मल स्कूल सनौरा का आईसीएसई दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के निदेशक फादर मैथ्यू व फादर जॉनसन ने बताया कि स्कूल में दसवीं कक्षा के कुल 106 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। इसमें से 9 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी 30 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी और 34 विद्यार्थियों ने 70 फीसदी और 25 विद्यार्थियों ने 60 फीसदी से अधिक अंक लिए। माउंट कार्मल स्कूल के दसवीं कक्षा के परीक्षा में स्कूल की ओर से पहले तीन स्थानों पर लड़कों का दबदबा रहा।

इसमें आर्यन कौशल ने 97.2 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान, आर्यन सिंह ने 95.2 फीसदी अंक लेकर दूसरा और ऋषि राजवंश ने 94.2 फीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। फादर जॉनसन प्रधानाचार्य सिस्टर टीना और अध्यापकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी और सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

खेलकूद

धर्मशाला में बेटियों का जोरदार स्वागत, एशियन बीच गेम्स में अपने कौशल का लोहा मनवाया

चीन में गोल्ड पर कब्जा कर लौटी बेटियां

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। चीन में गोल्ड पर कब्जा जमा कर लौटी बेटियों का धर्मशाला में जोरदार स्वागत हुआ। साई हॉस्टल धर्मशाला की छात्राओं ने चीन में आयोजित एशियन बीच गेम्स में अपने कौशल का लोहा मनवाया है।

बेटियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा की पहली सीढ़ी चढ़ी है, आगे भी यह क्रम जारी रहेगा, जिसके लिए मेहनत जारी रखी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाकर लौटीं हिमाचल की दो स्टार कबड्डी खिलाड़ी निकिता चौहान और सिमरन कंबोज एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी कर्मभूमि धर्मशाला स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) हॉस्टल धर्मशाला पहुंची। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय साई हास्टल के अनुशासन, आधुनिक सुविधाओं और कोचों की कड़ी मेहनत को दिया।

साई हॉस्टल कोच पूजा ठाकुर के साथ गोल्डन गर्ल्स निकिता चौहान और सिमरन कंबोज। अनंत ज्ञान

जीत के पीछे साई हॉस्टल कोचों का अटूट विश्वास: पूजा

कबड्डी कोच पूजा ठाकुर ने कहा कि जीत के पीछे साई हॉस्टल के कोचों का अटूट विश्वास है। स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को परिवार की तरह सपोर्ट किया, जिससे सभी खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत बन पाए। आज खुशी इस बात की होती है कि कम समय में ही धर्मशाला का ये साई केंपस देशभर में नामी कैंपस हो चुका है क्योंकि पूरी टीम में आधी टीम तो इसी सेंटर से चुनी हुई होती है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस सेंटर और यहां से कोचिंग लेने वाले खिलाड़ियों का भविष्य कैसा होगा।

साई हॉस्टल रहा टर्निंग प्वॉइंट

गोल्डन गर्ल्स ने मीडिया से बातचीत में साई हास्टल धर्मशाला को अपने करियर का टर्निंग प्वॉइंट बताया। उन्होंने बताया कि यहां मिलने वाली हाई-एल्टीट्यूड ट्रेनिंग और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैट सुविधाओं ने उनके खेल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। खिलाड़ियों ने विशेष रूप से अपने कोचों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने न केवल उनकी तकनीक पर काम किया बल्कि मुश्किल समय में उनका मनोबल भी बढ़ाए रखा।

सीनियर को देखकर मिली प्रेरणा: निकिता

गोल्डन गर्ल निकिता चौहान ने अपने साथी खिलाड़ियों को याद करते हुए कहा कि हम अपने सीनियर खिलाड़ियों को देखकर प्रेरित हुई हैं। धर्मशाला सेंटर में जो सहयोगी माहौल है, वह किसी भी खिलाड़ी को चैंपियन बनाने के लिए काफी है।

महिलाओं की भी हो प्रो कबड्डी: सिमरन

गोल्डन गर्ल सिमरन कंबोज ने कहा कि साई हास्टल धर्मशाला की डाइट और ट्रेनिंग का ही परिणाम है कि हम चीन में अंतरराष्ट्रीय दबाव को झेल सके। यहां की सुविधाओं की जितनी सराहना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि बेटियों को भी बेटों की मानिंद खेलों में तवज्जो दी जाए। उन्होंने महिलाओं की प्रो कबड्डी की भी मांग की।

प्रदेश में युवाओं को लेकर हुए सर्वे के परिणाम चौंकाने वाले: शांता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल की युवा पीढ़ी के संबंध में एक अत्यंत महत्वपूर्ण सर्वे हुआ है, जिसके परिणाम चौंकाने वाले और बहुत चिंताजनक हैं। पीजीआई और नेशनल हेल्थ मिशन के अध्ययन के अनुसार, हिमाचल के 11 हजार किशोरों पर किए गए इस सर्वे के अनुसार 53 फीसदी किशोर तनाव से जूझ रहे हैं। 14 फीसदी तो अवसाद अर्थात डिप्रेशन के शिकार हैं। सबसे चिंता का विषय यह है कि 5 फीसदी किशोरों में आत्महत्या के विचार पाए गए। इनमें 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के किशोर आत्महत्या के विचारों से अधिक प्रभावित पाए गए। शांता ने कहा कि इस मानसिक तनाव के कारणों में अपने करियर को लेकर चिंता चारों तरफ बढ़ती बेरोजगारी के कारण अपने भविष्य के संबंध में चिंता-सर्वे के अनुसार अधिकतर किशोर किसी न किसी तनाव में जी रहे हैं। हिमाचल प्रदेश, देश के पांच संपन्न प्रदेशों में गिना जाता है। फिर भी इस प्रदेश की युवा पीढ़ी इस प्रकार के मानसिक तनाव में जी रही है। शांता ने सरकार और समाज से आग्रह किया है कि इस संकट की तरफ विशेष ध्यान दिया जाए। मेरा सुझाव है कि आज के युवा पीढ़ी को संभालने के लिए योग और नैतिक शिक्षा को एक अनिवार्य विषय बनाकर बच्चों को पढ़ाया जाए। बढ़ती जनसंख्या को रोका जाए। यदि सम्पन्न हिमाचल का यह हाल है तो भारत के अन्य प्रदेशों की क्या स्थिति होगी। इस विषय पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

11 हजार किशोरों में किए सर्वे में 53 फीसदी किशोर तनाव के शिकार

धर्मशाला-मैक्लोडगंज में वीकेंड पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था

पर्यटकों की भारी आमद को लेकर हो रही तैनाती, 24 घंटे काम कर रहा डीपीसीआर

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है। देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों से पर्यटक कांगड़ा घाटी विशेषकर धर्मशाला व मैक्लोडगंज पहुंच रहे हैं।

ऐसे में पर्यटकों को किसी तरह की असुविधा न हो व जाम की समस्या से पर्यटकों को न जूझना पड़े, उसके लिए पुलिस की ओर से अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। पिछले वीकेंड से शुरू की गई यह व्यवस्था इस वीकेंड पर भी यथावत है। इसके अतिरिक्त पुलिस को मिले अत्याधुनिक वाहनों की सुविधा का भी अप्रिय गतिविधि से बचने के लिए किया जा रहा है। जिला पुलिस की ओर से स्थापित डिजिटल पुलिस कंट्रोल के माध्यम से धर्मशाला-मैक्लोडगंज सहित पूरे जिला में सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है।

◆ सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही नजरः एसपी

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान वीकेंड पर धर्मशाला व मैक्लोडगंज में भारी भीड़ देखी गई है। पर्यटकों को जाम की समस्या न जूझना पड़े, इसके लिए पुलिस ने शुक्रवार दोपहर बाद या शनिवार सुबह से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाते हैं। पिछले सप्ताह से यह व्यवस्था शुरू की गई है। इससे यातायात जाम की समस्या दूर करने का प्रयास जिला पुलिस की ओर से किया जा रहा है। बकौल एसपी सुरक्षा के मुद्देनजर जिला पुलिस का डिजिटल पुलिस कंट्रोल रूम भी 24 घंटे कार्य कर रहा है। ऐसे में धर्मशाला, मैक्लोडगंज सहित पूरे जिले में कोई भी गतिविधि सीसीटीवी के माध्यम से नजर आती है तो तभी डीपीसीआर से अलर्ट चला जाता है तथा उस पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। पुलिस के पास एंटीसेप्टर व्हीकल भी है, ऐसे में वीकेंड पर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ एंटीसेप्टर वाहनों की सुविधा भी उपलब्ध है।

सर्व सचिव उत्थान संगठन ने कृषि मंत्री प्रो. चंद्र से की मुलाकात, दुग्ध मूल्य वृद्धि के फैसले का किया स्वागत

अनंत ज्ञान

ऊषा जरियाल, जवाली। सर्व सचिव उत्थान संगठन हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में प्रस्तुत बजट में गाय तथा भैंस के दूध के दाम क्रमशः 61 और 71 रुपए प्रति लीटर किए जाने के निर्णय का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार का आभार व्यक्त किया।

कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से दुग्ध उत्पादकों को उनकी राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित करने का निर्णय भी सराहनीय कदम है, जिससे पारदर्शिता और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित होगा। संगठन के पदाधिकारियों ने मंत्री के समक्ष यह मांग भी रखी कि प्रदेश की कई दुग्ध सहकारी समितियों की ओर से उत्पादकों को पहले ही अग्रिम भुगतान किया जा चुका है। ऐसे में डीबीटी प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कम से कम दो माह का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाए, ताकि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। कृषि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उचित स्तर पर विचार करने का आश्वासन दिया।

हैप्पी बर्थडे

रक्कड़ रामनगर के अक्षत धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

सुधीर शर्मा ने हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का किया स्वागत

अनंत ज्ञान

◆ बोले- हम और वे की मानसिकता समाज में करती है विभाजन

◆ कांग्रेस नेताओं की भाषा से देश का आमजन आहत

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने हमीरपुर सदर से विधायक आशीष शर्मा के चाचा और भाई को जमानत मिलने को भी सच्चाई की जीत बताया है। शनिवार को धर्मशाला से जारी बयान में सुधीर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच के मुद्दे पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि ऐसी भाषा संविधान के मूल मूल्य बंधुत्व के खिलाफ है और समाज की नैतिक संरचना को कमजोर करती है। उन्होंने कहा कि अदालत ने सभी नागरिकों और सार्वजनिक व्यक्तियों से अपील की कि वे अपने शब्दों के प्रभाव को समझें और जिम्मेदारी के साथ अपनी बात रखें।

सुधीर शर्मा ने कहा कि हम सभी को शब्दों का सही चयन करना चाहिए। शब्दों का सही चयन ही समाज को नई दिशा दे सकता है। सुधीर ने कहा कि देश भर और हिमाचल में कांग्रेस नेता जिस स्तर की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे आमजन आहत है। उन्होंने कहा कि 'हम' और 'वे' की भावना ही समाज में विभाजन का कारण बनती है। भाजपा हर वर्ग का सम्मान करती है। भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जो आम परिवार से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने का मौका देती है। दूसरी ओर सुधीर ने हमीरपुर सदर विधायक आशीष शर्मा के चाचा प्रवीण शर्मा और भाई उमेश शर्मा को सेशन जज हमीरपुर अदालत जमानत मिलने के फैसला का स्वागत किया है। बीते 15 अप्रैल को एसीजीएम अदालत से दोनों को पुलिस रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 17 दिन जेल में काटने के बाद अब सेशन जज की अदालत से दोनों को नियमित जमानत मिल गई है। सुधीर शर्मा ने कहा कि उन्हें न्याय प्रणाली पर भरोसा है। यह सच्चाई की जीत है।

राहुल पर बरसीं रविता भारद्वाज बोलीं- किस मुंह से हिमाचल की महिलाओं का करेंगे सामना

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। कांगड़ा जिले के दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रविता भारद्वाज ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस की महिला विरोधी सोच को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि आखिर किस मुंह से राहुल गांधी हिमाचल की महिलाओं के बीच जाने की बात करते हैं, जबकि संसद में महिला आरक्षण बिल के दौरान कांग्रेस का असली चेहरा पूरे देश ने देखा है। रविता भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल की महिलाएं अब जागरूक हैं और कांग्रेस की कथनी और करनी के फर्क को भलीभांति समझती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां शुरू से ही महिला विरोधी रही हैं और हर बार महिलाओं के नाम पर सिर्फ राजनीति की गई है।

उन्होंने कहा कि आज जब कांग्रेस खुद को महिलाओं का हितैषी दिखाने की कोशिश कर रही है, तब हिमाचल की महिलाएं उनसे जवाब मांग रही हैं कि संसद में महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर उन्होंने क्या रुख अपनाया था। अब दिखावे की राजनीति से काम नहीं चलेगा, महिलाएं सब समझती हैं और समय आने पर इसका जवाब भी देंगी। रविता भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार और संगठन हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रहा है, जबकि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के मुद्दों पर दोहरे रवैये से भरा पड़ा है।

छात्रों को प्रोजेक्ट डेवलपमेंट, डेटा मैनेजमेंट और एआई आधारित समाधानों की दी जानकारी

एआई एवं वेब डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने 45 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और वेब डेवलपमेंट पर आधारित था, जिसका मार्गदर्शन नेक्सराइज स्किल्स, कांगड़ा से आए प्रोजेक्ट गाइड अनिमेष शर्मा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को पायथन, माईएसक्यूएल, फ्लास्क फ्रेमवर्क, मशीन लर्निंग और अन्य एआई मॉड्यूल्स पर कार्य करने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने इन तकनीकों का उपयोग करते हुए कई उपयोगी प्रोजेक्ट्स विकसित किए, जो उनकी तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक ज्ञान में महत्वपूर्ण वृद्धि का कारण बने।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी रुझानों से अवगत कराना और उन्हें रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करना था। अनिमेष शर्मा ने अपने अनुभव के माध्यम से छात्रों को प्रोजेक्ट डेवलपमेंट, डेटा मैनेजमेंट और एआई आधारित समाधानों की गहन जानकारी दी।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी बताते हुए इसे अपने भविष्य के लिए लाभकारी अनुभव माना। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

सांसद सुखजिंदर रंधावा ने साइबर क्राइम में दर्ज कराई शिकायत

अनंत ज्ञान, गुरदासपुर। गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पंजाब पुलिस की साइबर क्राइम शाखा में एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सोशल मीडिया पर उनकी मौत की झूठी अफवाह फैलाने के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। यह अफवाह एक फर्जी पोस्ट के रूप में फैलाई गई, जिसमें दुर्घटना में उनकी मौत का दावा किया गया था। इस पोस्ट में एक मीडिया हाउस के नाम और पहचान का भी इस्तेमाल किया गया था, लेकिन सत्यापन में यह पाया गया कि उस मीडिया हाउस ने ऐसी कोई खबर प्रकाशित नहीं की थी। रंधावा ने साइबर क्राइम सेल से दोषियों का पता लगाने और उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से भ्रामक पोस्ट को हटाने का भी आग्रह किया। रंधावा ने अपनी पोस्ट के जरिए अपने समर्थकों को सूचित किया कि वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी।

कुठमा गांव में आग लगने से मकान राख

अनंत ज्ञान, गगल। कुठमा गांव में शुक्रवार रात को कांगड़ा हवाई अड्डे के पास एक घर में आग लगने से काफी नुकसान हुआ। घटना की जानकारी देते हुए गगल पुलिस थाना प्रभारी उधम सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। गगल पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को घटनास्थल से दूर किया तथा शाहपुर अग्निशमन विभाग से आई गाड़ी की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मकान का मालिक अजीत सिंह तो शराब के नशे में था तो उसके भाई से पूछे जाने पर उसने घर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात कही। पुलिस ने बताया कि हादसे में कोई जानी नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन मकान और सामान जल कर राख हो गया।

पूर्व मुख्यमंत्री शांता ने नगर निगम पालमपुर के भाजपा प्रत्याशियों को दिया जीत का मंत्र

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। पालमपुर नगर निगम पालमपुर के चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात भाजपा ने अपनी चुनावी गतिविधियों को धार दे दी है।

इसी कड़ी में भाजपा के सभी 15 वार्डों के प्रत्याशियों ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता शांता कुमार से उनके निवास स्थान पर भेंट की। भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर के नेतृत्व में पहुंचे इन प्रत्याशियों को शांता कुमार ने अपना आशीर्वाद दिया और जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। शांता ने कहा कि आज मैं अपने सामने भविष्य की नगर निगम देख रहा हूं। शांता भावुक और आत्मविश्वास से भरे नजर आए। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने सामने केवल प्रत्याशी नहीं, बल्कि पालमपुर नगर निगम के आने वाले पार्षदों को बैठा देख रहा हूं। जन-कसौटी पर यह सभी 15 प्रत्याशी खरे उतरेंगे और भारी बहुमत से जीत कर आएंगे। शांता ने इस बात की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सम्मान का विषय है कि भाजपा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरने के बाद मेरे निवास पर आकर चुनाव प्रचार का शुभारंभ किया है। शांता ने प्रत्याशियों को चुनाव लडने की बारीकियां समझाते हुए उन्होंने प्रत्याशियों से आह्वान किया है कि चुनाव को पूरी गंभीरता और चुनाव की तरह ही लड़ें और हर मतदाता तक पहुंचना अनिवार्य है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के चुनावी माहौल का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि वहां भाजपा जीत रही है, तो पालमपुर में भी भाजपा की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ने आपसी सहमति से योग्य और जनता के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को टिकट देकर बिना शोर मचाए पहला चुनौती पूर्ण पड़ाव शानदार तरीके से पूरा कर लिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से भेंट करते 15 वार्डों के प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

शांता ने कहा कि यह सभी प्रत्याशी पालमपुर की समस्याओं को बखूबी समझते हैं और विकास के लिए पूरी तरह तत्पर हैं। उन्होंने पालमपुर नगर निगम में महिलाओं को संवैधानिक आरक्षण से भी ज्यादा लगभग 75 फीसदी सीटों पर महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारने पर पार्टी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए अत्यंत खुशी जाहिर की।

शाहपुर नगर पंचायत चुनाव के लिए 29 उम्मीदवारों ने ठोंकी अपनी दावेदारी

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। नगर पंचायत शाहपुर के आगामी चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन के अंतिम दिन तक विभिन्न वार्डों से उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। 29 अप्रैल, 30 अप्रैल और 2 मई तक नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर 1 से 7 तक कुल मिलाकर दर्जनों उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतर चुके हैं, जिससे इस बार मुकाबला काफी रोचक होने की संभावना है। वार्ड नंबर 1 से 4, वार्ड नंबर 2 से 2, वार्ड नंबर 3 से 4, वार्ड नंबर 4 से 3 वार्ड नंबर 5 से 5, वार्ड नंबर 6 से 8 और वार्ड 7 से 3 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। कुल 29 उम्मीदवारों ने नगर पंचायत शाहपुर चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है।

रोचक होंगे मुकाबलेः खासकर वार्ड नंबर 6 में सबसे अधिक उम्मीदवार होने से यहां मुकाबला बेहद दिलचस्प माना जा रहा है। वहीं अन्य वार्डों में भी सीधी टक्कर के आसार बन रहे हैं। अब नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी होगी, जिसके बाद चुनाव प्रचार तेज हो जाएगा। नगर पंचायत शाहपुर के इन चुनावों में इस बार नए चेहरों के साथ-साथ अनुभवी उम्मीदवार भी मैदान में हैं, जिससे मुकाबला और भी कड़ा होने की संभावना है।

नगर निगम पालमपुर चुनाव के लिए विभिन्न वार्डों से कुल 64 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

अनंत ज्ञान

पालमपुर। नगर निगम पालमपुर के आगामी चुनावों के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया शनिवार को संपन्न हो गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने बताया कि पालमपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों के लिए कुल 64 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कार्यालय में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों का तांता लगा रहा।

डॉ. यादव ने बताया कि नामांकनों की छंटनी 4 मई को की जाएगी। इस दौरान दस्तावेजों की वैधता और नियमों की पालना सुनिश्चित की जाएगी। इस प्रक्रिया के बाद चुनाव चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। 6 मई को नामांकन वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

नामांकन पत्र दाखिल करता प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

अंतिम दिन 44 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

नामांकन के पहले दिन दो, दूसरे दिन 18 और आज अंतिम दिन 44 नामांकन दाखिल हुए हैं। एसडीएम ने सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को वार्ड 11 से किरना देवी, वार्ड 15 से लता देवी, 30 अप्रैल को वार्ड 1 से हुकम सिंह, वार्ड 2 राधा सूद, सोना सूद, वार्ड 3 से प्रीति राणा, गुरमीत कौर, वार्ड 4 से अनिशा, प्रीति वालिया, वार्ड 5 से अनीश नाग, वार्ड 6 से सोनिया शर्मा, वार्ड 8 से रितेश ठाकुर, कल्याण सिंह, वार्ड 9 से, मीनू देवी, रेनू वाला, वार्ड 12 से ललित कुमार शर्मा, रवि कुमार, वार्ड 13 से वर्षा कुमारी, नीता देवी, वार्ड 14 से मोनिका शर्मा, 2 मई को वार्ड 1 से ललित कुमार, इंद्र पाल, रमेश चंद, राहुल पीटर, वार्ड 2 से नेहा भाटिया, पूजा शर्मा, वार्ड 3 से रणजीत कौर, हरमीत कौर, वार्ड 4 से शैलजा चौहान, शशि, वार्ड 5 से संजीव कुमार, पूनम शर्मा, रविंद्र कुमार, जैसी राम, वार्ड 6 से मुनीषा शर्मा, श्वेता शर्मा, कविता मिन्हास, शिवानी, वार्ड 7 से मंजू वाला, कमला, सविता राठौर, संध्या देवी, वार्ड 8 से सुरिंद्र ठाकुर, विशाल ठाकुर, वार्ड 9 से कमलेश कुमारी, निशा राज, वार्ड 10 से सुमन कटोच, मीनाक्षी सूद, नीलम मलिक, विशाल शर्मा, वार्ड 11 से मिलाप चन्द धीमान, प्रोमिला देवी, बृज भूषण, नरेश कुमार, वार्ड 12 से निशा देवी, अमित शर्मा, वार्ड 13 से अंचना, कल्पना देवी, वार्ड 14 से लता कुमारी, अनीता देवी, रुचिका देवी, वार्ड 15 से संतोष कुमार, राज कुमार, भीखम राम ने नामांकन पत्र भरे हैं।

टीएमसी में कार्डियोलॉजी ओपीडी पर ताला, पवन काजल ने जताई चिंता

मुख्यमंत्री से की इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी ओपीडी पर ताला लगाए जाने को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि ओपीडी बंद होने से गरीब मरीज इलाज के लिए भटकने को मजबूर हैं। काजल ने सरकार से सवाल किया कि क्या यही वह विश्व स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था है, जिसका सपना मुख्यमंत्री जनता को दिखा रहे थे।

काजल ने बताया कि टांडा मेडिकल कॉलेज की स्थिति सरकार के दावों की पोल खोलती है। कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी बंद होने से दूर-दराज से आए हृदय रोगी, विशेषकर बुजुर्ग महिलाएं, बिना इलाज के वापस लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार कैथ लैब पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ डॉक्टरों की कमी के कारण ओपीडी बंद पड़ी है। विधायक काजल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से टांडा मेडिकल कॉलेज की स्थिति सुधारने के लिए व्यक्तिगत हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और खराब सुविधाओं ने सरकार की नीयत और नीति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कृषि एवं पशुपालन कार्यों की दी सलाह

अनंत ज्ञान, पालमपुर। प्रसार शिक्षा निदेशालय, चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने मई माह के पहले पखवाड़े के लिए कृषि एवं पशुपालन कार्यों के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी है। धान की खेती के लिए दोमट मिट्टी उपयुक्त है, और नर्सरी बुआई 4 सप्ताह पहले करने की सिफारिश की गई है। मक्का की बीजाई 15 मई से जून के पहले सप्ताह में की जा सकती है, और मक्का चारा उत्पादन के लिए भी उपयुक्त है। सब्जी उत्पादन में हिमाचल प्रदेश के निचले क्षेत्रों में टमाटर, बैंगन, मिर्च की निराई-गुड़ाई करने की सलाह दी गई है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फूलगोभी और अन्य सब्जियों की निराई-गुड़ाई की जाए। पशुपालन के लिए मई माह में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षण देखे जा सकते हैं, इसलिए पशुओं को ताजा पानी और ठंडा स्थान उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है। मछलीपालकों को अपने तालाबों में 5-6 फीट पानी की गहराई रखने की सलाह दी गई है ताकि गर्मी के महीनों में मछलियों को इष्टतम तापमान मिल सके।

सरकारी तंत्र की बेरुखी ऐतिहासिक तालाब के अस्तित्व पर पड़ रही भारी

अनंत ज्ञान

प्रवेश शर्मा, परागपुर। चिराग तले अंधेरा वाली कहावत परागपुर के ऐतिहासिक तालाब पर सटीक बैठती है। तहसील परिसर के बिल्कुल नाक के नीचे स्थित यह सरकारी तालाब प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

तालाब में लंबे समय से लीकेज की समस्या है, जिसे ठीक करने की जहमत आज तक किसी ने नहीं उठाई। आलम यह है कि जब रिसाव वाली जगह पर कुदरती तौर पर काई फंस जाती है, तब तो पानी का स्तर थोड़ा संभल जाता है, लेकिन काई हटते ही पानी फिर से एक फुट नीचे चला जाता है। प्रशासन की कार्यप्रणाली का इससे बड़ा मजाक क्या होगा कि एक तालाब की मरम्मत अब प्रकृति के भरोसे छोड़ दी गई है। अब गर्मी ने रही-सही कसर पूरी कर दी और शेरनुमा मुख से पानी गिरना भी बंद हो गया है, जिससे तालाब अब एक गड्ऐ के समान नजर आने लगा है।

तालाब में लंबे समय से लीकेज की है समस्या। अनंत ज्ञान

प्रशासन की लापरवाही पर कर्ण पंडित, दीपक पटियाल, ऋषभ सूद, राजीव धीमान, परविंदर ठाकुर, विभु सूद, अखिलेश सोनी, नीरज शर्मा, सेंटी शाह और संदीप सूद ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि इस तालाब की मालिक प्रदेश सरकार है, लेकिन सरकार और उसके नुमाइंदे अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। बार-बार अवगत करवाने के बावजूद प्रशासन का मौन रहना यह दर्शाता है कि उन्हें इस ऐतिहासिक विरासत की कोई परवाह नहीं है। इस लापरवाही के दुष्परिणाम भी अब साफ दिखने लगे हैं। तालाब का पानी सूखने से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि ठहरे हुए कम पानी में गंदगी और बीमारियां पनपने का खतरा भी बढ़ गया है। विरासत गांव का दर्जा रखने वाले परागपुर के लिए यह शर्म की बात है कि उसकी आंखों के सामने एक ऐतिहासिक पहचान खत्म हो रही है। इस लीकेज को बंद कर पानी की बहाली नहीं की गई और इसका सौंदर्यीकरण नहीं हुआ, तो आने वाली पीढ़ियां इस बदहाली के लिए मौजूदा प्रशासन को कभी माफ नहीं करेंगी।

शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में दी बाल अधिकारों, पोक्सो अधिनियम की जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा ने शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल धर्मशाला में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बाल अधिकारों, पोक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के लाभ-हानियां और मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के उप-प्रधानाचार्य ने की, और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम का स्वागत किया। चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा के जिला समन्वयक मनमोहन चौधरी ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 और बाल अधिकारों जैसे किशोर न्याय अधिनियम, बाल यौन शोषण (पोक्सो अधिनियम), बाल विवाह, बाल मजदूरी और मानसिक प्रताड़ना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर भी प्रकाश डाला, यह बताते हुए कि मानसिक स्वास्थ्य किसी व्यक्ति के भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण का अभिन्न हिस्सा है। इसके साथ ही, सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले तनाव और मानसिक विकारों के बारे में चेतावनी दी गई। काउंसलर बलदेव ने नशा की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य पर भी बहुमूल्य जानकारी दी, जिससे बच्चों को स्वस्थ मानसिक स्थिति बनाए रखने की दिशा में मदद मिली।

न्यूज ब्रीफ

करंडोला प्लासी में 26 व बटराण में 30 को होगा मतदान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। विकास खंड नादौन की दो करंडोला प्लासी और बटराण पंचायत की मतदान की तिथियों में बदलाव किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए बताया कि बटराण पंचायत में 26 मई के बजाय अब 30 मई को मतदान होगा। करंडोला पंचायत प्लासी में अब मतदान 30 मई के बजाय अब 26 मई को होगा।

प्रो. सिकंदर का भाजयुमो ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान, नादौन। भारतीय जनता युवा मोर्चा नादौन के कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार के भारतीय ग्रैपलिंग संघ के चेयरमैन नियुक्त होने पर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। उनकी नियुक्ति को प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया गया। प्रो. सिकंदर कुमार नादौन विधानसभा क्षेत्र के कांगू के मूल निवासी हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आशीष राणा, महामंत्री आकाश व शौकत अली, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, अवनीश जम्वाल, हर्षित मिन्हास, कौशिक जरयाल, मुकेश जरियाल, अभिषेक प्रीत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

6 तक थानों में जमा करवाएं लाइसेंसी हथियार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। शहरी निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से करवाने के लिए डीसी गंधर्वा राठौड़ ने सभी हथियार लाइसेंसधारकों को 6 मई तक अपने हथियार व गोला-बारूद नजदीकी थाने या जिला मालखाने में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163, आर्म्स एक्ट-1959 और आर्म्स रूल्स-2016 के तहत जारी किया गया है। सभी एसडीएम को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की अवहेलना पर संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संजीव बने झनियारी कृषि सहकारी समिति के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। दी झनियारी कृषि सहकारी समिति के चुनाव शनिवार को आयोजित किए गए, जिसमें संजीव कुमार कानूनगो अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। काबिलेगौर है कि संजीव कानूनगो असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं तथा अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के कई पदों पर अपने सेवाकाल के दौरान कार्य कर चुके हैं। संजीव कुमार का कहना है कि वे सोसाइटी को आगे ले जाने व लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इन चुनावों में जोगिंदर कुमार को उप प्रधान बनाया गया है, जोकि जिला कोर्ट से रिटायर हुए हैं।

समाज सेवक ओम प्रकाश चंदेल का निधन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भारतीय सैन समाज हिमाचल प्रदेश के आजीवन सदस्य, समाज सेवक और प्रतिष्ठित व्यवसायी मधुर वाणी का 83 वर्ष की आयु में अंबाला (हरियाणा) में निधन हो गया। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन के 50 वर्ष जनसेवा में समर्पित किए। उन्हें 'डॉक्टर' के नाम से जाना जाता था, क्योंकि वे निशुल्क लोगों का इलाज करते थे, चाहे वह शरीर में दर्द हो या हड्डी का टूटना। भारतीय सैन समाज के प्रमुख सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

आईटीआई रैल ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। 18वीं जिलास्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई। समापन पर जिला पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया। वॉलीबाल में चमन प्राइवेट आईटीआई विजेता, खो-खो में आईटीआई रैल विजेता, कबड्डी में मां ज्वाला प्राइवेट आईटीआई विजेता और बैडमिंटन में आईटीआई सुजानपुर विजेता रहे। आईटीआई रैल ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती, जबकि अंकुश ठाकुर बेस्ट एथलिट रहे। पुलिस अधीक्षक ने खेलों में सक्रिय भागीदारी को प्रेरित किया और नशे से दूर रहने की सलाह दी।

नगर परिषद चुनाव : अंतिम दिन सुजानपुर में 17 ने भरा पर्चा

नगर परिषद के 9 वार्डों के लिए नामांकन भरने वाले की संख्या हुई 39

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। नगर परिषद सुजानपुर के नौ वार्डों के लिए हो रहे चुनावों के लिए नामांकन के अंतिम दिन कुल 17 नामांकन पत्र भरे गए। अब नगर परिषद के 9 वार्डों के लिए नामांकन भरने वाले लोगों की संख्या 39 हो गई है। एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों से लोगों ने अपने नामांकन भरे। नामांकन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था, जबकि दूसरे दिन 22 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। एसडीएम ने बताया कि नामांकन की अंतिम दिन कुल 17 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे। नामांकन भरने वाले 39 प्रत्याशियों में से महिलाओं की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। नगर परिषद सुजानपुर में महिलाओं के लिए पांच वार्ड रिजर्व रखे गए हैं, लेकिन इन वार्डों के अलावा भी अन्य रिजर्व वार्डों में महिलाओं ने नामांकन भरने में अपनी रुचि दिखाई है। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख 6 में रखी गई है, जबकि सुजानपुर में चुनाव 17 में को है। अब नामांकन पत्र वापस लेने की तारीख के बाद ही चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा।

39 प्रत्याशियों में से महिलाओं की संख्या 24 हुई। अनंत ज्ञान

सुजानपुर में वार्ड नंबर 4 में सबसे अधिक 7 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। नगर परिषद सुजानपुर के 9 वार्डों के लिए कुल 39 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। एसडीएम एवं नगर परिषद सुजानपुर के निर्वाचन अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन शनिवार को 17 नामांकन पत्र भरे गए। वार्ड नंबर-1 के लिए कुल 3 पर्चे भरे गए हैं। वार्ड नंबर-2 के लिए 4, वार्ड नंबर-3 के लिए 5, वार्ड नंबर-4 के लिए 7, वार्ड नंबर-5 के लिए 5, वार्ड नंबर-6 के लिए 4, वार्ड नंबर-7 के लिए 3, वार्ड नंबर-8 के लिए 5 और वार्ड नंबर-9 के लिए 3 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। 4 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच शुरू होगी तथा 6 मई को दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। इसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न जारी कर दिए जाएंगे। 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान की समाप्ति के बाद इसी दिन शाम को परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

नगर पंचायत भोटा में 11 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नगर पंचायत भोटा में शनिवार नामांकन के अंतिम दिन 11 उम्मीदवारों में नामांकन पत्र दाखिल किए। वार्ड नंबर 1 रविदास नगर से सरोज कुमारी, वार्ड नंबर 2 इंदिरा नगर से सन्नी शर्मा, वार्ड नंबर 3 कृष्णा नगर से सर्वजीत कौर, वार्ड नंबर 4 नारायण नगर से मनोरमा कुमारी, वार्ड नंबर 5 राजीव नगर से रजंना कतना, ज्योति धीमान, सपना सोनी, वार्ड नंबर 6 लोहिया नगर से कैप्टन मुख्तयार सिंह, वार्ड नंबर 7 ज्वाला नगर से शरण प्रसाद व संजय धीमान ने अपना नामांकन भरा। नगर पंचायत भोटा से पूर्व अध्यक्ष व पूर्व उपाध्यक्ष ने आजाद उम्मीदवार के रूप मे आज अपना नामंकन भरा। अब 6 तारीख मगलवार के दिन ही तय होगा कि कितने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरते हैं। 16 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। यह जानकारी एसडीएम बडसर स्वाति डोगरा ने दी।

सरिता कुमारी जैन ने समर्थकों के साथ भरा पर्चा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। नगर परिषद सुजानपुर के चुनाव के लिए 17 मई को मतदान होने जा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शनिवार को वार्ड नंबर 9 से पार्षद पद की उम्मीदवार सरिता कुमारी जैन ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर वह अपने परिवार और वार्ड के लोगों के साथ उपमंडल कार्यालय पहुंची और निर्वाचन अधिकारी विकास शुक्ला के समक्ष नामांकन प्रक्रिया पूरी की। नामांकन से पहले, सरिता कुमारी ने वार्ड नंबर 9 के चैबाटा मोहल्ला हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और पैदल मार्च करते हुए मुख्य बाजार से सचिवालय परिसर तक पहुंची। सरिता कुमारी ने बताया कि उन्होंने आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। उन्होंने जनता से वोट और समर्थन की अपील की, ताकि वार्ड में विकास कार्य समय पर पूरे हों और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

भोरंज में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की पहली रिहर्सल

सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की पहली रिहर्सल आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भोरंज। भोरंज मिनी सचिवालय के बैठक कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम शशि पाल शर्मा की अध्यक्षता में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की पहली रिहर्सल आयोजित की गई। इस दौरान भोरंज ब्लॉक की 44 ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त 57 अधिकारियों को पंचायतीराज चुनावों की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

एसडीएम ने कहा कि चुनावों का पहला और सबसे महत्वपूर्ण चरण नामांकन प्रक्रिया है, जिसे पूरी सावधानी और समझ के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उम्मीदवारों को नामांकन भरने की प्रक्रिया के बारे में सही जानकारी दी जाए, ताकि कोई त्रुटि न हो और चुनावी माहौल सौहार्दपूर्ण बना रहे। प्रशिक्षण में नामांकन से जुड़े आवश्यक दस्तावेजों, जैसे जाति प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, जमानत राशि, छंटनी प्रक्रिया और नाम वापसी की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि मतगणना पंचायत घरों में होगी, जिसके लिए बिजली और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि मतगणना को सीसीटीवी निगरानी में कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों से सक्रियता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

हमीरपुर में नीट के 5 परीक्षा केंद्रों में 2773 उम्मीदवार देंगे परीक्षा

अनंत ज्ञान

अनिल कुमार, हमीरपुर। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से 3 मई को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट (यूजी)-2026 के लिए हमीरपुर शहर और इसके आस-पास के शिक्षण संस्थानों में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन पांचों परीक्षा केंद्रों में कुल 2773 उम्मीदवार परीक्षा देंगे।

प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय मटाहणी में 408 उम्मीदवारों, एनआईटी में 720, नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय अणु में 960, केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में 181 और शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में 504 उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र होगा।

एनटीए के अलावा जिला प्रशासन की ओर से भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। बता दें कि नीट यूजी 2026 परीक्षा रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5.20 बजे तक पेन और पेपर आधारित होगी। उम्मीदवारों को सुबह 11 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा अंतिम प्रवेश दोपहर 1.30 बजे है। अनिवार्य वस्तुओं में प्रिंटेड एडमिट कार्ड, वैध पहचान पत्र (आधार-पैन), पासपोर्ट साइज फोटो और एक पारदर्शी पानी की बोतल शामिल हैं। नीट यूजी 2026 के लिए मुख्य निर्देश एडमिट कार्ड की आवश्यकता होगी जिसे वेबसाइट से डाउनलोड किया हो। इसके अलावा एडमिट कार्ड की प्रिंटेड कॉपी, जिस पर पासपोर्ट साइज फोटो और पोस्टकार्ड साइज फोटो लगी हो, अनिवार्य है। परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (फोन, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर), धातु की वस्तुएं, हैंडबैग और खाद्य पदार्थ लाना वर्जित हैं। नीट की परीक्षा को सफल बनाने के लिए पुलिस विभाग ने 63 कर्मचारी तैनात किए हैं जो यातायात व्यवस्था से लेकर परीक्षा केंद्र में उम्मीदवारों की पहचान कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति देंगे। इस प्रकार नीट यूजी की परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयार की है। जिले के परीक्षा केंद्रों के समन्वयक एवं उपायुक्त हमीरपुर के सहायक आयुक्त चिराग शर्मा ने बताया कि हमीरपुर शहर से दूर के परीक्षा केंद्रों जैसे-एनआईटी, एचपीटीयू, डिग्री कालेज और केंद्रीय विद्यालय के लिए बस स्टैंड पर सुबह 9 बजे से एचआरटीसी की बस सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। परीक्षा की समाप्ति पर शाम 5 बजे इन केंद्रों पर भी एचआरटीसी की बसें उपलब्ध रहेंगी। पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि नीट की परीक्षा के लिए 63 पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सफल बनाने के लिए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।

◆ **पांचों परीक्षा केंद्रों पर 63 पुलिस कर्मचारी तैनात**

राजपूत महासभा 9 को मनाएगी महाराणा प्रताप की 489वीं जयंती

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला राजपूत महासभा और राजपूत कल्याण सभा के पदाधिकारियों की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि हमीरपुर जिला मुख्यालय के टाउन हॉल में 9 मई को शनिवार के दिन सुबह 11 बजे महाराणा प्रताप की 489वीं जयंती का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिलेभर के राजपूत समुदाय के साथ-साथ सामान्य वर्ग के लोगों को निमंत्रण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के त्याग और राजपूत समुदाय की समाज के सभी वर्गों के लिए दी कुर्बानियों को याद करते हुए महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि दी जाएगी। बैठक में राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष और राजपूत महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, रघुवीर सिंह राणा, रसाल सिंह, महेंद्र भारद्वाज, भगवान दास, बलदेव सिंह, सुरेश कटोच, यशपाल मन्हास, डीएस डडवालिया, कैप्टन प्रकाश, धर्म सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए कमेटियों का गठन किया गया।

साइंटिफिक असिस्टेंट और लैब असिस्टेंट की परीक्षाओं के परिणाम किए घोषित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने साइंटिफिक असिस्टेंट (कैमिस्ट्री एंड टॉक्सीकोलॉजी), साइंटिफिक असिस्टेंट (डॉक्यूमेंट एंड फोटोग्राफी), लैब असिस्टेंट (कैमिस्ट्री एंड टॉक्सीकोलॉजी) और लैब असिस्टेंट (डॉक्यूमेंट एंड फोटोग्राफी) के पदों के लिए आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्टों के परिणाम घोषित कर दिए हैं। ये परिणाम आयोग की वेबसाइट hprca.hp.gov.in पर उपलब्ध हैं। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि उत्तीर्ण उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया 13 मई से सुबह 10 बजे आयोग के परिसर में शुरू होगी। उम्मीदवारों को उनके ईमेल पर शेड्यूल सूचित किया जाएगा, लेकिन कोई बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल और फोटो प्रतियां साथ लानी होंगी।

'काइंडनेस मंथ' की शुरुआत, विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों से जोड़ने की पहल

श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित किए जाएंगे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में शनिवार को 'काइंडनेस मंथ' का शुभारंभ किया गया। इस पहल को 'काइंडनेस चैलेंज मंथ' के रूप में मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में दया, करुणा और मानवीय मूल्यों को विकसित करना है।

इस अवसर पर पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को कविता, प्रेरक पंक्तियों और कहानी के माध्यम से जीवन में दया और सहानुभूति के महत्व को समझाया। उन्होंने सभी छात्रों को काइंडनेस चैलेंज की शपथ भी दिलाई। इस पूरे महीने विद्यार्थियों को प्रतिदिन काइंडनेस से जुड़ी गतिविधियां दी जाएंगी, जिससे वे अपने व्यवहार में सकारात्मक बदलाव ला सकें। कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थी 'काइंडनेस नोटबुक' तैयार करेंगे, जिसमें वे अपने अच्छे कार्यों और अनुभवों को दर्ज करेंगे। अभिभावक भी इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और बच्चों के व्यवहार पर फीडबैक देंगे। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा तथा कुछ को 'काइंडनेस एंबेसडर' बनाया जाएगा। यह पहल विद्यार्थियों को संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

हिम अकादमी में 'हिम खेल महोत्सव' का शुभारंभ

हिम अकादमी में आयोजित 'हिम खेल महोत्सव' में 250 विद्यार्थी ले रहे भाग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में 'हिम खेल महोत्सव' का शुभारंभ बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर सहायक जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय के डायरेक्टर पंकज लखनपाल, उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, डीएसडब्ल्यू संजीव कुमार, स्पोर्ट्स विभाग और रेजिडेंशियल स्टाफ भी मौजूद रहा। इस भव्य आयोजन में लगभग 250 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। महोत्सव के तहत कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबाल और क्रिकेट जैसी छह प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस तरह के आयोजन छात्रों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही यह विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क को भी बढ़ावा देते हैं। खेल महोत्सव के माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है।

पंचायत चुनाव से संबंधित व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुचारु ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने जिलास्तर पर विभिन्न नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में जारी आदेशों में उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, उल्लंघन के मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा मतदान केंद्रों, मतगणना केंद्रों और स्ट्रांग रूम्स के आसपास सुरक्षा प्रबंध सुदृढ़ रखने के लिए पुलिस अधीक्षक हमीरपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मीडिया से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि जिला लोक संपर्क अधिकारी मीडिया के साथ आवश्यक सूचनाएं और निर्देश साझा करेंगे। निर्वाचन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की निगरानी तथा महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी उपायुक्त के सहायक आयुक्त होंगे, जबकि जिला ऑडिट ऑफिसर इसकी व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी एवं डाटा अपलोडिंग से जुड़े कार्यों के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, मतदान और मतगणना कार्य में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु निर्वाचन विभाग के तहसीलदार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने सभी नोडल अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरी हो सके।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए बढ़ाई सख्ती

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। जिला बिलासपुर के नयनादेवी ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए सख्ती बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का गहन निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में टीम ने उप स्वास्थ्य केंद्र कनफरा का दौरा कर व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। इस दौरान कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अंकिता शर्मा और मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. सोनालिका की उपस्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन किया गया। राज्य स्तरीय असेसर के रूप में डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा और डॉ. विजय ने निरीक्षण करते हुए केंद्र की स्थिति का विभिन्न गुणवत्ता मानकों के आधार पर आकलन किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 से लागू 12 सेवा पैकेजों के तहत अब सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों के लिए पूर्ण अनुपालन अनिवार्य कर दिया गया है। पहले जहां सीमित पैकेजों के आधार पर मूल्यांकन होता था, वहीं अब मातृ-शिशु स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और गंभीर बीमारियों के प्रबंधन सहित सभी सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सलोआ टोबा सहित अन्य स्वास्थ्य उप केंद्रों का भी आकलन किया गया, जहां साफ-सफाई, सेवा प्रावधान, रोगी अधिकारों और उपचार व्यवस्था की समीक्षा की गई।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अनुराग ठाकुर के खिलाफ रची साजिश की खुली पोल : राकेश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर और जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने वर्ष 2020 के कथित हेट स्पीच मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को सभी आरोपों से राहत दिए जाने के फैसले का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने इसे सत्य और न्याय की निर्णायक विजय बताया।

राकेश ने कहा कि यह निर्णय यह साबित करता है कि राजनीतिक दुर्भावना के तहत लगाए गए आरोप लंबे समय तक सच्चाई को दबा नहीं सकते। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हमेशा राष्ट्रहित, विकास और जनसेवा को अपनी राजनीति का आधार बनाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि विपक्ष ने उनके खिलाफ भ्रम और नफरत का वातावरण बनाने की कोशिश की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने सभी आरोपों को निराधार साबित कर दिया। धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय देश की न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता और मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अनुराग के खिलाफ आरोप तथ्यों से परे थे और राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित थे, जिन्हें अदालत ने खारिज कर दिया। शर्मा ने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और संतोष का माहौल है क्योंकि सत्य की जीत ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को बेनकाब कर दिया है। दोनों नेताओं ने विश्वास जताया कि अनुराग ठाकुर भविष्य में प्रदेश और देश के विकास के लिए अपनी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

◆ **राजनीतिक द्वेष से प्रेरित आरोपों पर कोर्ट ने लगाया पूर्ण विराम : धर्मेंद्र**

दिक्कत बिझड़ी बाजार में शनिवार को हुई बारिश ने खोली विभाग की पोल

बारिश से बिझड़ी बाजार की सड़क जलमग्न

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। शनिवार को दोपहर बाद हुई बेमौसमी बरसात से बिझड़ी बाजार की मुख्य सड़क जलमग्न हो गई, जिसके चलते गाड़ी चालकों व राहगीरों को सड़क से गुजरना किसी खतरे से कम नहीं था। यह सड़क मार्ग मुख्य रूप से उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध को जाती है। रविवार को इस सड़क मार्ग से होकर बाबा की नगरी में गुफा दर्शनों के लिए श्रद्धालु जाते हैं।

हालांकि, लोक निर्माण विभाग सड़कों के रखरखाव के लिए हर बरस करोड़ों रुपए खर्च करता है, परंतु सड़कों की दशा इतनी दुर्लभ हो गई है कि वाहन चालक भी गाड़ी चलाने से कतराते हैं। थोड़ी-सी बरसात से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वही दूसरी ओर बिझड़ी बाजार में यह सड़क मार्ग मानो ऐसा लग रहा था की सड़क मार्ग न होकर किसी नाले में तब्दील हो गया है। यह समझ नहीं आता है कि सरकार का अधिकारियों व कर्मचारियों पर अपने काम को लेकर निष्ठावान हैं या फिर लोक निर्माण विभाग से मात्र वेतन लेने का काम ही करते हैं। थोड़ी सी बरसात में अगर सड़कें जल मग्न हो रही हैं अभी तो बरसात भी शुरू नहीं हुई है बरसात होने पर इस सड़क मार्ग की दिशा और दशा कैसी होगी? सड़कों के खस्ता हाल को लेकर माननीय उच्च न्यायालय ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी, लेकिन लगता है की विभाग के अधिकारी सरकार की तो क्या माननीय उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों को भी नहीं मनाते हैं। विभागी की लक्चर कार्य-प्रणाली के चलते सड़क मार्ग खस्ताहाल होते जा रहे हैं, इसी कड़ी में बिझड़ी बाजार से गुजरने वाली सड़क का यही हाल है। जरा सी बरसात में सड़क मार्ग नाले का रूप धारण कर लेती सबसे बड़ी समस्या यह है की सड़क की दोनों तरफ ड्रेन का नामो निशान नहीं है। एसडीओ पीडब्ल्यूडी रजनीश कुमार ने बताया कि विभागीय लेबर भेजकर बाजार में बंद पड़ी नालियों को खुलवा दिया जाएगा। ताकि बरसात का पानी बीच सड़क में नहीं रुके।

बंद नालियों के कारण बीच सड़क में बहता बारिश का पानी। अनंत ज्ञान

'जहां खड़े होते हैं, वहीं से हट जाते हैं विरोधी'

धड़ोग मोहल्ला में चुनावी सरगर्मियां चरम पर, जितेंद्र सूर्या की छठी बार दमदार दावेदारी

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। धड़ोग मोहल्ला में नगर पार्षद वार्ड सदस्य चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। शनिवार को अनुभवी नेता जितेंद्र सूर्या ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर छठी बार चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा की। नामांकन के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। जितेंद्र सूर्या ने कहा कि जनता का प्यार, विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इसी भरोसे के दम पर वह वर्षों से लोगों की सेवा करते आ रहे हैं और आगे भी इसी समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 1995 में पहली बार चुनाव लड़ा था और तब से अब तक चार बार पार्षद (वार्ड सदस्य) और एक बार उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने चुनावी एजेंडे को साझा करते हुए सूर्या ने कहा कि क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने धड़ोग मिडिल स्कूल से लखदाता मंदिर तक सड़क के पक्कीकरण और स्ट्रीट लाइट्स लगाने का वादा किया। इसके अलावा लंबे समय से लंबित श्मशान घाट के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात कही। लोअर धड़ोग में स्कूल भवन के निर्माण और मोहल्ले की जर्जर सड़कों की मरम्मत भी उनकी प्रमुख योजनाओं में शामिल हैं। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर वह घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे। स्थानीय मुद्दों को लेकर उनकी सक्रियता और जनसंपर्क को उनकी मजबूती माना जा रहा है। धड़ोग मोहल्ला में इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प होता जा रहा है। अनुभव, जनसेवा और मजबूत जनाधार के चलते जितेंद्र सूर्या एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। अब देखना होगा कि इस बार जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

कर्मठ व दमदार उम्मीदवार हैं जितेंद्र : दिनेश शाह

जितेंद्र सूर्या एक कर्मठ और दमदार उम्मीदवार हैं। उनके विरोधी भी उनके नाम से घबराते हैं। समाज सेवा का असली चेहरा अगर कोई है, तो वह जितेंद्र सूर्य हैं, जो हर समय लोगों के साथ खड़े रहते हैं।

पूरे क्षेत्र के लोगों की मदद की : शिवकरण

जितेंद्र सूर्या का अनुभव उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने खुद को सिर्फ धड़ोग मोहल्ला तक सीमित नहीं रखा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों की मदद की है। हम उन्हें एक विधायक स्तर का नेता मानते हैं और इस बार भी उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। और समाजसेवा का असली चेहरा जितेंद्र सूर्य ही है और राजनीति में भी इनकी पकड काफी मजबूत मानी जाती है।

सेवाभाव से जीता दिल, समर्थकों ने जताया जितेंद्र सूर्या पर भरोसा

एक स्थानीय समर्थक ने बताया कि जब वह बीमार थीं, तब जितेंद्र सूर्या स्वयं उनके घर पहुंचे और उनका हालचाल जाना। उन्होंने न केवल सांत्वना दी, बल्कि दवाइयों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की। समर्थक के अनुसार, ऐसा सेवाभाव आज के समय में बहुत कम लोगों में देखने को मिलता है, इसलिए वे चाहते हैं कि इस बार भी जितेंद्र सूर्या को ही चुना जाए। वहीं एक अन्य समर्थक ने कहा कि जितेंद्र सूर्या का व्यक्तित्व उनके नाम की तरह ही उज्ज्वल है। उनका मानना है कि जैसे सूरज हर दिन नई रोशनी लाता है, वैसे ही जितेंद्र सूर्या भी क्षेत्र में विकास की नई किरण लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्या में धैर्य, समर्पण और काम करने का जुनून है, जो उन्हें अन्य उम्मीदवारों से अलग बनाता है। समर्थकों का यह भी कहना है कि उन्होंने हमेशा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझा और समाधान के लिए प्रयास किए हैं। यही वजह है कि क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ बनी हुई है और लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

मणिमहेश यात्रा पर संकट के बादल

पठानकोट-भरमौर मार्ग पर 'चन्नू दी हट्‌टी' के पास धंस रही सड़क पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

'चन्नू दी हट्‌टी' के पास धंस रही सड़क। अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। आस्था की प्रतीक मणिमहेश यात्रा पर इस बार संकट के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं। पठानकोट-भरमौर मार्ग (एनएच-154ए) पर 'चन्नू दी हट्टी' के पास लगातार धंस रही सड़क और निर्माणाधीन रिटेनिंग वॉल की गुणवत्ता पर उठते सवालों ने प्रशासन की तैयारियों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। लंबे समय से इस मार्ग की बदहाली से जूझ रहे स्थानीय लोग अब मणिमहेश यात्रा के दौरान संभावित अव्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। हर साल हजारों श्रद्धालु इसी मार्ग से होकर मणिमहेश झील तक पहुंचते हैं, लेकिन इस बार सड़क की स्थिति यात्रा की सुगमता पर सवाल खड़े कर रही है।

इस बीच वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश ठाकुर ने निर्माण कार्य पर गंभीर आपत्तियां जताते हुए चेतावनी दी है कि 'चन्नू दी हट्टी' में बन रही कंक्रीट रिटेनिंग वॉल की नींव कमजोर डाली जा रही है। उनका कहना है कि यदि रावी नदी का जलस्तर बढ़ा, तो यह

◆ वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश ठाकुर की चेतावनी से प्रशासन पर बढ़ा दबाव

दीवार भारी दबाव सहन नहीं कर पाएगी और ढहने का खतरा बना रहेगा।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की गुणवत्ता नहीं सुधारी गई, तो न केवल सड़क मार्ग बाधित होगा बल्कि मणिमहेश यात्रा भी प्रभावित हो सकती है। इससे हजारों श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य का तकनीकी ऑडिट करवाया जाए और रिटेनिंग वॉल की नींव को पर्याप्त गहराई तक मजबूत किया जाए। अब सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या प्रशासन समय रहते चेत जाएगा, या फिर आस्था के इस महापर्व पर भी लापरवाही भारी पड़ेगी?

चंबा में 8 .56 ग्राम चिट्‌टे संग युवक गिरफ्तार, पहले भी जा चुका है जेल

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। जिले में नशे के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई के बीच एसआईयू (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट) चंबा ने दिनदहाड़े बड़ा ऑपरेशन अंजाम देते हुए एक युवक को चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दोपहर करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच परेल क्षेत्र में गश्त के दौरान की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी की पहचान अक्षय कुमार (22) पुत्र छोटू राम, निवासी मोहल्ला ओबड़ी, डाकघर सुल्तानपुर, जिला चंबा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 8.56 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। इतना ही नहीं, चोरी के मामलों में भी वह कई बार जेल की हवा खा चुका है, जिससे उसके आपराधिक इतिहास का खुलासा हुआ है। पुलिस अब उसके पुराने नेटवर्क और संपर्कों को खंगालने में जुट गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह इस नशे की सप्लाई कहां से ला रहा था और किन लोगों तक इसे पहुंचाता था।

इस पूरे ऑपरेशन को एचसी योगराज और एसआईयू चंबा की टीम ने अंजाम दिया, जिन्होंने मुस्तैदी और सतर्कता का परिचय देते हुए नशे के कारोबार पर करारा प्रहार किया। पुलिस प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि जिले में नशे और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और ऐसे तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

तीसा में दुकान से 2000 एमएल अवैध शराब की बरामद

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला पुलिस चंबा ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तीसा क्षेत्र में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस टीम ने अनिल कुमार की दुकान की जांच की, जहां से 2000 एमएल अवैध शराब बरामद की गई। इस संबंध में पुलिस थाना तीसा में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग संख्या 44/2026 दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चंबा ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे मामलों पर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

केरल की ओर बढ़े चंबा के नौनिहाल

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' से जुड़कर सीखेंगे देश की विविधता

अनंत ज्ञान

चंबा। जिला चंबा के पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों का एक चयनित दल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत शैक्षिक भ्रमण पर केरल के लिए रवाना हो गया है। समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आयोजित यह विशेष भ्रमण 02 मई से 06 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें विद्यार्थियों को देश की विविध संस्कृति, परंपराओं और जीवन शैली से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

उप शिक्षा निदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा विकास महाजन के नेतृत्व में रवाना हुए इस दल में पीएम श्री तीसा, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा तथा पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुवारी से कुल 06 मेधावी विद्यार्थी (03 छात्र व 03 छात्राएं) शामिल हैं। ये सभी विद्यार्थी मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ एनसीसी और एनएसएस के सक्रिय एवं प्रतिभाशाली स्वयंसेवक भी हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी केरल के विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन करेंगे, जिससे उनके ज्ञान और दृष्टिकोण में व्यापक विस्तार होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक विकास, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय और आपसी भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना भी है।

दल के साथ एस्कॉर्ट शिक्षिका ज्योति पठानिया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं, ताकि यात्रा के दौरान उन्हें हर स्तर पर उचित दिशा-निर्देश मिल सके। इस बारे में जानकारी देते हुए 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के जिला कोऑर्डिनेटर इमरान पठान ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें देश की विविधता को समझने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं। समग्र शिक्षा, जिला चंबा ने इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक और प्रेरणादायक कदम बताया है।

15 मई तक ब्लॉक स्तर पर 31 सदस्यीय कमेटियों का गठन अनिवार्य : भरमौरी

अनंत ज्ञान

चंबा। जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से 'संगठन सृजन अभियान' की औपचारिक शुरुआत की है। इस अभियान के तहत जिले के सभी ब्लॉकों में 15 मई तक 31 सदस्यीय कार्यकारिणी समितियों का गठन किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभियान के प्रारूप की जानकारी सभी ब्लॉक अध्यक्षों को पत्र के माध्यम से भेज दी गई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर जनरल हाउस की बैठक आयोजित करना अनिवार्य होगा, जिसकी तिथि 5 मई से पहले तय कर ली जाए ताकि जिला अध्यक्ष भी इन बैठकों में भाग ले सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना जनरल हाउस के गठित कोई भी कार्यकारिणी अमान्य मानी जाएगी। जनरल हाउस में उपस्थित कार्यकर्ताओं की अटेंडेंस शीट तैयार की जाएगी और उन्हीं में से पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। भरमौरी ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में केवल 31 सदस्यीय कमेटी ही बनाई जाएगी, जिसमें निर्धारित रोस्टर का पालन करना अनिवार्य होगा। साथ ही, एक पंचायत से दो से अधिक पदाधिकारी नहीं बनाए जाएंगे और कमेटी में 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने जनरल हाउस की तिथि 5 मई से पहले व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करें। 15 मई तक गठित कार्यकारिणी की सूची जिला कांग्रेस कार्यालय चंबा में जमा करवानी होगी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह बीसीसी अध्यक्षों के लिए पहला महत्वपूर्ण टास्क है, जिसकी रिपोर्ट पीसीसी और आईसीसी वार रूम तक भेजी जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

न्यूज ब्रीफ

पंचायत चुनाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

अनंत ज्ञान, पांगी। जनजातीय क्षेत्र पांगी में आगामी पंचायत चुनावों को निष्पक्ष और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने 24म7 कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यह कंट्रोल रूम बीडीओ कार्यालय किलाड़ में कार्यरत रहेगा। रिटर्निंग ऑफिसर एवं खंड विकास अधिकारी योगेश कुमार ने आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी। प्रशासन ने शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर 8544764860 और 7018454547 जारी किए हैं, जिन पर नागरिक चुनाव से जुड़ी जानकारी या अनियमितताओं की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों को हर कॉल का रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

पांगी में मतदान अधिकारियों ने की रिहर्सल

अनंत ज्ञान, पांगी। जनजातीय क्षेत्र पांगी के किलाड़ में पंचायती चुनाव-2026 के लिए मतदान अधिकारियों की पहली रिहर्सल आयोजित की गई। 26 और 28 मई को दो चरणों में होने वाले चुनावों के लिए 97 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा। रिहर्सल में 7 सेक्टर अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी अमनदीप सिंह ने अधिकारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं खंड विकास अधिकारी योगेश कुमार ने प्रशिक्षण में दिए निर्देशों को व्यवहार में लागू करने पर जोर दिया। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, बैलेट पेपर, मॉक पोल और केंद्र प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। दूसरी रिहर्सल 5 मई को आयोजित होगी।

किसान नेता को 100 साल पूरे करने पर नवाजा

अनंत ज्ञान, मंडी। हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीताराम वर्मा, जिला सचिव दुनी चंद शर्मा, पूर्व प्रधान भूप सिंह, राज्य संयुक्त सचिव मानसिंह राणा, बल्हखंड के प्रधान देवराज, सचिव कृष्ण चंद्र व कोषाध्यक्ष मेहरचंद ने किसान यूनियन के संस्थापक प्रधान युद्ध चंद सकलानी को उनके 100वें जन्मदिन पर शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि युद्ध चंद सकलानी ने 36 वर्ष पूर्व हिमाचल किसान यूनियन (अराजनीतिक)का गठन किया था। वह इसके पहले प्रधान भी बने। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा किसान आयोग के गठन पर खुशी जाहिर की है। किसान नेताओं ने उनके सुखद व स्वस्थ भविष्य की कामना की है।

मंडी नगर निगम चुनावः खलियार वार्ड में टिकट चयन पर बढ़ी सियासी सरगर्मी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंडी नगर निगम चुनाव के तहत वार्ड-1 खलियार में कांग्रेस के टिकट को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पार्टी ने किसी और को उम्मीदवार बनाया है, जबकि चार बार की पार्षद अलकनंदा हांडा का टिकट इस बार नहीं दिया गया। टिकट वितरण के फैसले के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और इसे लेकर संगठन के भीतर भी हल्की असहमति सामने आई है। बताया जा रहा है कि प्रत्याशी चयन को लेकर अंतिम समय तक मंथन चलता रहा और नामांकन के अंतिम चरण में उम्मीदवार घोषित किया गया। अलकनंदा हांडा, जो खलियार वार्ड से चार बार प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है, ने इस निर्णय पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने संकेत दिए हैं कि वह चुनाव मैदान में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में उतर सकती हैं। हांडा का कहना है कि टिकट वितरण में उनके अनुभव और कार्य को नजरअंदाज किया गया है।

पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी 3 घंटे में दबोचा

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल में भैंस चोरी के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी के पुलिस कस्टडी से फरार होने से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। आरोपी अदालत में पेशी के बाद पुलिस जवानों को चकमा देकर भाग निकला, लेकिन त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीब तीन घंटे बाद उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, सरकाघाट थाना क्षेत्र के मोरगलू गांव निवासी अब्दुल खान की तीन भैंसें बीते सप्ताह रात के समय शटर के अंदर से चोरी हो गई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हिमाचल के मनाली से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान शाहिद पुत्र अब्दुल मजीद और नसीरुद्दीन, दोनों निवासी जिला चंबा, के रूप में हुई है।

◆ भैंस चोरी केस का आरोपी पेशी के बाद फरार

दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड मिली। पेशी के बाद जब पुलिस आरोपी को थाने ले जा रही थी, तभी शाहिद अचानक जवानों को धक्का देकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने शहरभर में नाकाबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया।

करीब तीन घंटे की तलाश के बाद आरोपी को पुनः पकड़ लिया गया। डीसीपी संजीव गौतम ने बताया कि फरार होने के मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत अलग से केस दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और चोरी हुए पशुधन की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं।

डलहौजी नप चुनाव : अंतिम दिन 47 नामांकन दाखिल, 55 पहुंची संख्या

अनंत ज्ञान

अजीत सिंह, डलहौजी। डलहौजी नगर परिषद चुनाव के लिए नामांकन भरने के अंतिम दिन एसडीएम कार्यालय परिसर में सुबह से ही भारी गहमागहमी देखने को मिली। प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे, जिससे पूरा परिसर चुनावी माहौल में बदल गया। शनिवार को कुल 47 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिसके साथ अब तक कुल नामांकन संख्या 55 पहुंच गई है। नामांकन वापसी के बाद अंतिम स्थिति 6 मई को स्पष्ट होगी, जब यह तय हो जाएगा कि कितने प्रत्याशी चुनावी मैदान में रहेंगे।

वार्डवार आंकड़ों के अनुसार वार्ड नंबर 1 (अपर बकरोटा) से 5, वार्ड 2 (लोहाली) से 5, वार्ड 3 (जीपीओ) से 9, वार्ड 4 (हिंदू लेन) से 6, वार्ड 5 (कॉन्वेंट) से 5, वार्ड 6 (कथलग) से 4, वार्ड 7 (लोअर बकरोटा) से 5, वार्ड 8 (मोती टिब्बा) से 2 और वार्ड 9 (बस स्टैंड) से 6 नामांकन दाखिल हुए। अब 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 6 मई को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके बाद शेष प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। डलहौजी नगर परिषद में कुल 9 वार्ड हैं और यहां कुल 3150 मतदाता हैं, जिनमें 1656 पुरुष और 1494 महिला मतदाता शामिल हैं। वार्डों में आरक्षण व्यवस्था के चलते चुनावी मुकाबला और भी दिलचस्प होने की संभावना है।

नाचन क्षेत्र में बिजली गुल होने से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, महादेव। नाचन क्षेत्र के एक बड़े भाग में शनिवार को बिजली गुल रही।बिना सूचना दिए बिजली विभाग की ओर से दिन भर बिजली की सुचारू आपूर्ति न होने से महादेव सहित नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खासतौर पर गृहिणियों और लघु उद्यमियों इत्यादि को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ी।

कलखर-ढलवान सड़क की हालत दयनीय, स्थानीय लोगों में भारी रोष

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली कलखर-पटड़ीघाट-ढलवान सड़क की स्थिति दिनोंदिन खराब होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से वाहन चालकों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले ठेकेदार के मजदूरों द्वारा सड़क किनारे घास तो काटी गई, लेकिन नालियों की सफाई नहीं की गई, जिससे बरसात के समय पानी निकासी की समस्या और बढ़ सकती है। इसके अलावा सड़क पर कई स्थानों पर मिट्टी के ढेर लगाए गए हैं, जिससे वाहनों को पास देने में दिक्कत हो रही है और दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। लोगों ने विभाग और प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत, गड्ढों को भरने तथा नालियों की सफाई करवाने की मांग उठाई है । इस संबंध में स्थानीय लोगों में पूर्व प्रधान ढलवान सुनील ठाकुर, पूर्व प्रधान पटड़ीघाट विधि चंद, वीरी सिंह, जगत राम, मनोज, संजय कुमार और दीपक राज सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में सहायक अभियंता बलद्वाडा भूपेंद्र पाल ठाकुर से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस बारे के कनिष्ठ अभियंता भांबला से बात कर के सड़क की स्थिति को जल्द ठीक कर दिया जाएगा ।

अनंत Classifieds

NAME CORECTION

I, Ajeet Singh S/o Sh. Prem Dass R/o Mohalla Dharog Chamba Town Tehsil and Distt. Chamba HP aged 60 years, Declare that the name of deponent is recorded as Ajeet Singh in his Aadhaar Card and PAN Card whereas his name is recorded as Ajeet Bhatt in the educational certificate of his daughter namely Koyal Bhatt.That both the names i.e. Ajeet Singh and Ajeet Bhatt are the names of one and same person.

व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी फतेहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.।

विषय- इन्तकाल न. 1519 वरासत वजरिया वसीयत महाल बरोट तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ...प्रतिवादीगण

1. निलमा देवी, 2. सुनीता देवी, 3. रेखा देवी 4. निर्मला देवी, 5. रंजना देवी, 6. विनोद देवी पुत्रीयां श्रीमती कमला देवी पत्नी बाबू राम निवासीगण महाल बरोट तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.। 7. मोहनी पुत्री व 8. श्रीमति सरला देवी विध्वा कुलदीप सिंह पुत्र कमला देवी पत्नी बाबू राम निवासीगण महाल बरोट तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.। उपरोक्त वारसान हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम 1956 के तहत मृतक श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री बाबू राम के उत्तराधिकारी बने हैं, जिन्हें इत्तलाह साधारण तरीके से नहीं हो पा रही है। अतः उपरोक्त प्रतिवादीगण को वजरिया इश्तेहार प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त इन्तकाल मुताबिक वसीयत। सरला देवी विध्वा कुलदीप सिंह पुत्र कमला देवी विध्वा बाबू राम के पक्ष में दर्ज होकर पेश हुआ है। अतः आप उपरोक्त इन्तकाल बारे दिनांक 14-05-2026 को असालतन व वकालतन तहसील कार्यालय फतेहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. हाजिर हो कर अपना पक्ष रखें। अन्यथा नियमानुसार एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 30-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व सहित मोहर अदालत जारी हुआ।

सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी फतेहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.।

अदालती नोटिस

व अदालत नायब-तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.।

किस्म मुकदमा - नाम दरुस्ती
मुकदमा न. 8135101/2026
तारीख पेशी-21.05.2026

स्वरूप नारायण शर्मा पुत्र दीना नाथ शर्मा निवासी गांव व डा. सिद्धपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

बनाम आम जनता

विषय:- नाम दरुस्ती करवाने बारे।

प्रार्थी श्री स्वरूप नारायण शर्मा पुत्र दीना नाथ शर्मा निवासी गांव व डा सिद्धपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि उनका व उनके पिता का असल नाम स्वरूप नारायण शर्मा पुत्र दीना नाथ है परंतु कागजात माल महाल सिद्धपुर सरकारी, मौजा में प्रार्थी का नाम स्वरूप नाथ पुत्र दीपू उपनाम दीना नाथ दर्ज किया है जोकि गलत है। स्वरूप नाथ व स्वरूप नारायण शर्मा एक ही व्यक्ति के नाम हैं। अब उनके नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल किया जाना है। अतः प्रतिवादियों को इतलाह वजरिया अखबारी इश्तहार करवा कर एक आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषय में कोई उज्र / एतराज हो तो अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिनांक 21.05.2026 को असालतन या वकालतन पेश होकर अपना पक्ष रखा सकता है गैर हाजरी की सुरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा। उसके बाद को उज्र/एतराज न सुनी जाएगी। आज दिनांक 27.04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।

अदालती नोटिस

व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।

मुकदमा न. 81358/2026
किस्म मुकदमा- नाम दरुस्ती
तारीख-05/05/2025

अर्जुन दास पुत्र सीतू राम निवासी गांव सरसावा डा भदरैणा, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।

बनाम आम जनता

विषय:- नाम की दरुस्ती करवाने बारे।

प्रार्थी अर्जुन दास पुत्र सीतू राम निवासी गांव सरसावा डा भदरैणा, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.। ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र द्वारा सूचित किया है कि उनका असल नाम अर्जुन दास पुत्र सीतू राम है उनके सभी दस्तावेजों में भी उनका नाम अर्जुन दास पुत्र सीतू राम है, परन्तु राजस्व रिकॉर्ड महाल सरसावा में काका राम पुत्र सीतू व महाल पढियारखर में काकू राम पुत्र सीतू दर्ज कागजात माल है, जोकि गलत है। अब प्रार्थी के नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल किया जाना है। सर्व साधारण / आम जनता को साधारण तरीके से इत्तलाह नहीं हो सकती। इसलिए इस इश्तहार द्वारा आम सूचना दी जाती है कि यदि किसी को उपरोक्त नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई ऐतराज हो तो वह दिनांक 05-05-2026 को असालतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उज्र पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। 20.04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।

अदालती नोटिस

व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

मुकदमा न. 16/NT/25
तारीख पेशी:- 5/5/26

श्रीमति कौशलया पुत्री स्व. शिव राम वर्तमान पता प्रीतम चन्द पुत्र निवासी गांव होल्सू दियोया, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

बनाम आम जनता

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969

श्रीमति कौशलया पुत्री स्व. शिव राम वर्तमान पता प्रीतम चन्द पुत्र निवासी गांव होल्सू दियोग्रां, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म गांवचौकी खलेट, में दिनांक 07.01.1977 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत चौकी खलेट वर्तमान नगर निगम के अभिलेख में दर्ज न है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह पेशी दिनांक 5/5/26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपनी आपत्ती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काबिले समायत न होगा तथा मुताबिक के जन्म पंजीकरण के आदेश संबन्धित नगर निगम को पारित कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 20.04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।

अदालती नोटिस

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी पामलपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.।

किस्म मुकदमा- तकसीम
मुकदमा न. 79/NT/2025
तारीख पेशी- 14.05.2026

कंचना देवी बनाम अमर सिंह आदि

समन बनाम:- 1. (क) अदित्या कुमार 1 (ख) अतिमा पुत्र व 1 (ग) अंकिता देवी 1(ग) नंदिता 1 (घ) स्वेता पुत्री व 1 (ड़) रंजना देवी विध्वा अमर सिंह पुत्र सरन 2 (क) अक्षित पुत्र व 2 (ख) कुमारी अकांक्षा 2(ग) कुमारी अमीक्षा 2 (घ) कुमारी अनिक्षा पुत्रिया व 2 (ड़) मन्जू देवी विध्वा अमित कुमार पुत्र दुलो राम 3 मनीश कुमार पुत्र पाल सिंह 4 अजय सिंह पुत्र विजय सिंह 5 कुलदीप पुत्र हरी राम 6 श्रीमति अनिता कुमारी पुत्री कृष्ण कुमार 7 रमेश चन्द पुत्र ध्यान सिंह 8 अनिल वर्मा पुत्र विश्वेशवर लाल 9 रुचि महाजन पुत्र सुमित सूद निवासी झलरेहड़, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.

विषय:- भूमि तकसीम खाता न. 312 खतौनी न.452, खसरा किता 5 रकबा तादादी 0-37-96 हैक्टे. स्थित महाल झलरेहड़ मौजा बनूरी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. जमाबन्दी वर्ष 2022-23 उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 14.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 20.04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ। क्रमांक 36 /रीडर/दिनांक 22/4/26

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।

‘ **सफलता** के लिए किसी सफाई की जरूरत नहीं होती और असफलता की कोई सफाई नहीं होती।

–प्रमोद बत्रा

संपादकीय

चिट्टा तस्करी का गंदा खेल

हिमाचल प्रदेश एक गंभीर और चिंताजनक चुनौती का सामना कर रहा है। यहां विशेषकर चिट्टा (हेरोइन) का प्रचलन दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। कांगड़ा जिले में गगल थाना क्षेत्र के तहत बनोई पुल के पास सामने आई एक घटना ने इस समस्या की भयावहता को उजागर कर दिया है, जिसमें एक 13 वर्षीय किशोर के बैग से चिट्टा बरामद हुआ। यह घटना केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता, नैतिकता और भविष्य पर गहरा सवाल खड़ा करती है।

सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि नशा तस्कर अब अपने अवैध कारोबार को बचाने के लिए मासूम बच्चों को मोहरा बना रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल अपराध की गंभीरता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि तस्करों की सोच कितनी गिर चुकी है। जिस उम्र में बच्चों को शिक्षा, संस्कार और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता होती है, उसी उम्र में उन्हें अपराध की दुनिया में धकेलना एक सामाजिक अपराध है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

कांगड़ा की घटना में यह सामने आया कि बच्चे को उसके ही परिचित ने इस कार्य में शामिल किया, यह सोचकर कि पुलिस को उस पर शक नहीं होगा। यह एक खतरनाक रणनीति है, जो यह दर्शाती है कि नशा तस्करी का नेटवर्क अब और अधिक संगठित और चालाक हो चुका है। हालांकि पुलिस की सतर्कता और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के कारण इस मामले का खुलासा हो पाया, जो सराहनीय है। यह इस बात का संकेत है कि यदि कानून-प्रवर्तन एजेंसियां मुस्तैद रहें और जनता का सहयोग मिले, तो इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है, लेकिन केवल पुलिस कार्रवाई इस समस्या का पूर्ण समाधान नहीं है। नशे की समस्या एक बहुआयामी सामाजिक संकट है, जिसके समाधान के लिए व्यापक और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। सबसे पहले, समाज को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अक्सर लोग नशे से जुड़े मामलों को नजरअंदाज कर देते हैं या इसे दूसरों की समस्या मानकर चुप रहते हैं। यही चुप्पी तस्करों के लिए सबसे बड़ा हथियार बन जाती है।

अभिभावकों की भूमिका इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने बच्चों के व्यवहार, उनकी दिनचर्या, मित्रों और गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। यदि बच्चे में कोई असामान्य बदलाव दिखे, तो उसे नजरअंदाज करने के बजाय संवाद स्थापित करना चाहिए। बच्चों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध बनाना जरूरी है, ताकि वे किसी भी प्रकार के दबाव या प्रलोभन की स्थिति में अपने माता-पिता से खुलकर बात कर सकें। शिक्षा संस्थानों को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में नियमित रूप से नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में वैज्ञानिक और सामाजिक दृष्टिकोण से अवगत कराना जरूरी है। केवल डर दिखाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें यह समझाना भी जरूरी है कि नशा किस तरह उनके जीवन, करियर और परिवार को प्रभावित करता है।

सरकार ने भी इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं, जैसे कानूनों को सख्त बनाना और तस्करों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान करना, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि केवल दंडात्मक उपाय पर्याप्त नहीं हैं। जरूरत है कि नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को जड़ से समाप्त किया जाए। इसके लिए अंतरराज्यीय सहयोग, खुफिया तंत्र की मजबूती और आधुनिक तकनीकों का उपयोग आवश्यक है।

इसके साथ ही, नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास पर भी ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। जो लोग नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, उन्हें अपराधी के रूप में नहीं, बल्कि पीड़ित के रूप में देखा जाना चाहिए। उनके लिए उचित इलाज, काउंसलिंग और सामाजिक पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि वे सामान्य जीवन में लौट सकें और समाज के उत्पादक सदस्य बन सकें।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि नशा केवल व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्या नहीं है, बल्कि यह राज्य की सामाजिक और आर्थिक संरचना को भी प्रभावित करता है। जब युवा वर्ग, जो किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होता है, नशे की चपेट में आ जाता है, तो विकास की गति स्वत: प्रभावित होती है। बेरोजगारी, अपराध और सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं।

कांगड़ा की यह घटना एक चेतावनी है-एक ऐसा संकेत कि अब और देर करना खतरनाक हो सकता है। यह समय है जब समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर इस समस्या के खिलाफ खड़ा होना होगा। पुलिस, प्रशासन, सरकार, शिक्षा संस्थान, अभिभावक और स्वयं युवा—सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। यह समझना जरूरी है कि संगत ही बनाती है और संगत ही बिगाड़ती है। यदि हम अपने बच्चों और युवाओं को सही दिशा, सकारात्मक वातावरण और उचित अवसर प्रदान करें, तो वे इस तरह के प्रलोभनों से दूर रह सकते हैं। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज की प्रमुख हस्ती

प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ

उमा भारती भारतीय राजनीति की एक प्रभावशाली और चर्चित महिला नेता रही हैं, जिनका जन्म 3 मई 1959 को मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में हुआ था। साध्वी वेशभूषा और धार्मिक झुकाव के कारण उनकी एक अलग पहचान बनी। बचपन से ही उन्हें हिंदू धर्मग्रंथों और महाकाव्यों में गहरी रुचि थी, जिसने उनके व्यक्तित्व और विचारधारा को आकार दिया। सीमित औपचारिक शिक्षा (छठी कक्षा तक) के बावजूद उन्होंने अपने ज्ञान और वक्तृत्व क्षमता से राजनीति में एक मजबूत स्थान बनाया। उमा भारती की राजनीतिक यात्रा विजयाराजे सिंधिया के मार्गदर्शन में शुरू हुई। उन्होंने 1984 में खजुराहो से पहला लोकसभा चुनाव लड़ा, हालांकि उस समय इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस लहर के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन 1989 से उन्होंने लगातार जीत दर्ज की और एक मजबूत नेता के रूप में उभरीं। भारतीय जनता पार्टी में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही, खासकर राम मंदिर आंदोलन के दौरान।

उमा भारती
जन्म : 3 मई, 1959

सन 2003 में उमा भारती मध्य प्रदेश की 22वीं मुख्यमंत्री बनीं, जब भाजपा ने भारी बहुमत हासिल किया। हालांकि, 2004 में एक पुराने मामले के चलते उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ा। बाद में वे आरोपों से बरी हो गईं, लेकिन पार्टी के साथ उनके मतभेद भी सामने आए, जिसके चलते उन्होंने ‘भारतीय जनशक्ति पार्टी’ बनाई। हालांकि, यह प्रयोग सफल नहीं रहा और 2011 में उन्होंने भाजपा में वापसी की। उमा भारती ने वाजपेयी सरकार में विभिन्न मंत्रालयों में भी कार्य किया।

कविता

मुझे पत्थर मारते हो...

डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे

मुझे पत्थर मारते हो। जानते हो मैं आम के पेड़ की तरह हूं।
अगर नीम का पेड़ होता।
पत्थर की जगह कुल्हाडी मारते।
मैं सहारे से न इशारे से खड़ा हूं।
मैं तो अपने आप से खड़ा हूं।
नफरत तो बहुत लोग करने लगे हैं।
मैं नफरतों के घेरे में खड़ा हूं।
लोगों को गैरों से लडते देखता हूं।
मुझसे तो मेरे अपने लड़ने को खड़े हैं।
गजब का अपनापन मेरे लिए है।
अब मेरा नाम लेने से शरमाते हैं।

भारतीय जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया

हंस राज ठाकुर
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत में जनगणना का इतिहास 1872 में लॉर्ड मेयो के कार्यकाल में शुरू हुआ, लेकिन यह एक संपूर्ण जनगणना नहीं थी। लॉर्ड रिपन के समय 1881 से हर साल 10 साल से नियमित जनगणना हो रही थी जो 1949 के बाद से गृह मंत्रालय के तहत होती है।

भारतीय जनगणना विश्व सबसे बड़े प्रशासनिक अभ्यासों में से एक है। वर्ष 2011 में पंद्रहवीं जनगणना के बाद वर्ष 2021 की जनगणना कोविड-19 के कारण देरी से हुई और अब 2027 में 16वीं डिजिटल जनगणना होने वाली है। आजादी के बाद यह 8वीं जनगणना है। यह प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। इसका पहला चरण 16 जून से शुरू होगा और 15 जुलाई तक चलेगा। आजकल जनगणना अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जनगणना का यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित किया जाता है और देश के हर नागरिक को इसमें सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए, तभी यह कार्यक्रम सफल हो पाएगा। 1951 के बाद की सभी जनगणनाएं 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत कराई गई। 1948 का भारतीय जनगणना अधिनियम केंद्र सरकार को किसी विशेष तिथि पर जनगणना करने या अधिसूचित अवधि में अपना डेटा जारी करने के लिए बाध्य नहीं करता । भारतीय जनगणना के सांख्यिकी आंकड़ों की हर 10 साल में पुनरावृत्ति होती है।

मौर्य प्रशासन में जनगणना एक नियमित प्रक्रिया थी। मौर्य साम्राज्य के व्यापारियों कृषकों, लुहारों, बढ़इयों आदि जैसे लोगों के विभिन्न वर्गों की गणना करने के लिए ग्रामीण अधिकारी (ग्रामिक) और नगर पालिका अधिकारी (नागरिक) जिम्मेदार थे और मवेशी भी ज्यादातर कराधान उद्देश्यों के लिए। यह व्यवसाय जातियों के रूप में समेकित हुए । भारतीय समाज की एक विशेषता जो आज तक भारतीय राजनीति को प्रभावित करती आ रही है और इस जनगणना के बाद भी प्रभावित करेगी । पहले से ही भारत में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 54 शहर मौजूद हैं। इस बार आंकड़ों में निश्चित रूप से वृद्धि होगी, क्योंकि हमारे देश में जनसंख्या नियंत्रण का कोई सख्त कानून नहीं है।

वर्ष 2011 में भारत के जनगणना आयुक्त सी चन्द्र मौली द्वारा राष्ट्र को समर्पित पंद्रहवीं राष्ट्रीय जनगणना थी जो 1 मई 2010 को आरंभ हुई थी। भारतीय जनगणना केवल एक जनसंख्या गणना का कार्य नहीं है, बल्कि यह देश के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक ढांचे को समझने का एक महत्वपूर्ण साधन है। भारत की जनगणना हर दस वर्ष में आयोजित की जाती है और यह विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक मानी जाती है।

जातिगत जनगणना के पक्ष में तर्क : वर्तमान में भारत में जाति-आधारित व्यापक डेटा उपलब्ध नहीं है (आखिरी विस्तृत जातिगत डेटा 1931 में हुआ था)। ऐसे में नीतियां अनुमान पर आधारित रहती हैं। जातिगत जनगणना से वास्तविक सामाजिक संरचना सामने आ सकती है।

सामाजिक न्याय को मजबूती : आरक्षण और कल्याणकारी योजनाएं किन वर्गों तक कितनी पहुंचीं-यह जानने के लिए वास्तविक डेटा बेहद जरूरी है। इससे पिछड़े वर्गों को ज्यादा से ज्यादा बेहतर लाभ मिल सकता है।

नीति निर्माण में मदद : सरकार लक्षित नीतियां बना सकती है-जैसे शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य आदि में किन जातियों को ज्यादा सहायता चाहिए।

जातिगत जनगणना के विरोध में तर्क : आलोचकों का मानना है कि इससे जातिवाद और मजबूत हो सकता है, और सामाजिक एकता को नुकसान पहुँच सकता है।

राजनीतिक दुरुपयोग : जातिगत आंकड़े चुनावी राजनीति में इस्तेमाल हो सकते हैं, जिससे वोट बैंक की राजनीति और बढ़ सकती है।

प्रशासनिक जटिलताएं : भारत में हजारों जातियां और उपजातियां हैं-इनका सटीक वर्गीकरण और सत्यापन करना कठिन और विवादास्पद हो सकता है। **मध्य मार्ग :** कई विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि जातिगत जनगणना की जाए, तो उसका उद्देश्य केवल विकास और नीति निर्माण होना चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ। डेटा को पारदर्शी, वैज्ञानिक और जिम्मेदारी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

जनगणना की सार्थकता : जनगणना देश के विकास और प्रशासन का आधारभूत स्तंभ है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े सरकार को जनसंख्या, साक्षरता, रोजगार और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की वास्तविक तस्वीर दिखाते हैं। ये आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और परिवहन जैसी योजनाओं के निर्माण में सहायक होते हैं। साथ ही, चुनाव क्षेत्रों के निर्धारण और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में भी जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके प्रमुख उद्देश्य जनसंख्या का आकलन, सामाजिक-आर्थिक अध्ययन, नीति निर्माण, संसाधनों का संतुलित वितरण और भविष्य की रणनीति तैयार करना हैं। भारतीय जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। जातिगत जनगणना न पूरी तरह सही है, न गलत-यह उसके उपयोग पर निर्भर करती है। सही उपयोग से सामाजिक न्याय और विकास संभव है, जबकि दुरुपयोग से सामाजिक विभाजन बढ़ सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

डिजिटल जिम्मेदारी की ओर बढ़ते हिमाचल के निर्णायक कदम ‘ऑपरेशन क्लीन’

वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर (हि.प्र)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह विचारों, संस्कृतियों और जीवनशैली को प्रभावित करने वाला एक शक्तिशाली मंच बन चुका है।

इस मंच पर उभरे ‘इन्फ्लुएंसर’ आज लाखों करोड़ों लोगों के व्यवहार,सोच और पसंद को दिशा दे रहे हैं, लेकिन जिस तेजी से यह प्रभाव बढ़ा है उसी तेजी से इसके दुष्परिणाम भी सामने आए हैं। अश्लीलता, अभद्र भाषा, फर्जी प्रचार और नैतिकता से गिरते कंटेंट ने समाज को चिंतित कर दिया है। ऐसे में ‘ऑपरेशन क्लीन’ एक सराहनीय प्रयास है जो सोशल मीडिया को स्वच्छ , जिम्मेदार और एक सभ्य समाज निर्माण में सहायक सिद्ध हो रहा है।

‘इन्फ्लुएंसर’ वह व्यक्ति होता है, जो अपने कंटेंट के माध्यम से लोगों को प्रभावित करता है। यह प्रभाव फैशन, फिटनेस, शिक्षा, राजनीति, मनोरंजन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में देखा जा सकता है। पहले जहां समाज में हमारे आदर्श-शिक्षक, लेखक, वैज्ञानिक या समाज सेवी होते थे, वहीं आज एक वीडियो या रील बनाने वाला व्यक्ति भी लाखों लोगों का आदर्श बन जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि बहुत सारे ‘इन्फ्लुएंसर’ सकारात्मक कार्य कर रहे हैं और वे जागरूकता फैलाते हैं, शिक्षा देते हैं और समाज के अच्छे पहलुओं को उजागर करते हैं, लेकिन दूसरी ओर एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो केवल लोकप्रियता और पैसे के लिए किसी भी स्तर तक गिरने को तैयार है।

हिमाचल में ‘ऑपरेशन क्लीन’ अभियान प्रशासन और पुलिस का संयुक्त प्रयास है। इस अभियान को आगे बढ़ाने में प्रशासनिक स्तर पर भी पहल हुई है और इसमें खास तौर पर सहायक लोक संपर्क अधिकारी अजय बन्याल की भूमिका भी मुख्य रूप से दिखाई दे रही है। हिमाचल में चल रहे इस ‘ऑपरेशन क्लीन’ के तहत प्रशासन और पुलिस ने सोशल मीडिया पर फैल रहे अश्लील, भड़काऊ और गैर जिम्मेदार कंटेंट पर सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। यह कार्रवाई किसी एक दो लोगों तक सीमित नहीं रही, बल्कि कई इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर पर की गई है। कई अकाउंट्स को पुलिस द्वारा नोटिस भेजे गए और उन्हें अपना कंटेंट हटाने के निर्देश भी दिए गए। कुछ मामलों में एफआईआर दर्ज करने तक की भी नौबत आई। खासकर तब जब कंटेंट में गाली गलौज, धार्मिक टिप्पणी, या देशहित के विरुद्ध दिया गया बयान हो।

‘ऑपरेशन क्लीन’ इसी विकृत प्रवृत्ति पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास है। इसके अंतर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निगरानी, आपत्तिजनक सामग्री पर चेतावनी और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई की व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करना नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदारी के दायरे में लाना है। यह एक स्पष्ट संदेश है, कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ सामाजिक मर्यादाओं की अनदेखी नहीं हो सकता।

ऑपरेशन क्लीन हिमाचल एक सामाजिक और प्रशासनिक डिजिटल स्वच्छता अभियान है, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन आपत्तिजनक सामग्री को नियंत्रित कर सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना है। इसमें नागरिकों की भागीदारी को महत्वपूर्ण माना गया है, जहां लोग गलत या भ्रामक सामग्री की रिपोर्ट कर सक्रिय सहयोग देते हैं और जिम्मेदारी निभाते हैं। साथ ही सकारात्मक, शिक्षाप्रद और सांस्कृतिक सामग्री को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे डिजिटल माध्यमों पर स्वस्थ वातावरण विकसित हो सके। शिक्षा संस्थानों और अभिभावकों की भूमिका भी अहम है, जो युवाओं को डिजिटल साक्षरता सिखाकर सही और गलत सामग्री की पहचान करने में मदद करते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

हिमाचल में हीट वेव : ठंडी वादियों का बदलता मिजाज या विकास की अनदेखी

साहिल शर्मा
गांव बाहल अर्जुन, जिला हमीरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाल प्रदेश, जो कभी अपनी ठंडी हवाओं, बर्फीली चोटियों और सुकून भरे मौसम के लिए जाना जाता था, आज जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का सामना कर रहा है। जिस राज्य को गर्मियों में राहत की जगह माना जाता था, वही अब भीषण गर्मी और लू जैसी परिस्थितियों से जूझ रहा है। यह बदलाव केवल मौसम का सामान्य उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि एक गहरी और चिंताजनक जलवायु असंतुलन की चेतावनी है।

पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल के निचले और मध्यवर्ती जिलों जैसे ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। कई बार गर्मियों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब या उससे ऊपर पहुंच जाता है, जो इस पहाड़ी राज्य के लिए असामान्य है। यह स्थिति केवल एक अस्थायी घटना नहीं, बल्कि एक बदलते जलवायु पैटर्न का स्पष्ट संकेत है। अब यह समस्या केवल निचले इलाकों तक सीमित नहीं रही। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है। दोपहर के समय गर्मी का असर पहले की तुलना में अधिक महसूस किया जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़े और IPCC की रिपोर्टें यह स्पष्ट करती हैं कि हिमालयी क्षेत्र वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हो रहे हैं।

इस बदलाव के पीछे मुख्य कारण वैश्विक जलवायु परिवर्तन है, लेकिन स्थानीय मानवीय गतिविधियां भी उतनी ही जिम्मेदार हैं। अनियोजित शहरीकरण, वनों की कटाई, सड़क निर्माण के लिए पहाड़ों की कटाई और बढ़ता कंक्रीटीकरण वातावरण के प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ रहा है। पहले जो घने जंगल तापमान को नियंत्रित रखते थे, उनकी जगह अब इमारतों और कं,िट ने ले ली है, जिससे ‘हीट आइलैंड प्रभाव’ बढ़ रहा है। इसका असर केवल मौसम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों के जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा है। स्वास्थ्य के स्तर पर हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, सिरदर्द और थकान जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले किसान और मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगातार तेज धूप में काम करना पड़ता है।

जल संकट भी इस स्थिति का गंभीर परिणाम बनकर उभर रहा है। कई प्राकृतिक जल स्रोत सूख रहे हैं और नदियों का जलस्तर घट रहा है। इससे पेयजल आपूर्ति पर दबाव बढ़ता जा रहा है। यदि यह स्थिति जारी रही, तो हिमाचल जैसे अपेक्षाकृत जलसमृद्ध राज्य को भी भविष्य में पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

कृषि और बागवानी, जो हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, भी इस बदलाव से प्रभावित हो रही हैं। सेब जैसी फसलों को ठंडे मौसम की आवश्यकता होती है, लेकिन तापमान बढ़ने से उत्पादन पर असर पड़ रहा है। कई किसान फसल पैटर्न बदलने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे पारंपरिक कृषि व्यवस्था पर भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसके साथ ही, बढ़ती गर्मी ने जंगलों में आग लगने की घटनाओं को भी बढ़ा दिया है। हर साल वनाग्नि की घटनाएं अधिक हो रही हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि वन्यजीवों का जीवन भी खतरे में पड़ रहा है। यह एक ऐसा दुष्चक्र बन चुका है जिसमें गर्मी आग को बढ़ाती है और आग पर्यावरण को और अधिक गर्म बनाती है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए केवल सरकार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। सरकार को टिकाऊ विकास, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन और वनों के संरक्षण पर सख्त और दीर्घकालिक नीति अपनानी होगी। साथ ही, शहरीकरण को नियंत्रित और योजनाबद्ध बनाना भी आवश्यक है।

लोगों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। पेड़ों का संरक्षण, पानी की बचत, प्लास्टिक उपयोग में कमी व पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना सबकी जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। यदि समय रहते इस बदलते जलवायु संकट को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां इस प्राकृतिक विरासत को केवल कहानियों में ही जान पाएंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

हिमाचल प्रदेश में सेवा-विस्तार की परंपरा और प्रशासनिक पारदर्शिता की चुनौती

ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश में विभिन्न विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवा-विस्तार दिए जाने की प्रवृत्ति लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। कई दशकों से यह देखने को मिलता रहा है कि सेवानिवृत्ति की आयु पूरी करने के बाद भी कुछ अधिकारियों को 6 महीने, 1 वर्ष या उससे अधिक समय के लिए सेवा विस्तार प्रदान किया जाता है।

यह प्रक्रिया कभी-कभी आवश्यकता और अनुभव की कमी जैसे कारणों से उचित ठहराई जाती है, लेकिन कई बार इसके पीछे प्रशासनिक प्रभाव, राजनीतिक समीकरण और व्यक्तिगत रसूख की चर्चाएं भी सामने आती हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा प्रभाव विभागीय संरचना और पदोन्नति प्रक्रिया पर पड़ता है।

जब वरिष्ठ पदों पर बैठे अधिकारी सेवा-विस्तार के माध्यम से अपने कार्यकाल को बढ़ाते हैं, तो उनके नीचे कार्यरत योग्य और वरिष्ठ अधिकारियों को पदोन्नति के अवसरों के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार स्थिति यह भी बन जाती है कि अधिकारी बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो जाते हैं, जिससे उनमें असंतोष और निराशा की भावना उत्पन्न होती है।यह समस्या केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यक्षमता को प्रभावित करती है। युवा और नए अधिकारियों के लिए अवसर सीमित हो जाते हैं, जिससे प्रशासन में नई सोच और ऊर्जा का प्रवाह बाधित होता है। दीर्घकालिक रूप से यह स्थिति प्रणाली में ठहराव पैदा कर सकती है।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने पहले यह संकेत दिया था कि सेवा-विस्तार की परंपरा को सीमित या समाप्त करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। यहां तक कि इस विषय पर कुछ अधिसूचनाएं भी जारी की गई थीं, जिससे यह अपेक्षा बनी कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित होंगे। हालांकि, व्यवहारिक स्तर पर समय-समय पर विभिन्न विभागों में फिर से सेवा-विस्तार दिए जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे नीति और क्रियान्वयन के बीच अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। सेवा-विस्तार के समर्थक यह तर्क देते हैं कि कुछ तकनीकी, संवेदनशील या विशेषज्ञ पदों पर अनुभवी अधिकारियों की आवश्यकता बनी रहती है, और अचानक बदलाव से विभागीय कार्य प्रभावित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर, इसके आलोचक मानते हैं कि यह व्यवस्था नए अधिकारियों के अवसरों को बाधित करती है और प्रशासनिक सुधार की प्रि,या को धीमा कर देती है। इस पूरे मुद्दे का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह केवल पदोन्नति या व्यक्तिगत लाभ का विषय नहीं है, बल्कि शासन की गुणवत्ता और पारदर्शिता से जुड़ा हुआ प्रश्न है। यदि किसी भी व्यवस्था में अवसरों का संतुलन बिगड़ता है, तो उसका प्रभाव अंततः सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता पर भी पड़ता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार एक स्पष्ट, स्थायी और पारदर्शी नीति बनाए, जिसमें सेवा-विस्तार केवल अत्यंत विशेष परिस्थितियों में और ठोस औचित्य के आधार पर ही दिया जाए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पदोन्नति प्रक्रिया समयबद्ध और निष्पक्ष हो, ताकि योग्य अधिकारियों को उनका उचित अवसर मिल सके।

इसके अतिरिक्त, यह भी जरूरी है कि प्रशासनिक सुधारों में राजनीतिक और विभागीय स्तर पर सहमति बने। यदि पक्ष और विपक्ष मिलकर एक मजबूत ढांचा तैयार करें, तो इस समस्या का दीर्घकालिक समाधान संभव है। यह कहा जा सकता है कि सेवा-विस्तार की वर्तमान प्रथा को संतुलित और सीमित करने की आवश्यकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

छोटा पड्डल में 6 मई को होंगे ड्राइविंग टेस्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी (एसडीएम) सदर रुपिंदर कौर ने सूचित किया है कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए 6 मई की तिथि निर्धारित की गई है। यह टेस्ट बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क पर (छोटा पड्डल) मंडी में होंगे। उन्होंने आग्रह किया कि ड्राईविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए प्रतिभागी अपने फार्म फोटो के साथ पूर्ण रूप से भरकर फाइल सहित लाएं। उन्होंने बताया कि बिना फोटो, बिना फाइल, व अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस टैस्ट के लिये 2 मई को प्रातः 11:30 बजे से परिवहन.जीओवी.इन के माध्यम से स्लॉट बुक करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

जंजैहली में 60 पेटी अवैध शराब बरामद

अनंत ज्ञान, गोहर। 60 पेटी अवैध शराब पकड़ी। जंजैहली पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ आजकल शिकंजा कसा हुआ है पहले भी भारी मात्रा में एक सप्ताह पहले भी भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी थी। आज भी पुलिस ने मुखवीर सूचना के अनुसार पांडू शीला के गांव घनशाली में एक स्टोर से 60 पेटी बिआरवी संतरा बरामद हुई है।शराब एक स्टोर में जितेंद्र कुमार उर्फ गोल्डी ने जो निवासी जरोल का निवासी है छुपा कर रखी थी ।पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर अवैध शराब को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सेवानिवृत्ति पर अधीक्षक रमेश पठानिया सम्मानित

अनंत ज्ञान, अंकित कुमार, जोगिंदर नगर। दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अधीक्षक रमेश कुमार पठानिया शनिवार को सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सेक्रेटरी विजय जमवाल और प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने उन्हें टोपी, स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चेयरमैन ओम मरवाह और प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने संबोधित करते हुए उनकी सेवाओं की सराहना की। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाल जीवन और सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की कामना की। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के कृष्ण शर्मा, हरबंस शारदा, अशोक सूद, विपिन गुप्ता सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

असेंट पब्लिक स्कूल पधर ने बनाना मीडिया सेल

अनंत ज्ञान, पधर। असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर में शनिवार को विद्यालय की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए 'सोशल मीडिया' व 'प्रिंट मीडिया' सेल का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने की। सोशल मीडिया हेड के रूप में अनीता ठाकुर और सचिव के रूप में आशा ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई। व्हाट्सएप प्रबंधन ईशा ठाकुर व कृष्णा कुमारी देखेंगी, जबकि प्रिंट मीडिया प्रभारी द्रुतेश ठाकुर होंगी। छात्रों में वंशिका (ओवरऑल हेड) व शिवानी (सहायक) को नेतृत्व सौंपा गया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएप के लिए अलग-अलग छात्र प्रमुख नियुक्त किए गए हैं। वहीं, विभिन्न समाचार पत्रों के लिए नंदिनी, सृष्टि, लक्षित ठाकुर, ईशा, शिवांगी और अनिकेत को स्टूडेंट रिपोर्टर बनाया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह पहल छात्रों में संचार कौशल व नेतृत्व क्षमता को बढ़ाएगी और विद्यालय की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुंचाएगी।

सरकाघाट में कल होंगे बास्केटबॉल ट्रायल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए चयन ट्रायल 4 मई को सुबह 10 बजे सरकाघाट बास्केटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल कोच राकेश ठाकुर ने बताया कि ट्रायल में 2013, 2014 और 2015 में जन्मी छात्राएं भाग ले सकती हैं। प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। चयन में खिलाड़ियों की ऊंचाई, कौशल और प्रदर्शन को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित छात्राओं को 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा, जिसमें रहने, खाने और खेल सामग्री की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी।

नगर परिषद सुंदरनगर में अंतिम दिन 13 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

तीन दिन में कुल 33 नामांकन पत्र हुए दाखिल

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। नगर परिषद सुंदरनगर चुनाव के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया के तीसरे व अंतिम दिन शनिवार को विभिन्न वार्डों से कुल 13 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार तीन दिनों में कुल 33 उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 1-बाड़ी कुलवाड़ा से धनी राम, वार्ड 3-पुंघ से मनीषा देवी, वार्ड 4-सलाह से विनय कुमारी, वार्ड 5-भडोह से संदीप जम्वाल, वार्ड 6-बाहोट से अमित कुमार, वार्ड 7-बनायक से दीपक सेन, लकेश कुमार व गौरव सेन, वार्ड 8-अंबेडकर नगर से गंबरी देवी, वार्ड 9-भोजपुर से वनीता शर्मा, वार्ड 10-चांगर से रुमा देवी, वार्ड 11-पुराना बाजार से विजय कुमार तथा वार्ड 13-पूर्वी कॉलोनी से नेहा ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उन्होंने बताया कि प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 6 मई को सायं 3 बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उसी दिन शेष उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

सुंदरनगर में नामांकन दाखिल करता एक उम्मीदवार। अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर में नौ ने भरा नामांकन पत्र

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। नगर परिषद जोगिंद्रनगर के वार्ड सदस्यों के चुनाव को लेकर नामांकन के तीसरे दिन नौ लोगों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि आज नामांकन के तीसरे दिन नौ लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए है। इनमें वार्ड नंबर 1 से ममता कपूर व प्यार चंद , वार्ड नंबर 2 से प्रेरणा ज्योति,वार्ड नंबर 3 कमला देवी, वार्ड नंबर 4 से अजय, वार्ड नंबर 5 शिवाली ठाकुर, वार्ड नंबर 6 से गुरध्यान व राजीव कुमार तथा वार्ड नंबर 7 रीना देवी ने नामांकन दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि तीन दिनों में जोगिंदर नगर परिषद में कुल 18 नामांकन दाखिल किए गए हैं। जिनमें वार्ड नंबर 1 व 2 से तीन - तीन, वार्ड नंबर 3,4,5 व 6 से दो - दो, जबकि वार्ड नंबर 7 से चार नामांकन प्राप्त हुए हैं।

सरकाघाट में अंतिम दिन 8 पर्चे दाखिल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम एवं तीसरे दिन 8 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट ने बताया कि तीन दिनों की नामांकन प्रक्रिया के दौरान कुल 27 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। अंतिम दिन वार्ड नंबर 2 (रामनगर) से 3 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राम चंद्र विपन तथा शकुंतला शामिल हैं। वार्ड नंबर 4 (कलश) से निशा कुमारी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वार्ड नंबर 5 (कुणालग) से 2 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें मीना कुमारी तथा माया देवी शामिल हैं। वार्ड नंबर 7 से 2 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजु राम तथा सुमित कुमार ने अपने नामांकन पत्र भरे। 27 नामांकन पत्रों में से 10 आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत हैं, जिनमें 3 महिला एवं 7 पुरुष प्रत्याशी शामिल हैं।

गैस सिलेंडर महंगा छोटे कारोबारियों पर बढ़ा बोझः यदोपति

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव यदोपति ठाकुर ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद कीमतों में इजाफा किया जाना आम जनता और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। यदोपति ने आरोप लगाया कि चुनावी अवधि के दौरान कीमतों को नियंत्रित रखा गया, जबकि बाद में बढ़ोतरी कर दी गई, जिससे आम उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा। उनका कहना है कि कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने से ढाबा संचालकों, रेस्तरां मालिकों और छोटे खाद्य कारोबारियों की लागत बढ़ेगी, जिसका प्रभाव अंततः आम लोगों पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि इससे अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है। यदोपति ने केंद्र सरकार से बढ़ी हुई कीमतों पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि आम जनता को राहत देना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर जनता के हित में अपनी आवाज उठाती रहेगी।

मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन देवधार-टीहरा में सौंपी जिम्मेदारियां

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सीनियर सेकेंडरी मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन देवधार, टीहरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए भव्य बैज समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य दीनानाथ पठानिया ने की। छात्र नेतृत्व को प्रोत्साहित करने तथा अनुशासन, जिम्मेदारी एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय की हेड गर्ल के रूप में रिद्धिमा तथा हेड बॉय के रूप में सार्थक शर्मा को चुना गया। दोनों विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से बैज पहनाकर सम्मानित किया गया और आगामी सत्र के लिए विद्यालय के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही विद्यालय के चारों सदनों का भी गठन किया गया। माउंटेन हाई सदन से कक्षा 12वीं के अनुज चंदेल एवं प्रीति वर्मा को कप्तान नियुक्त किया गया, जबकि कक्षा जमा एक के हार्दिक एवं प्राची को उप कप्तान चुना गया। ओसियन ब्लू सदन से कक्षा 12वीं के अभय राणा एवं आस्था को कप्तान बनाया गया, वहीं कक्षा जमा एक के नीतिश ठाकुर एवं धनिका को उप कप्तान की जिम्मेदारी दी गई।

प्लेनेट ए सदन से जमा दो के आरुष अत्री एवं बंशिका को कप्तान तथा जमा एक के सूर्यांश एवं मुस्कान को उप कप्तान नियुक्त किया गया। रिवर डेल सदन से कक्षा 12वीं के हिमांशु शर्मा एवं राशि को कप्तान तथा जमा एक के आदित्य चंदेल एवं मन्नत को उप कप्तान चुना गया। विद्यालय प्रशासन ने सभी सदनों को स्कूल में अनुशासन, प्रातःकालीन सभा के सफल संचालन, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन तथा विभिन्न आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

द्रंग भाजपा में गुटबाजी की चर्चाएं निराधारः चंदन पंडित

अनंत ज्ञान, पधर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव चंदन पंडित ने द्रंग भाजपा में गुटबाजी और असंतोष की चर्चाओं को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि द्रंग भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के मार्गदर्शन और स्थानीय विधायक पूर्ण चंद ठाकुर के नेतृत्व में मजबूती से खड़ी है। जारी बयान में चंदन पंडित ने स्पष्ट किया कि संगठन में किसी प्रकार की दरार या मतभेद नहीं है। भाजपा एक परिवार की तरह है, जहां व्यक्ति से बड़ा संगठन होता है, लेकिन कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि द्रंग की जनता और भाजपा संगठन ऐसे चेहरों को पहचान चुके हैं और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि जो नकारात्मक बातें फैलाई जा रही हैं, वे उन लोगों की बौखलाहट हैं जिन्हें पार्टी और जनता ने नकार दिया है। चंदन पंडित ने दावा किया कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा समर्थित प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह और जनता के समर्थन को देखकर विपक्ष में घबराहट है, इसलिए वे इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि द्रंग की जनता विकास और मजबूत नेतृत्व के साथ है और आने वाले चुनाव परिणाम विरोधियों को करारा जवाब देंगे।

कुफरीधार में गहराया पेयजल संकट

ग्रामीणों ने समस्या का समाधान करने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

करसोग। करसोग उपमंडल के ग्राम पंचायत कुफरीधार के गांव सोपा सेरी, बखैडी व आस पास के इलाकों में पिछले लगभग दो महीनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में पानी की नियमित सप्लाई पूरी तरह बाधित है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण लीलाधर के अनुसार सोपा सेरी गांव का हैंडपंप भी पिछले एक महीने से खराब पड़ा हुआ है। आरोप है कि जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों ने हैंडपंप को खोलकर छोड़ दिया, लेकिन आज तक उसे ठीक नहीं किया गया। विभाग द्वारा आवश्यक सामान उपलब्ध करवाने में भी आनाकानी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई बार जल शक्ति विभाग करसोग के कार्यालय में समस्या को लेकर जा चुके हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इतना ही नहीं, शिकायत कर्ता सोहेल कुमार, देवेंद्र कुमार, कृष्ण लाल, बिहारी लाल ने बताया कि 25 अप्रेल को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज करवाई गई, परंतु समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

ग्रामीणों ने बताया कि पानी की कमी के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने एसडीएम करसोग को एक ज्ञापन सौंपा है और मांग की है कि मामले का शीघ्र संज्ञान लेकर खराब हैंडपंप को ठीक करवाया जाए तथा नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए। वहीं, एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने कहा कि जल शक्ति विभाग को निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि क्षेत्र बासियों की मांग जायज है।

पेयजल समस्या को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण। अनंत ज्ञान

शिक्षा के साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी ध्यान दें विद्यार्थीः डॉ. धरवाल

जोगिंद्रनगर कॉलेज में नैतिक मूल्यों के महत्व पर व्याख्यान आयोजित

अनंत ज्ञान

अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर। राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में शनिवार को 'शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए नैतिक मूल्यों का महत्व' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रकाश चौहान ने की।

यह कार्यक्रम मुख्य रूप से महाविद्यालय के बीबीए, बीसीए और स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में रसायन विभाग से सेवानिवृत सह-आचार्य डॉ. धर्मवीर धरवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ के अलावा क्लस्टर महाविद्यालयों के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल, द्रंग और मुल्थान के प्राचार्य एवं स्टाफ ने भी वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

डॉ. धरवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों के बावजूद शिक्षा के प्रति निरंतर अग्रसर रहना आवश्यक है।

बदलते सामाजिक एवं अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में भविष्य में और जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी ध्यान देना चाहिए, जो नैतिकता एवं सकारात्मक पारंपरिक मूल्यों की मजबूत नींव पर आधारित हो।

पंचायत चुनाव के चलते बालीचौकी मेले को लेकर असमंजस की स्थिति

◆ **5 मई को होने वाली बैठक में होगा मेले पर फैसला**

अनंत ज्ञान

नूतन ठाकुर, बालीचौकी। जिलास्तरीय 5 दिवसीय बालीचौकी मेले के आयोजन को लेकर इस बार असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हर वर्ष 23 से 27 मई तक आयोजित होने वाला यह ऐतिहासिक मेला इस बार पंचायतीराज चुनावों की वजह से चर्चा में है। हालांकि तय तिथियों पर मेले के आयोजन की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है, लेकिन ऐसी स्थिति में यह आयोजन केवल देव कार्रवाई तक सीमित रह सकता है।

प्रशासन की ओर से मेले के आयोजन को लेकर सभी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, जबकि अंतिम निर्णय अभी देवता कमेटी की सहमति पर निर्भर है। प्रशासन ने जून माह में मेले के आयोजन का विकल्प भी खुला रखा है, ताकि चुनावी व्यस्तताओं के बीच भी इस पारंपरिक आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न किया जा सके। इस संबंध में प्रशासन और देवता कमेटी के बीच 5 मई को एक अहम बैठक निर्धारित की गई है, जिसमें मेले की तिथियों को लेकर अंतिम फैसला लिया जाएगा। इस बैठक के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी कि इस वर्ष मेला अपने पारंपरिक स्वरूप में होगा या सीमित आयोजन तक सिमट जाएगा। मई माह के अंतिम सप्ताह में पंचायत चुनावों की तिथियां तय होने के कारण प्रशासनिक अमला पूरी तरह चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त रहेगा। 26, 28 और 30 मई को मतदान निर्धारित है, जबकि बालीचौकी क्षेत्र में 28 मई को मतदान होना है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों की तैनाती और अन्य व्यवस्थाओं के चलते मेले के आयोजन में व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही हैं।

सिया को न्याय दिलाने के लिए बना मंच

मंच कल प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश और सरकाघाट पुलिस को सौंपेगा मांगपत्र

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। गोपालपुर क्षेत्र के नैण गांव में 13 अप्रैल को सिया गुलेरिया की निर्ममता से की गई हत्या के बीस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक अपनी जांच पूरा नहीं कर पाई है। हालांकि हत्यारे को घटना के दिन ही ग्रामीणों और पुलिस ने पकड़ लिया था, लेकिन अब भी मामला कोर्ट में पेश नहीं किया गया है, जिससे परिवारजनों और क्षेत्रवासियों में कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस जघन्य अपराध के खिलाफ़ एकजुटता दिखाते हुए एक दर्जन से ज़्यादा संगठनों ने सिया न्याय एवं यादगार मंच गठित किया है और उसके माध्यम से 4 मई को मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश और सरकाघाट पुलिस को मांगपत्र सौंपा जायेगा। वहीं एफएफआई छात्र संगठन शिमला में पुलिस महानिदेशक को अलग से मिलेगा और जल्द जांच पूरा करने की मांग करेगा और इस मुकदमें की सुनवाई फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट की सुनवाई शुरू करवाने की मांग करेगा और सुनवाई सरकाघाट कोर्ट में ही करने की मांग करेगा।

गौरतलब है कि गत 29 अप्रैल को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने नेता एवं पूर्व ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह,एडवोकेट सुरेश शर्मा और दिनेश ठाकुर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के भोलादत कशयप, सतीश कुमार, सुनीता पटियाल ,नँद लाल राव और एसएफआई के राज्य एवं ज़िला प्रधान सहित अन्य लोगों ने उनके परिवारजनों से मुलाकात करके सिया गुलेरिया को न्याय दिलवाने का संकल्प दोहराया था और निर्णय लिया था कि जांच प्रक्रिया की अब तक कि प्रगति और इसमें तेज़ी लाने के बारे में विभिन्न संगठन सामूहिक रूप में 4 मई को डीएसपी सरकाघाट से मुलाक़ात करेगें और उन्हें ज्ञापन सौंपेगें ।उसी फैसले के तहत एडवोकेट सुरेश शर्मा,नन्दलाल राव और ऋत्विक के नेतृत्व में मंच गठित किया गया है जो जांच जल्दी पूरा करने करने और कोर्ट में चालान पेश करने की मांग उठायेगा और इस मुकदमे की सुनवाई रूटीन में न करके फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए और जल्दी हत्यारे को कठोर सजा दी जाए ।इसी प्रकार शिमला में पुलिस महानिदेशक को एसएफआई ज्ञापन सौंपेगी साथ ही मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक को भी इसकी जांच जल्दी पुरा करने के लिए कर्यवाई करने और परिवार को वित्तिय सहायता प्रदान करने की मांग की जाएगी। भूपेंद्र सिंह ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अभी तक दिवंगत सिया के परिवार को किसी तरह की वित्तिय सहायता प्रदान नहीं कि गयी है जो सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

विश्राम गृह भोजपुर में लगे कचरे के ढेर, हालत खराब

अनंत ज्ञान

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। भोजपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले विश्राम गृह के परिसर की हालत चिंताजनक बनी हुई है। परिसर के पिछले हिस्से के दोनों कोनों में कचरे के ढेर लगे हैं, जबकि पिछले गेट के बाहर सड़ता हुआ कूड़ा बदबू फैला रहा है। यहां आने वाले लोगों का स्वागत इसी गंदगी से होता है। खाने-पीने के बाद फेंकी गई बोतलों और अन्य कचरे ने इस सरकारी क्षेत्र की छवि को धूमिल कर दिया है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 से जुड़ा यह स्थान ऐतिहासिक महत्व रखता है और पूर्व सुकेत रियासत की एक सुंदर धरोहर माना जाता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग सफाई व्यवस्था बनाए रखने में विफल नजर आ रहा है।

बुद्धिजीवियों ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही यहां सफाई और सुविधाओं में सुधार किया जाए।

सौंदर्यीकरण की मांग

यह विश्राम गृह, जिसे पुराने समय में डाक बंगला कहा जाता था, अपने साथ समृद्ध इतिहास समेटे हुए है। कहा जाता है कि स्वतंत्रता से जुड़े क्रांतिकारी भी यहां योजनाएं बनाते थे। समय के साथ वहां मंदिर का निर्माण हो गया है, जहां नियमित पूजा-पाठ होता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस ऐतिहासिक स्थल का सौंदर्यीकरण किया जाए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही छोटे और बड़े वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था भी की जानी चाहिए।

रशीद ने बड़ी और राहुल ने जीती छोटी माली

◆ **चम्याणू में उत्तरी भारत के पहलवानों ने दिखाया दमखम**

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के चम्याणू बैहल में हर साल की भांति इस वर्ष भी लख दाता छिंज प्रतियोगिता चम्याणु बैहल में कमेटी सदस्यों यशवंत राठौड़, जगदीश चंद गुलेरिया सुरेंद्र जरयाल अच्छर राम शर्मा विधि चंद गुलेरिया, सुरेश कुमार, विनोद शर्मा, सुंदर सिंह व मेहर सिंह तथा ग्राम निवासियों के प्रयास से एक विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से हरियाणा पंजाब राजस्थान हिमाचल प्रदेश कश्मीर उत्तराखंड दिल्ली आदि राज्यों से आए नामी पहलवानों ने अपने जौहर दिखा कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। दंगल में छोटी माली और बड़ी माली के मुकाबले करवाए गए। छोटी माली का मुकाबला सलमान दिल्ली और राहुल यूपी के बीच खेला गया, जिसमें राहुल ने खिताब अपने नाम किया। वहीं, दूसरी बड़ी माली के रोमांचक मुकाबला पवन सोनीपत और रसीद मलेरकोटला के बीच खेला गया, जिसमें रसीद ने पवन को हराकर खिताब अपने नाम किया कमेटी की तरफ से छोटी माली के विजेता को 11 हजार और गुर्ज तथा हारने वाले को 90 हजार रुपए दिए गए तथा बड़ी माली के विजेता को 21 हजार रुपए के साथ गुरज तथा हारने वाले को 18 हजार रुपए की राशि दी गई।

समारोह उल्लास के साथ मनाया गया हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात का स्थापना दिवस

पंजाब राजभवन में मंडी के कलाकारों ने बिखेरा जलवा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। पंजाब राजभवन के लोक भवन में शुक्रवार शाम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात का स्थापना दिवस सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में तीनों राज्यों की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता की झलक देखने को मिली, वहीं राष्ट्रीय एकता का संदेश भी दिया गया। समारोह में हिमाचल के मंडी जिला से आमंत्रित 'माण्डव्य कला मंच' के 11 कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

संस्थापक एवं टीम प्रभारी कुलदीप गुलेरिया के नेतृत्व में कलाकारों ने पारंपरिक लुड्डी नृत्य प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी। इसके अलावा प्रसिद्ध कोरियोग्राफर संतोष नायर के निर्देशन में प्रस्तुत फिनाले 'जय हिमाचल हिम का आंचल' में भी मंच के कलाकारों ने भाग लेकर हिमाचली संस्कृति का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि भारत की असली शक्ति उसकी विविधता में निहित है और सभी राज्यों की सामूहिक प्रगति से ही देश विकसित राष्ट्र बनेगा। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में तीनों राज्यों के 81 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया।

महाराष्ट्र की लावणी और सोंगी मुखौटा नृत्य ने जहां समां बांधा, वहीं गुजरात के डांडिया, तलवार रास और राठवा नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के अंत में माण्डव्य कला मंच के कलाकारों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

पंजाब राजभवन के लोक भवन में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम गणमान्य के साथ मंडी के माण्डव्य कला मंच के कलाकार। अनंत ज्ञान

न्यूज ब्रीफ

युवक को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

अनंत ज्ञान, बड़ूही। ऊना जिले के बड़ूही क्षेत्र की पंचायत धंधड़ी के 23 वर्षीय युवक विकास का शनिवार को पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। हाल ही में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में उनकी असामयिक मृत्यु के बाद जब पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार में सैकड़ों ग्रामीण, रिश्तेदार और आसपास के लोग शामिल हुए। श्मशान घाट पर माहौल बेहद भावुक रहा। मां, पिता मदन लाल और बड़ा भाई विशाल गहरे सदमे में नजर आए, जबकि ग्रामीणों ने परिवार को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों ने विकास को मेहनती और जिम्मेदार युवक बताते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उन्होंने प्रशासन से सड़कों के किनारे खड़े भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई, रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेत अनिवार्य करने की मांग की। इस घटना ने एक बार फिर लापरवाही के खतरनाक परिणामों को उजागर किया है।

लोगों ने की ट्रांसफार्मर अपग्रेड करने की मांग

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना के टक्का राम सहाय वार्ड नंबर 6 और हलेंड कुरियाला क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से लो वोल्टेज की समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है। यहां लगे 63 केवी और 25 केवी ट्रांसफार्मर बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं। गर्मियों में स्थिति और खराब हो जाती है, जिससे पंखे और कूलर सही से नहीं चल पाते। स्थानीय निवासियों का कहना है कि समस्या 5-6 वर्षों से बनी हुई है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। लोगों ने बिजली विभाग से दोनों ट्रांसफार्मरों को 100 केवी में अपग्रेड करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई न होने पर वे आंदोलन करेंगे।

प्रो. अनु को दी विदाई, कॉलेज परिवार भावुक

अनंत ज्ञान, बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में संगीत विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका एवं उपप्राचार्य प्रो. अनु अत्री के सेवानिवृत्ति पर भावपूर्ण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा सहित स्टाफ और कर्मचारी मौजूद रहे। स्टाफ सेक्रेटरी डॉ. कुलदीप सिंह ने संचालन किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रो. अत्री ने विद्यार्थियों को संगीत के साथ अनुशासन और संस्कार भी सिखाए। सहकर्मियों ने उनके समर्पण और स्नेहपूर्ण स्वभाव की सराहना की। महाविद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मान-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए। समारोह में उनके पति सुरेंद्र अत्री और परिवारजन भी उपस्थित रहे, जिससे माहौल और भावुक हो गया।

पर्यावरण संरक्षण में संदीप के प्रयासों की सराहना

अनंत ज्ञान, जोल। श्री हीरा आत्म आश्रम में आयोजित आध्यात्मिक समागम में संदीप कुमार के पर्यावरण संरक्षण कार्यों की सराहना की गई। आश्रम संचालक स्वामी नारायण पुरी ने कहा कि पॉलिथीन मुक्त अभियान, स्वच्छता और पौधारोपण जैसे प्रयास वर्तमान समय में बेहद जरूरी हैं। उन्होंने इन पहलों को समाज के सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में संदीप कुमार ने स्वामी जी को चुनरी भेंट कर आशीर्वाद लिया। स्वामी जी ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने और ऐसे अभियानों से जुड़ने की अपील की। श्रद्धालुओं ने भी इस पहल को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

नीट परीक्षा: परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। तीन मई को होने वाली नीट-यू जी परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बिलासपुर के सदर व घुमारवीं के परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 बीएनएसएस लागू की गई है। बिलासपुर में 3 और घुमारवीं में 2 केंद्र बनाए गए हैं। 3 मई को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक केंद्रों के आसपास राजनीतिक-सामाजिक आयोजन, जुलूस, रैली, नारेबाजी, हड़ताल, लाउडस्पीकर, निर्माण कार्य, तंबू/मंच की स्थापना, तथा हथियार/लाठी/गोला-बारूद लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

ब्राह्मण सभा का विशेष महाधिवेशन 6 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा का विशेष महाधिवेशन 6 मई को देव सदन ढालपुर में आयोजित किया जाएगा। यह महाधिवेशन प्रदेशाध्यक्ष पंडित मनमोहन गौतम के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:30 बजे होगा। इस महाधिवेशन में समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। आयोजन में पंडित विजय गौतम और पवन शर्मा की विशेष भागीदारी रहेगी। सभी सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

सदर विकासखंड में चुनावी प्रक्रिया तेज 26, 28 और 30 मई को होगा मतदान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सदर विकासखंड में पंचायतीराज चुनावों की प्रक्रिया पूरी गति से चल रही है। खंड विकास अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 7, 8 और 11 मई को होगी, जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार 14 और 15 मई को अपने नाम वापस ले सकेंगे और चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे। मतदान 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होगा, जिसमें 49 पंचायतों के 311 वार्ड और 25 बीडीसी वार्ड शामिल हैं। चुनाव की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विजय कुमार ने मतदाताओं से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण मतदान में भाग लें।

संगीरठीं स्कूल में शिक्षकों की कमी, पढ़ाई प्रभावित

अनंत ज्ञान ब्यूरो , बिलासपुर। राजकीय प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला संगीरठीं में शिक्षकों की कमी को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा उपनिदेशक अरुण गौतम से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जेबीटी और एमटीडब्ल्यू के पद पिछले पांच वर्षों से रिक्त हैं, जबकि स्कूल में 50 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। एक ही शिक्षक होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उपनिदेशक ने जल्द नियुक्ति का आश्वासन दिया।

डे-केयर सेंटर डियारा में जांचा बुजुर्गों का स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। मानव सेवा ट्रस्ट की ओर से डियारा स्थित डे-केयर सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डॉ. जितेंद्र कुमार ने 29 लोगों का बीपी और शुगर जांची तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। चेयरमैन एडवोकेट प्रकाश चंद बंसल ने कहा कि ऐसे शिविर आगे भी जारी रहेंगे।

जल संरक्षण को लेकर निकाली जागरुकता रैली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय उच्च विद्यालय बध्यात में जल पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने रैली निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया और प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई भी की। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्याध्यापक अरुण भारद्वाज ने किया।

नेशनल प्रतियोगिता में शौर्यवीर ने जीता रजत पदक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर । हनुमान अखाड़ा लखनपुर के पहलवान शौर्यवीर ने पुणे में आयोजित अंडर-17 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि पर कोच बलबीर ठाकुर और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई।

शाहतलाई दंगल में हामिद बने हिमाचल केसरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ दंगल में हामिद (ईरान) ने अभिनायक (यूपी) को हराकर हिमाचल केसरी का खिताब जीता। विजेता को 1 लाख और उपविजेता को 71 हजार रुपए दिए गए। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हरनोड़ा में 8 मई को होगा विशाल दंगल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। दंगल कमेटी हरनोड़ा द्वारा 8 मई को भव्य कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 7 मई को पारंपरिक कार्यक्रम और 8 मई को मुख्य मुकाबले होंगे। आयोजकों ने लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

हर केंद्र पर मतदान के तुरंत बाद होगी मतगणना : उपायुक्त

तीन चरणों में होगा पंचायत चुनाव, जिला परिषद व समितियों की मतगणना 31 को

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जनित लाल ने बताया कि जिला ऊना में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन–2026 का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। इसके लिए विस्तृत मतदान सारणी जारी कर दी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के सभी उपमंडलों में 26, 28 और 30 मई को मतदान संपन्न होगा, जबकि 31 मई को जिला परिषद एवं पंचायत समितियों की मतगणना की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि यह संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन नियम), 1994 के अंतर्गत नियम 33 के तहत प्रारूप–17 में जारी की गई है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए तथा राज्य निर्वाचन आयोग के सभी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान के तुरंत बाद मतगणना की व्यवस्था की गई है। अधिकांश पंचायतों की मतगणना संबंधित ग्राम पंचायत भवनों, विद्यालयों या निर्धारित सामुदायिक भवनों में की जाएगी, जबकि कुछ स्थानों पर विशेष केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तर पर जिला परिषद वार्डों और पंचायत समितियों की मतगणना 31 मई को की जाएगी। उपमंडल अंब की मतगणना राजकीय महाविद्यालय अंब में, बंगाणा की अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में, गगरेट की आईटीआई गगरेट में तथा ऊना की राजकीय महाविद्यालय ऊना में संपन्न होगी। इसी प्रकार हरोली की मतगणना रावमापा हरोली में की जाएगी।

उपायुक्त जनित लाल ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने सभी मतदाताओं से भी लोकतंत्र के इस पर्व में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की।

पहले चरण में अंब क्षेत्र की घंघरेट, गिंडपुर मलौन, खरोह सहित कई पंचायतें हैं शामिल

पहले चरण का मतदान 26 मई को होगा। इस चरण में उपमंडल अंब, बंगाणा, गगरेट, ऊना और हरोली की कई ग्राम पंचायतों में मतदान संपन्न कराया जाएगा। इनमें अंब क्षेत्र की घंघरेट, गिंडपुर मलौन, खरोह, डूहल बटवाला सहित अनेक पंचायतें शामिल हैं। इसी प्रकार ऊना उपमंडल में देहलां, बसाल, नंगड़ा, टक्का, फतेहपुर और अन्य पंचायतों में मतदान होगा। गगरेट, बंगाणा और हरोली उपमंडलों की भी कई पंचायतें इस चरण में शामिल हैं।

दूसरे चरण में 28 मई को मतदान होगा, जिसमें उपमंडल अंब, बंगाणा, गगरेट, ऊना और हरोली की शेष पंचायतें शामिल की गई हैं। इस चरण में धर्मशाला महंता, नारी चिंतपूर्णी, मुबारिकपुर, भैरा, टकारला, कुठेड़ा खैरला, धुंदला, थानाकलां, रायपुर, सोहारी, लोहरली, रामनगर, संघनेई, अम्बोटा, सलोह, हरोली और आसपास की कई पंचायतों में मतदान प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

तीसरे चरण का मतदान 30 मई को होगा, जिसमें शेष बची पंचायतों में चुनाव संपन्न होंगे। इस चरण में ज्वाल, भटेड़, छपरोह, धर्मशाला महंता, मंधोली, सपौरी, हम्बोली, नंदपुर, सारड़ा, शिवपुर, जखेड़, कटौहड़ कलां, ठठल, चंगर, चुल्हड़ी, धनेत, बल्ह खालसा सहित कई पंचायतें शामिल हैं।

पंचायत चुनावों के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की जिम्मेदारी तय, एसडीएम संभालेंगे दायित्व

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों के मद्देनज़र ज़िला परिषद के विभिन्न वार्डों के लिए संबंधित उपमंडलों के एसडीएम को रिटर्निंग अधिकारी नामित किया है। एसडीएम को ज़िला परिषद वार्डों के लिए नामांकन पत्र प्राप्त करने, उनकी विधिवत जांच करने तथा प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सम्पन्न करवाया जा सके।

उन्होंने बताया कि उपमंडल अम्ब के तहत जिला परिषद वार्ड मुबारिकपुर, कुठेडा खैरला और ठठल के लिए एसडीएम अम्ब को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपमंडल बंगाणा के तहत जिला परिषद वार्ड सोहारी, लठियानी और धनेत किलिये एसडीएम बंगाणा, उपमंडल ऊना के तहत ज़िला परिषद वार्ड टक्का, चताड़ा, देहलां अप्पर और रायपुर सहोड़ा के लिए एसडीएम ऊना, उपमंडल हरोली के तहत ज़िला परिषद वार्ड बाथू, दुलैहड़, हरोली और पंजवार के लिए एसडीएम हरोली तथा उपमंडल गगरेट के तहत ज़िला परिषद वार्ड अम्बोटा, चलेट और भंजाल लोअर के लिए एसडीएम गगरेट को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्ति किया गया है।

इसके अतिरिक्त, संबंधित एसडीएम को पंचायत समिति सदस्य, प्रधान, उपप्रधान एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के चुनावों के लिए विकास खंड अम्ब, बंगाणा, ऊना, हरोली और गगरेट में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति करने के लिए भी अधिकृत किया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया का हिमाचल प्रदेश चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पादन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं।

बच्चों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं इंट्यूशन कार्यक्रम : डीसी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। उपायुक्त ने शनिवार को विशेष बच्चों के आश्रय स्कूल, आश्रय स्कूल में आर्ट ऑफ़ लिविंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित दस दिवसीय 'आर्ट ऑफ लिविंग इंट्यूशन प्रोग्राम' में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपायुक्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आश्रय स्कूल विशेष बच्चों के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है तथा इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनते हैं। उन्होंने कहा कि इंट्यूशन कार्यक्रम बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे प्रशिक्षण बच्चों के फोकस, आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता को मजबूत बनाते हैं तथा जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्हें सक्षम करते हैं।

उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों के भीतर अपार संभावनाएं होती हैं, जिन्हें सही मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देकर नई दिशा दी जा सकती है। शिक्षा के साथ जीवनोपयोगी प्रशिक्षण एवं प्रेरणादायी गतिविधियां उनके समग्र व्यक्तित्व विकास की मजबूत आधारशिला बनती हैं।

डीसी ने आश्रय स्कूल प्रबंधन एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक और सकारात्मक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमरजीत, हरजीत सिंह मनकोटिया, सुरेश ऐरी, पूनम लता सहित 30 बच्चों ने भाग लिया।

ऊना में 21 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना जिले के सदर थाना क्षेत्र के जखेड़ा गांव में 21 वर्षीय युवती तमन्ना शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। वह खालसा कॉलेज आनंदपुर साहिब में बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा थी और छुट्टियों में घर पर रह रही थी। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को पशुओं को चारा डालने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसे उल्टियां होने लगीं। परिजन उसे तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई जा रही है, जबकि मौत के वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

वीपीएस ऊना में कैलीग्राफी व डेक्लामेशन प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा की चमक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने व उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कैलीग्राफी व डेक्लामेशन प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए डेक्लामेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

वीपीएस ऊना में प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थी व अन्य। अनंत ज्ञान

इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सुंदर, स्पष्ट और सुसंगत अंग्रेज़ी हस्तलेखन के प्रति रुचि विकसित करना था। वहीं डेक्लामेशन प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की वक्तृत्व कला, तार्किक सोच और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया गया।

परिणामों में कक्षा प्रथम (स्ट्रॉबेरी ग्रुप) में शिवांशी शर्मा और इवान संगत प्रथम, किरण व अनन्या ठाकुर द्वितीय तथा समायरा तृतीय रहीं। कक्षा द्वितीय में अभिधा रावल और शानवी शर्मा प्रथम, वियान चौधरी और धारवी शर्मा द्वितीय, जसकीरत कौर और अदिरा डडवाल तृतीय रहे। कक्षा तृतीय (एप्पल ग्रुप) में नित्या धीमान प्रथम, रियांश धीमान द्वितीय और मान्या सोनी तृतीय रहीं। कक्षा चतुर्थ में अभिनव दत्त प्रथम, राजवीर कौर व सहजदीप कौर द्वितीय तथा आयुष वशिष्ट व अंशदीप कौर तृतीय रहे।

डेक्लामेशन प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से दिविशा पराशर प्रथम, रियांश ठाकुर व अकीरा दीप द्वितीय और वेदिका व कनिका ठाकुर तृतीय रहीं। मैंगो ग्रुप में श्लोक शर्मा प्रथम, ईशा शर्मा व पीहू शर्मा द्वितीय और दिव्यांशी तृतीय रहीं। मेलन ग्रुप में गुरलीन कौर प्रथम, कनन ठाकुर व नंदिनी पुरी द्वितीय तथा तनीशा धीमान व सुहाना अरोड़ा तृतीय रहीं।

विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि सुंदर लेखन विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और सौंदर्यबोध विकसित करता है। प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व तार्किक अभिव्यक्ति को सुदृढ़ करती हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को शुभकामनाएं दी गईं।

नयना देवी में शौचालय में मिला व्यक्ति का शव

अनंत ज्ञान, नयना देवी/ बिलासपुर। श्री नयना देवी क्षेत्र के गुफा पार्किंग के पास स्थित नगर परिषद के सार्वजनिक शौचालय में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, गगनदीप पुत्र बलजीत सिंह, निवासी वार्ड नंबर 1, श्री नयना देवी ने पुलिस को सूचना दी कि शौचालय के दो दरवाजों में से एक पर ताला लगा है, जबकि दूसरा अंदर से बंद है और बार-बार आवाज देने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिल रहा। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी नयना देवी की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में शौचालय का निरीक्षण किया। संदेह होने पर आगे की खिड़की की जाली हटाकर पुलिस अंदर दाखिल हुई, जहां एक व्यक्ति औंधे मुंह गिरा हुआ मिला। उसके माथे पर हल्की चोट के निशान पाए गए। मौके पर मौजूद लोगों गगनदीप और रामनाथ ने मृतक की पहचान बनारसी दास के रूप में की, जो लंबे समय से उक्त शौचालय में कार्यरत था। प्राथमिक जानकारी के अनुसार मृतक बनारसी दास पुत्र मुल्खराज, निवासी जिला गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला बताया जा रहा है। हालांकि उसके परिजनों और रिश्तेदारों के बारे में अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है।

बरमाना जिप वार्ड में सियासी समीकरण बदले, वर्मा की दावेदारी से मुकाबला रोचक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। पंचायतीराज चुनावों के ऐलान के साथ ही जिला बिलासपुर के बरमाना जिप वार्ड–10 में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। प्रदेश इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट भगत सिंह वर्मा के मैदान में उतरते ही इस सीट के समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं और मुकाबला अब पहले से अधिक दिलचस्प हो गया है।

जिला परिषद के बरमाना वार्ड नंबर–10 से वर्मा की दावेदारी सामने आते ही उन्हें इस बार अध्यक्ष पद की दौड़ में संभावित 'गेमचेंजर' के रूप में देखा जा रहा है। उनकी एंट्री ने न केवल कांग्रेस खेमे में उत्साह बढ़ाया है, बल्कि विपक्षी रणनीतियों को भी नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। बरमाना वार्ड की कुल 13 पंचायतों में से नैहर–हरनोडा को छोड़कर शेष 12 पंचायतों में फिलहाल वर्मा का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। वहीं नैहर–हरनोडा पंचायत से अन्य संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता भी बढ़ने लगी है, जिससे यहां मुकाबला बहुकोणीय होने के संकेत मिल रहे हैं। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रहे वर्मा दो बार जिला परिषद सदस्य रह चुके हैं। समर्थकों के बीच उन्हें संभावित अध्यक्ष पद का प्रमुख चेहरा भी बताया जा रहा है। कांग्रेस खेमे में भी वर्मा की दावेदारी को मजबूत माना जा रहा है, हालांकि पार्टी स्तर पर अंतिम निर्णय अभी शेष है। इस बीच जिले के मंत्री राजेश धर्माणी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रत्याशी पर कोई दबाव नहीं बनाया जाएगा और चयन निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा। वर्मा के समर्थन में एडवोकेट नम्रता कुमारी, एडवोकेट सुनील वैद्य, कांग्रेस सेवा दल के रोशन लाल ठाकुर, बीडीसी सदस्य बंसल, बालकराम ठाकुर, अमरनाथ भाटिया, जगदीश शर्मा, मनोज कुमार, विनय भारद्वाज और शिवराम सिमर सहित करीब दो दर्जन सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खुलकर समर्थन जताया है। गौरतलब है कि वर्मा लंबे समय से जन मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं। उन्होंने एसीसी विस्थापितों, कोल बांध प्रभावितों, बीबीएमबी टावर लाइन कर्मियों, फैक्टरी कामगारों और मजदूर वर्ग के हकों के लिए कई आंदोलनों का नेतृत्व किया है। इसके अलावा पंचायत चौकीदारों और सिलाई–कढ़ाई अध्यापकों के वेतनमान जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने लगातार आवाज उठाई है। उनके समर्थक चिंटूराम, शेर सिंह ठाकुर, सदाराम ठाकुर, हरिदास ठाकुर, संजीव कुमार, श्याम लाल और जोगेंद्र शर्मा का दावा है कि जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस बहुमत हासिल करेगी और वर्मा अध्यक्ष पद तक पहुंच सकते हैं।कुल मिलाकर, बरमाना जिप वार्ड–10 में भगत सिंह वर्मा की एंट्री ने चुनावी मुकाबले को नया मोड़ दे दिया है।

मेधावी विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा के लिए अब होंगी 80 सीटें : सतीश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर (एसआईवीटी) ने वर्ष 2026 में जमा दो कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा की घोषणा की है। संस्थान के प्रबंध निदेशक सतीश शर्मा ने बताया कि जिन छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें विशेष अवसर प्रदान किया जाएगा। ऐसे छात्रों को ओ–लेवल, टैली, फाइनेंशियल अकाउंटिंग विद जीएसटी, डीएमसीए जैसे कोर्स पूरी तरह निशुल्क करवाए जाएंगे।

◆ कहा- 9 को होने वाली बैठक में लिए जाएंगे अहम निर्णय

उन्होंने बताया कि पहले इस योजना के तहत केवल 40 सीटें उपलब्ध थीं, लेकिन इस वर्ष इसे बढ़ाकर 80 कर दिया गया है, जिससे अधिक छात्रों को लाभ मिल सके। पात्र छात्र एसआईवीटी की किसी भी शाखा में आवेदन कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, जिन छात्रों के माता–पिता नहीं हैं या जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें भी संस्थान की ओर से मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस योजना को अंतिम रूप देने के लिए 9 मई को घुमारवीं स्थित एसआईवीटी मुख्यालय में चेयरमैन दिनेश भुट्टो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। दिनेश ने कहा कि नए सत्र में एसआईवीटी ऐसे तत्वों पर विशेष ध्यान रखेगी, जो संस्था के नाम का दुरुपयोग कर अपनी दुकानदारी चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार के असमाजिक तत्व साक्ष्य सहित यदि पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

समस्या गरामोड़ा क्षेत्र में तीखी चढ़ाई होने के कारण लग रहा वाहनों का लंबा जाम

चंडीगढ़–मनाली फोरलेन पर टोल नाके से यात्री परेशान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। चंडीगढ़–मनाली फोरलेन पर बिलासपुर जिले के गरा मोड़ा क्षेत्र में स्थित टोल नाका इन दिनों यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। यहां बाहरी राज्यों से हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों से शुल्क वसूला जाता है। टोल नाका तीखी चढ़ाई पर होने के कारण यहां अक्सर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

चालकों को पहले गियर में धीरे–धीरे गाड़ियां आगे बढ़ानी पड़ती हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। लंबे इंतजार और चढ़ाई के चलते कई वाहन ओवरहीट हो रहे हैं। नाके से आगे सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के बोनट खुले नजर आते हैं, जहां चालक अपने वाहनों के ठंडा होने का इंतजार करते हैं।

चंडीगढ़–मनाली फोरलेन पर गरा मोड़ा क्षेत्र में टोल नाके पर जाम में फंसी गाड़ियां। अनंत ज्ञान

यात्रियों का कहना है कि टोल पर पर्ची काटने में अधिक समय लग रहा है, जिससे जाम और बढ़ रहा है। कई लोगों को यहां लंबा इंतजार करना पड़ता है। यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि टोल नाके की व्यवस्था में सुधार किया जाए और पर्ची काटने की प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि जाम की समस्या से राहत मिल सके। टोल नाके का संचालन कर रही कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि बढ़ते ट्रैफिक और सड़क की भौगोलिक स्थिति के कारण कभी–कभी जाम की स्थिति बन जाती है। उनका कहना है कि पर्ची काटने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ लगाया गया है और व्यवस्था में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वाहनों की संख्या अचानक बढ़ने पर कुछ समय के लिए देरी होना स्वाभाविक है, लेकिन यात्रियों को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

कमर्शियल गैस के दामों में वृद्धि का मतलब जनता की जेबों पर डाका: संदीप सांख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। कांग्रेस के पूर्व मीडिया को–ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनावी जीत के बाद सरकार ने आम जनता को महंगाई का 'तोहफा' दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनावों के तुरंत बाद कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में करीब एक हजार रुपये की भारी बढ़ोतरी कर दी गई, जिससे न केवल महंगाई बढ़ेगी बल्कि छोटे कारोबारियों की आजीविका पर भी गहरा असर पड़ेगा।

प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि ढाबा, रेहड़ी, ठेला और फड़ी लगाकर रोजी–रोटी कमाने वाले लाखों लोग इस फैसले से प्रभावित होंगे। महंगी गैस के कारण खाने–पीने की वस्तुएं भी महंगी होंगी, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर दिए जा रहे आंकड़े जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते, क्योंकि कई लोग मजबूरी में लकड़ी के चूल्हों का सहारा ले रहे हैं। सांख्यान ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है और जनता महंगाई के कारण परेशान है। उन्होंने आशंका जताई कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते डीजल, पेट्रोल और घरेलू गैस के दाम भी बढ़ सकते हैं, जिससे रोजमर्रा की वस्तुएं और महंगी होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और जनता अब इसकी वास्तविकता समझ चुकी है।

कुल्लू शहरी निकाय चुनाव : नामांकन के अंतिम दिन 70 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

भुंतर से मनाली तक चुनावी सरगर्मी तेज, 125 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

अनंत ज्ञान

शहरी निकाय चुनावों के अंतिम दिन नामांकन भरते हुए उम्मीदवार। अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। जिला कुल्लू के शहरी निकायों के निर्वाचन-2026 के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के अंतिम दिन शनिवार को विभिन्न निकायों में कुल 70 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत भुंतर के लिए 8 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे, जबकि नगर पंचायत बंजार में 14 प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल किया। नगर पंचायत निरमंड में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रस्तुत किए।

वहीं नगर परिषद कुल्लू के लिए 19 नामांकन पत्र भरे, जबकि नगर परिषद मनाली में 18 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार से अंतिम दिन के उपरांत जिला कुल्लू के शहरी निकायों के निर्वाचन-2026 के लिए कुल 125 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र भरे हैं। नगर पंचायत भुंतर के लिए 20 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे, जबकि नगर पंचायत बंजार में 17 प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल किया। नगर पंचायत निरमंड में 23 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रस्तुत किए। वहीं नगर परिषद कुल्लू के लिए 44 नामांकन पत्र भरे हैं, जबकि नगर परिषद मनाली में 21 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं

पंचायत चुनाव के लिए 7, 8 और 11 को करें नामांकन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी स्पिति शिखा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार स्पिति में पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया 7, 8 और 11 मई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव के लिए नामांकन सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) द्वारा संबंधित पंचायत में लिया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगी। इस दौरान इच्छुक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा कर सकेंगे। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए नामांकन तहसीलदार/नायब तहसीलदार कार्यालय में लिए जाएंगे, जबकि जिला परिषद सदस्य पद के लिए नामांकन एसडीएम कार्यालय काजा में जमा किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे जानकारी दी कि नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को की जाएगी। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

नगर परिषद मनाली में तीसरे व अंतिम दिन 21 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन

भाजपा समर्थित उम्मीदवार गोविंद ठाकुर के साथ व (दाएं) कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

मनाली। नगर परिषद मनाली में कुल 21 उम्मीदवारों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। अंतिम दिन 18 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए जबकि तीन उम्मीदवार पहले ही चुनावी ताल ठोक चुके है।

मनाली के वार्ड नंबर एक में इस बार कांग्रेस ने अजय कुमार को पार्टी समर्थित प्रत्याशी बनाया है जबकि ठाकुर दास ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन भरा। जबकि जय देई ने भी अपना पर्चा दाखिल किया। वार्ड नंबर दो में कांग्रेस ने राजा को पार्टी समर्थित उम्मीदवार बनाया है। भाजपा समर्थित उम्मीदवार प्रदीप गिल और लक्की तेजा ने भी अपना नामांकन भरा। वार्ड नंबर तीन से भाजपा समर्थित ईशा और कांग्रेस समर्थित सुनीता के अलावा नीलम, कांता ने भी नामांकन पत्र भरा। वार्ड नंबर चार में नीलम और विना देवी ने चुनावी ताल ठोकी। वार्ड नंबर पांच में भाजपा समर्थित सीमा भारद्वाज और कांग्रेस समर्थित ललिता ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वार्ड नंबर छह में कांग्रेस समर्थित गीता और भाजपा समर्थित चंद्रा बौद्ध ने पर्चा भरा। इसके अलावा इस वार्ड से विद्रा देवी, पूजा देवी, स्मृति ने भी अपने अपने नामांकन भरे। वार्ड नंबर सात से भाजपा समर्थित उम्मीदवार मनोज कुमार और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार शेर सिंह ने नामांकन भरे।

एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। अब छह मई को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते है।

पंच तत्वों से सृजित मानव जीवन, 'ब्रह्म' से मिलता है असली अस्तित्व का ज्ञान

अनंत ज्ञान

निरंकारी मिशन समागम के दौरान युवा। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में आयोजित हो रहे निरंकारी मिशन के समागम में संत निरंकारी मिशन के युथ सिम्पोजियम के दौरान युवाओं को जीवन के मूल तत्वों से जुड़ी गहन आध्यात्मिक जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने समझाया कि यह सृष्टि पांच तत्वों—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से बनी है और मानव शरीर भी इन्हीं पंच तत्वों का संयोजन है। विशेष रूप से जल और वायु तत्व के माध्यम से शरीर के संचालन और जीवन की निरंतरता को समझाते हुए बताया गया कि जैसे जल जीवन को पोषित करता है, वैसे ही वायु प्राण का आधार है। इन तत्वों की पहचान और संतुलन ही स्वस्थ और संतुलित जीवन की कुंजी है।

कार्यक्रम में युवाओं को यह भी बताया गया कि पंच तत्वों के अलावा एक छठा तत्व 'ब्रह्म' है, जो इन सभी का मूल स्रोत और नियंत्रक है। ब्रह्म के ज्ञान के बिना जीवन अधूरा है, क्योंकि यही तत्व मनुष्य को उसके वास्तविक अस्तित्व और उद्देश्य से परिचित कराता है। वक्ताओं ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि वे पंच तत्वों की समझ के साथ 'ब्रह्म ज्ञान' को अपने जीवन में अपनाते हैं, तो वे न केवल स्वयं को मजबूत बना सकते हैं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति भी बन सकते हैं। इस अवसर पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आत्मिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाना रहा, जिससे वे एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। सतगुरु माता ने संदेश दिया कि एन वाई एस के लिए बच्चों को नही रोकना चाहिए, छोटी सोच से अपना विशाल जीवन नहीं बनाया जा सकता।

आनी में पंचायत चुनावों की तैयारियां तेज

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। आनी विकास खंड में पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड की 38 पंचायतों के 208 वार्डों में जिला परिषद के 2 वार्ड, पंचायत समिति के 15 वार्ड तथा नम्होंग और जावन पंचायतों को छोड़कर शेष 36 पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के लिए आवश्यकता पड़ने पर 26, 28 व 30 मई को 3 बजे तक मतदान करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के लिए कुल 208 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। ग्राम पंचायत लफाली और तांदी को छोड़कर सभी पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान एवं वार्ड सदस्यों की मतगणना संबंधित पंचायत घरों में ही की जाएगी। पंचायत भवन न होने के कारण ग्राम पंचायत लफाली के लिए नामांकन व मतगणना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लढागी तथा ग्राम पंचायत तांदी के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तांदी में होगी। एसडीएम लक्ष्मण कनेट ने बताया कि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना 31 मई को सुबह 9 बजे से राजकीय डिग्री कॉलेज हरिपुर आनी में की जाएगी। मतदान के बाद मतपेटियों को सेक्टर अधिकारियों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में पहुंचाया जाएगा।

तीन चरणों में होगा मतदान

26 मई को करशाईगाड, टकरासी, मुहान, कराड, मुंडदल, कराणा, खनाग, कोहिला, लफाली, दलाश, चवाई, कुठेड और तांदी पंचायतों में मतदान होगा। 28 मई को फनौटी, बिश्लाधार, लझेरी, पोखरी, बिनन, कराणा-1, खनी, कमांद, बुछैर, डिंगीधार, जाबन, व्युंगल और पलेही पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा। 30 मई को लगौटी, कोटासेरी, बखनाओ, रोपा, तलुना, कुंगश, बटाला, देऊठी, शिल्ली, बेहना, नम्होंग तथा आनी पंचायतों में मतदान संपन्न होगा।

7 से शुरू नामांकन प्रक्रिया

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 7, 8 और 11 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। जिला परिषद के 2 वार्डों के लिए नामांकन एसडीएम आनी के कोर्ट रूम में उपमंडलाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा करवाए जाएंगे। पंचायत समिति के 15 वार्डों के लिए तहसीलदार आनी के कोर्ट रूम में नामांकन दाखिल होंगे। वहीं 36 पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए संबंधित पंचायतों में निर्धारित निर्वाचन स्थलों पर सहायक निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष नामांकन दाखिल किए जाएंगे।12 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 व 15 मई को उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। 15 मई को ही समय समाप्त होने के तुरंत बाद उम्मीदवारों एवं चुनाव चिन्हों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। संपूर्ण बूथ सूची 7 मई को प्रकाशित होगी। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक सेक्टर मजिस्ट्रेट,7 सेक्टर अधिकारी तथा 36 सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों और पार्टियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 13 बसों की व्यवस्था की गई है।

लाहौल-स्पीति में तीन चरणों में होंगे पंचायतीराज चुनाव : किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त लाहुल-स्पीति किरण भड़ाना ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया है कि पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विकास खंड लाहुल में ग्राम पंचायतों को तीन चरणों में विभाजित करते हुए चुनाव कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया है कि जिला में प्रथम चरण का मतदान 26 मई को आयोजित किया जाएगा। जिसमें तिंदी, तिंगरेट, त्रिलोकीनाथ, मुरिंग, नालडा, गोहरमा, रानिका, कारदंग, मूलिंग, दारचा, कोकसर एवं केलांग ग्राम पंचायतें शामिल हैं। द्वितीय चरण 28 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा और इस चरण में सलग्रां, चिमरेट, उदयपुर, थिरोट, जुण्डा, जोबरंग, वारपा, गौशाल, गौंधला, कोलोंग, सिस्सू तथा यूरनाथ ग्राम पंचायतों में मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि तृतीय एवं अंतिम चरण का मतदान 30 मई 2026 को निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत मडंग्रा, शकोली, किशोरी, जाहलमा, शांशा, मालंग, तांदी, खंगसर, बरबोग तथा शूलिंग ग्राम पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा।

26 को ढंकर और काजा पंचायत में होगा मतदान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी स्पिति शिखा ने विकास खंड काजा (स्पीति) की ग्राम पंचायतों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी किया है। उन्होंने बताया कि यह निर्वाचन प्रक्रिया तीन चरणों में होगी जिसके लिए मतदान 26, 28 और 30 मई, को निर्धारित की गई है। विकास खंड काजा (स्पीति) में प्रथम चरण में 26 मई को ग्राम पंचायत ढंकर, काज़ा, किब्बर, खुरिक और लारा में मतदान होगा। द्वितीय चरण में 28 मई को ग्राम पंचायत कुंगरी, ताबो, डेमुल, लांग्ज़ा व हल में मतदान रखा गया है। तीसरे व अंतिम चरण में 30 मई को सगनम, गिउ, लालुंग और लोसर ग्राम पंचायतों में मतदान होगा।

पंचायत चुनावों के दृष्टिगत कुल्लू जिले में हथियारों को ले जाने व प्रदर्शन पर पूर्ण पाबंदी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिला कुल्लू में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिला दण्डाधिकारी कुल्लू, अनुराग चंद्र शर्मा ने हथियारों आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार, मतदान 26, 28 और 30 मई 2026 को निर्धारित किया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा रैलियां, जुलूस और प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं, जिससे शांति भंग होने और हथियारों के दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जिला के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने हथियार और गोला-बारूद तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन में जमा करवाएं। संबंधित पुलिस स्टेशन जमा किए गए हथियारों की उचित रसीद प्रदान करेंगे और उन्हें सुरक्षित रखेंगे। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने और परिणामों की घोषणा के बाद ये हथियार लाइसेंस धारकों को वापस कर दिए जाएंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, पुलिस, होमगार्ड और कानून व्यवस्था बनाए रखने या चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकृत सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

न हटूंगा-न बिकूंगा, चुनाव जरूर लड़ूंगा : दर्शन

सैंज घाटी के धाउगी वार्ड से जिप सदस्य के रूप में चुनाव में उतरे आजाद प्रत्याशी

अनंत ज्ञान

आजाद प्रत्याशी दर्शन ठाकुर पत्रकारवार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। पंचायती राज चुनावों के मद्देनजर जिला कुल्लू के बंजार विधानसभा क्षेत्र के धाउगी जिला परिषद वार्ड से आजाद प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे युवा नेता दर्शन ठाकुर ने अपने विरोधियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि वह किसी भी दबाव, प्रलोभन या साजिश के आगे झुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 'मैं न हटूंगा, न बिकूंगा, बल्कि धाउगी वार्ड की जनता की सेवा के लिए पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ूंगा।

ढालपुर में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दर्शन ठाकुर ने आरोप लगाया कि कुछ तथाकथित नेता उन्हें चुनावी मैदान से बाहर करने के लिए लगातार राजनीतिक साजिशें रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान इस तरह के दबाव और भ्रम फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन वह जनता के विश्वास और समर्थन के बल पर मजबूती से डटे हुए हैं। दर्शन ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनावों की प्रक्रिया शुरू होते ही उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो गए हैं, लेकिन उनका उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं बल्कि धाउगी वार्ड का समग्र विकास करना है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों और ग्रामीण इलाकों के दौरे के दौरान उन्हें यह महसूस हुआ कि आज भी कई गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता ने उन्हें भरपूर आशीर्वाद और समर्थन दिया है, जिसके चलते वह लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझने और उनके समाधान के लिए लगातार गांव-गांव जाकर संवाद कर रहे हैं। उनका लक्ष्य क्षेत्र का सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास सुनिश्चित करना है ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।दर्शन ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए पारदर्शी नेतृत्व और ईमानदार प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो वह वार्ड की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अपने क्षेत्र के विकास के लिए आगे आना चाहिए । उन्होंने कहा कि धाउगी वार्ड में विकास, पारदर्शिता और जनसेवा को नई दिशा देना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

पर्यटकों के लिए जल्द बहाल होगा मढ़ी

अनंत ज्ञान, मनाली। रोहतांग का निकटवर्ती पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए जल्द ही बहाल होने जा रहा है। मनाली प्रशासन ने बीआरओ के साथ आज मढ़ी का दौरा किया और हालात का जायजा लिया। बीआरओ सड़क बहाल करते हुए मढ़ी से आठ किमी आगे राहनीनाला के पास पहुंच गया हैं। लाहुल की ओर भी बीआरओ राक्षी ढांक के पास पहुंच गया है। हालांकि इन दिनों पर्यटक गुलाबा तक जा रहे है। लेकिन अब पर्यटक परमिंट प्राप्त कर मढ़ी तक जा सकेंगे। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि आज उन्होंने एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा तथा बीआरओ के प्रोजेक्ट दीपक के मेजर एमएस परमार के साथ मढ़ी तक सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मार्ग पूरी तरह सुचारू एवं सुरक्षित पाया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एसडीएम कार्यालय द्वारा आज गुलाबा बैरियर से आगे मढ़ी तक केवल उन वाहनों को भेजने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जा रहा है, जिनके पास रोहतांग पास का वैध परमिट होगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कार्यालय से आदेश प्राप्त होते ही रोहतांग पास परमिट वाले सभी वाहनों को गुलाबा बैरियर से मढ़ी तक जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

मनाली की बेटी गरिमा ठाकुर को मिली पीएचडी की उपाधि

अनंत ज्ञान

मोहन कपूर, पतलीकूहल। कुल्लू जिला के मनाली उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव बाड़ी (डाकघर पतलीकुहल) की बेटी गरिमा ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिला व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। गरिमा ठाकुर ने चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विषय में अपनी पीएचडी की डिग्री सफलतापूर्वक पूर्ण की है। बीते 30 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान, गरिमा को यह प्रतिष्ठित डिग्री महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा प्रदान की गई। गरिमा की इस सफलता से पूरे कुल्लू क्षेत्र में खुशी की लहर है।

डॉ. गरिमा ठाकुर एक सुशिक्षित पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। वे सेवानिवृत्त राजनीति शास्त्र प्रवक्ता हीरा लाल ठाकुर एवं सेवानिवृत्त योजना अधिकारी लक्ष्मी ठाकुर की सुपुत्री हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। गौरतलब है कि अपनी शैक्षणिक योग्यता और प्रतिभा के बल पर गरिमा वर्तमान में एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा (उत्तर प्रदेश) में सहायक प्रोफेसर के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार का मान बढ़ाया है, बल्कि यह आने वाली युवा पीढ़ी और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए एक जीवंत प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है। स्थानीय जनता और प्रबुद्ध वर्ग ने उनकी इस स्वर्णिम सफलता पर परिवार को बधाई प्रेषित की है।

चुनाव की तैयारियों को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

प्रशिक्षण शिविर के दौरान रिटर्निंग अधिकारी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन कुल्लू ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में शनिवार को जिला मुख्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के लिए प्रथम रिहर्सल सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी कुल्लू निशांत ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि यह कार्य बहुत ही जिम्मेदारी काम है जिसके लिए सभी तत्परता से आगे आएं। उन्होंने कहा कि इसके पश्चात दो प्रशिक्षण सत्र फिर से आयोजित किए जाएंगे तथा छ जून के प्रशिक्षण शिविर में सभी को चुनाव सामग्री भी आबंटित कर दी जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रपत्रों, विशेषकर फॉर्म 20 से लेकर फॉर्म 30 तक को सही तरीके से भरने की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को नामांकन पत्र प्राप्त करने, उनकी छंटनी और नाम वापसी की प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया ताकि इस कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे।

कल होगी कांग्रेस प्रत्याशियों की होगी घोषणा : आजाद

कहा- कुल्लू नगर परिषद के हर वार्ड से जिताऊ उम्मीदवार उतारने पर कांग्रेस का फोकस

अनंत ज्ञान

सेसराम आजाद पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। जिला कुल्लू कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आजाद ने कहा है कि आगामी 4 मई को कांग्रेस पार्टी कुल्लू नगर परिषद के लिए अपने समर्थित प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा करेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड से कांग्रेस विचारधारा का केवल एक मजबूत और जिताऊ उम्मीदवार मैदान में उतारना है, ताकि चुनाव में पार्टी की स्थिति मजबूत हो सके। सेसराम आजाद ने कहा कि वर्तमान में कुल्लू नगर परिषद के कई वार्डों से कांग्रेस विचारधारा से जुड़े दो से तीन संभावित उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पार्टी स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि आपसी सहमति और समझौते के माध्यम से एक वार्ड से केवल एक ही अधिकृत समर्थित प्रत्याशी मैदान में रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि एक ही विचारधारा के कई उम्मीदवार मैदान में उतरकर वोटों का बंटवारा करें, जिससे पार्टी को नुकसान उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि कुल्लू नगर परिषद प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण नगर परिषदों में से एक है और कांग्रेस इसे प्रतिष्ठा का चुनाव मान रही है। पार्टी पूरी मजबूती और रणनीति के साथ चुनाव लड़ेगी तथा हर हाल में नगर परिषद पर अपना कब्जा स्थापित करने का लक्ष्य रखेगी।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस संगठन जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकें कर रहा है और वार्ड स्तर पर समीकरणों का आकलन किया जा रहा है। ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जो न केवल कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हों बल्कि जनता के बीच मजबूत पकड़ रखते हों और जीत सुनिश्चित कर सकें। सेसराम आजाद ने कहा कि कांग्रेस विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कुल्लू नगर परिषद की जनता कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को समर्थन देगी और नगर परिषद में कांग्रेस की मजबूत वापसी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटें और संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करें, ताकि कुल्लू नगर परिषद में कांग्रेस का परचम लहराया जा सके।

जनता ने मौका दिया तो पार्षद के रूप में करूंगी विकास: आशा

अनंत ज्ञान

◆ कहा- विधायक सुंदर सिंह के साथ मिलकर वार्ड का करूंगी विकास

ब्यूरो, कुल्लू। नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर आठ से चुनावी मैदान में उतरी प्रत्याशी आशा डोगरा जोकि पेशे से एक पत्रकार हैं ने अब राजनीति में कदम रखते हुए नगर परिषद चुनाव से इसकी शुरुआत की है। आशा ने कुल्लू के वार्ड 8 ढालपुर से उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरा है।

इस मौके पर आशा ने पत्रकारों से बातचीत में विकास को लेकर बड़े वादे किए हैं। उन्होंने वार्ड 8 ढालपुर की जनता से उन्हें सेवा का मौका देने की अपील करते हुए कहा कि आज तक उन्होंने एक पत्रकार के तौर पर हमेशा ही जनता की आवाज उठाई है और अब अगर जनता उन्हें मौका देती है तो पार्षद के रूप में जनता के मुद्दों को सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाकर उनका समाधान करवाने और वार्ड का विकास लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। उन्होंने कहा कि कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर के सहयोग और नेतृत्व में वार्ड नंबर आठ में कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं शुरू की जाएंगी, जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। आशा डोगरा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता वार्ड की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना है, लेकिन इसके साथ-साथ बड़े विकास कार्यों को भी गति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे वार्ड में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे, ताकि लोगों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हो। उन्होंने कहा कि ढालपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीनों प्रमुख मैदानों का बड़े स्तर पर सौंदर्यकरण किया जाएगा। मैदानों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर स्थानीय लोगों, युवाओं और बच्चों के लिए बेहतर बनाया जाएगा। इसके अलावा वार्ड में लंबे समय से चली आ रही कूड़े-कचरे की समस्या का स्थायी समाधान भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। आशा डोगरा ने कहा कि जहां भी पार्किंग की आवश्यकता होगी, वहां सुंदर, व्यवस्थित और सुविधाजनक पार्किंग स्थलों का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को राहत मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वार्ड के प्रत्येक नागरिक के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सरल और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने वार्ड नंबर आठ की जनता से अपील करते हुए कहा कि वे उन्हें अपना बहुमूल्य समर्थन और मत दें, ताकि वह जनता की सेवा के अपने संकल्प को पूरा कर सकें और वार्ड को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें।

नगर निकाय चुनावों में भाजपा सभी सीटों पर उतार चुकी है उम्मीदवार : डॉ. राजीव बिंदल

'झूठी गारंटियों से ठगी गई प्रदेश की जनता, 3 साल में हर वर्ग निराश

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हिमाचल प्रदेश में नगर निकाय चुनावों को लेकर पार्टी की तैयारियों और कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोपों पर विस्तृत बयान दिया। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनावों के लिए नामांकन का अंतिम दिन है और भाजपा पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है। उन्होंने बताया कि चार नगर निगम धर्मशाला, पालमपुर, सोलन और मंडी सहित 22 नगर पालिकाओं और 25 नगर पंचायतों में भाजपा अपने उम्मीदवार उतार रही है। चारों नगर निगमों में भाजपा चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेगी, जबकि अन्य स्थानों पर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समर्थित उम्मीदवारों के माध्यम से चुनाव लड़ा जाएगा।डॉ. बिंदल ने दावा किया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से नाराज है और इस बार भाजपा के पक्ष में निर्णायक मतदान करेगी।

◆ **जनता कांग्रेस सरकार को देगी करारा जवाब**

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में सरकार ने जनता का जीवन कठिन बना दिया है और चुनावी वादों को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कांग्रेस की प्रमुख 'गारंटियों' का उल्लेख करते हुए कहा कि 28 लाख महिलाओं को 1500 प्रतिमाह देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। इसी तरह 1 लाख सरकारी नौकरियां और 5 लाख रोजगार सृजन के दावे भी पूरी तरह असफल रहे हैं। उनके अनुसार प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ी है और युवा निराश हैं।

सिरमौर जिले का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां विकास कार्य ठप हैं और केवल केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाएं ही आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में 100 से अधिक शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थान बंद किए गए हैं, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था कमजोर हुई है, विकास कार्य रुक गए हैं और हर वर्ग महिला, युवा, किसान और आम नागरिक अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी नगर निकाय चुनावों में जनता कांग्रेस को जवाब देगी और भाजपा को व्यापक समर्थन मिलेगा।

नगर परिषद परवाणु से भाजपा से दो व कांग्रेस से एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा

अनंत ज्ञान, परवाणू। चुनाव नामांकन प्रक्रिया के तहत परवाणू नगर परिषद कार्यालय में राजनीतिक सरगर्मियां जारी रही। इस दौरान कांग्रेस की ओर से वार्ड नंबर 4 से संजय यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि भारतीय जनता पार्टी के दो पार्षद प्रत्याशियों ने भी नामांकन भरा। इनमें वार्ड नंबर 3 से अमित कुमार और वार्ड नंबर 5 से रेणु सूद शामिल हैं। तीनों प्रत्याशियों ने एसडीएम कसौली के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान तहसीलदार कसौली, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

राजगढ़ नगर पंचायत चुनाव बना सियासी अखाड़ा, 7 वार्डों में 21 उम्मीदवार मैदान में

अनंत ज्ञान

बीआर चौहान, राजगढ़। नगर पंचायत राजगढ़ का चुनाव इस बार पूरी तरह सियासी अखाड़े में बदल चुका है। सात वार्डों के लिए कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन भरकर मुकाबले को बेहद रोचक बना दिया है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही हर वार्ड में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं और समीकरण लगातार बदलते नजर आ रहे हैं।

नामांकन के तीसरे दिन कई अहम चेहरों की एंट्री से चुनावी माहौल और गरमा गया। वार्ड नंबर 4 से भाजपा समर्थित माधवी सूद ने नामांकन दाखिल किया। वहीं वार्ड नंबर 6 से दिनेश ठाकुर और हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए चंद्र मोहन शर्मा ने भी पर्चा भरा। वार्ड नंबर 7 से भाजपा समर्थित राजेंद्र सूद और प्रवीण सूद ने नामांकन किया, जबकि आजाद उम्मीदवार जोगिंदर सिंह जग्गी भी मैदान में उतर गए। यदि वार्ड वार समीकरणों पर नजर डालें, तो वार्ड नंबर 1 में कांग्रेस के अभिषेक शर्मा, भाजपा के नरेंद्र कुमार ठाकुर और आजाद उम्मीदवार कपिल ठाकुर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। कपिल ठाकुर पूर्व में नपं के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वार्ड नंबर 2 में पूर्ण कुमार और कपिल कुमार के बीच सीधा मुकाबला है, जबकि वार्ड नंबर 3 में बिमला कश्यप और अनुप रायटा आमने-सामने हैं।

> नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच (स्कूटनी) की जाएगी, जबकि 6 मई तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।
>
> **राजकुमार ठाकुर**
> **एसडीएम, राजगढ़**

सबसे ज्यादा चर्चा वार्ड नंबर 4 की हो रही है, जहां पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी मैदान में हैं। उनके सामने भाजपा की निधि भारद्वाज और माधवी सूद के उतरने से यहां त्रिकोणीय मुकाबला बन गया है, जिससे यह सीट हाई-वोल्टेज बन गई है। वार्ड नंबर 5 में शिवानी ठाकर (आजाद), प्रमिला कुमारी (भाजपा) और रीना कुमारी (कांग्रेस) के बीच मुकाबला है। वार्ड नंबर 6 में चार उम्मीदवारों के चलते मुकाबला और भी कड़ा हो गया है, जहां कांग्रेस के विक्रम जैलदार, आजाद उम्मीदवार दीपक धीर, भाजपा से चंद्र मोहन शर्मा और दिनेश ठाकुर मैदान में हैं। वार्ड नंबर 7 में कांग्रेस के राकेश कुमार, भाजपा के राजेंद्र सूद व प्रवीण सूद तथा आजाद उम्मीदवार जोगिंदर सिंह जग्गी के बीच बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा।

नाहन नप चुनाव : बीजेपी के प्रत्याशियों के नाम

अनंत ज्ञान, नाहन। नप नाहन के सभी 13 वार्डों पर भाजपा के जिन प्रत्याशियों ने चुनाव के लिए अपने नाम दाखिल किए हैं उनके नाम वार्डों के अनुसार इस प्रकार हैं। वार्ड नंबर-1 शुभम सैनी, 2 मनीष जैन, 3 आशा भारद्वाज, 4 पूजा तोमर, 5 सीमा अत्री, 6 अर्पिता बक्शी, 7 अभिषेक चौधरी, 8 संजय चौहान, 9 कौशल्या देवी, 10 संजय पुंडीर, 11 संध्या अग्रवाल, 12-प्रदीप सहोत्रा एवं वार्ड 13 संजना कौर।

न्यूज ब्रीफ

वरिष्ठ पत्रकार चंद्र ठाकुर के पिता और पूर्व प्रधान धनबीर सिंह का निधन

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिला की बनेठी पंचायत के गोंत गांव निवासी और नाहन में वरिष्ठ पत्रकार चंद्र ठाकुर के पिता धनबीर सिंह (73) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। सामाजिक, राजनीतिक और ग्रामीण क्षेत्र में उनकी पहचान एक सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में रही। धनबीर सिंह बनेठी पंचायत के पूर्व प्रधान भी रहे। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक व्यक्त किया जा रहा है। धनबीर सिंह कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता भी रहे और लंबे समय तक पार्टी की गतिविधियों से जुड़े रहे। उनके निधन को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लिए भी बड़ी क्षति माना जा रहा है। उनके निधन पर नाहन के तमाम पत्रकारों ने शोक प्रकट करते गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। साथ ही स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। सुबह 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकली।

पझौता में पूर्व प्रधान प्रेम सिंह की सीढ़ियों से गिरने पर हुई मौत

अनंत ज्ञान, नाहन। राजगढ़ उपमंडल के पझौता क्षेत्र की जदोल-टपरोली पंचायत में एक दर्दनाक हादसे में 57 वर्षीय पूर्व प्रधान प्रेम सिंह का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार 25 तारीख की रात वह घर के बाहर निकले थे, तभी अंधेरे में सीढ़ियों से उतरते समय उनका पैर फिसल गया और वह सिर के बल गिर पड़े। गंभीर चोट लगने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उनकी हालत को देखते हुए आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। पांच दिनों तक इलाज के दौरान जीवन और मृत्यु से जूझने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। प्रशासन ने परिजनों को 20,000 की राहत राशि प्रदान की है।

महात्मा बुद्ध जयंती पर नाहन में कोली समाज ने नवाजे मेधावी छात्र

अनंत ज्ञान, नाहन। महात्मा बुद्ध जयंती पर सिरमौर में शनिवार को विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कोली समाज इकाई सिरमौर द्वारा नाहन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोली समाज की इकाई द्वारा बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और विशेष तौर पर यहां हाल में आईएएस की परीक्षा पास करने वाले सुशांत चौहान को भी सम्मानित किया गया। कोली समाज के जिला महासचिव जीत सिंह चौहान ने बताया कि हर साल महात्मा बुद्ध जयंती पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कोली समाज द्वारा आयोजित किए जाते हैं और इसी कड़ी में आज मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए यह भी हर्ष का विषय है कि हाल में यूपीएससी की परीक्षा में नाहन क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले सुशांत चौहान ने पूरे समाज का नाम रोशन किया है, जिसके लिए आज उन्हें सम्मानित किया जा रहा है।

पुराना बस अड्डा से उपायुक्त कार्यालय चौक तक यातायात समय में संशोधन

अनंत ज्ञान, सोलन । ज़िला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने जनहित में पुराना बस अड्डा से पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक की ओर यातायात समय निर्धारण के संबंध में आवश्यक आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार पुराना बस अड्डा से पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक की ओर यातायात सांय 08.05 बजे से आरंभ होगा। पूर्व में यह समय 08.15 बजे निर्धारित किया गया था। अन्य सभी शर्तें दो मार्च को जारी आदेशों के अनुरूप यथावत रहेंगी। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 तथा 117, सड़क नियमन नियम, 1999 के नियम 15 तथा 17 एवं हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1999 के नियम 184 तथा 196 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की दूसरी रिहर्सल चार मई को

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। पंचायत चुनाव के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की दूसरी बैठक 4 मई को बीडीओ ऑफिस सभागार में होगी। यह जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर ग्राम पंचायत व बीडीओ कंडाघाट ओपी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी पंचायती राज चुनावों के संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारीयों की प्रथम रिहरसल बैठक हो चुकी हैं । इसमें 35 अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। इसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उनके चुनाव संबंधित समस्त अधिकारों एवं कर्तव्यों बारे जानकारी दी गई। उन्हें 4 मई को होने वाली दूसरी रिहरसल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज चुनाव 26, 28 व 30 मई को प्रस्तावित हैं। जिनके लिए इच्छुक प्रतिभागी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने बाद 7 , 8 और 11 मई को पंचायत कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक जमा कर सकेंगे।

आपसी सहमति से मामले निपटाने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन

अनंत ज्ञान, नाहन। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरमौर एवं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश नव कमल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि न्याय को सरल एवं सुलभता से प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आपसी सहमति से न्याय प्रदान करने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'समाधान समारोह 2026' का आयोजन 21 अप्रैल, 2026 से आरंभ किया जा चुका है तथा इसका समापन 21, 22 व 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन से होगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, भू-अधिग्रहण, आपराधिक सुलहनीय मामले, श्रम संबंधी विवाद तथा ऐसे मामले जो आपसी सहमति से निपटाने योग्य है, उन्हें शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, लेकिन इससे पूर्व सुलह का प्रयास करने के लिए बैठकें आयोजित की जाएंगी। सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/ उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार समिति स्थित मध्यस्थता केंद्र में किया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार/समिति द्वारा पक्षकारों की मदद की जाएगी।

सोलन नगर निगम चुनाव: नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों का जोश

आजाद प्रत्याशियों ने बढ़ाई भाजपा-कांग्रेस की मुश्किलें

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान,सोलन। नगर निगम सोलन के चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को विभिन्न वार्डों से प्रत्याशियों की भारी भीड़ देखने को मिली। भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किए और माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में नजर आया। हालांकि आम आदमी पार्टी इस बार एक भी उम्मीदवार मैदान में नहीं उतार सकी, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चा बनी रही।

नामांकन भरते प्रत्याशी

वार्ड-2 (रेलवे स्टेशन वार्ड) में भाजपा की पूर्व प्रत्याशी सुषमा शर्मा और कांग्रेस के सुनील कुमार साहनी के बीच मुकाबला तय हो गया है, वहीं इसी वार्ड से निर्दलीय उम्मीदवार रमेश चंद ने भी नामांकन दाखिल कर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वार्ड-3 (कथेड़) में कांग्रेस ने रजत थापा की जगह सरदार सिंह ठाकुर को टिकट दिया है, जबकि भाजपा से पीयूष गर्ग मैदान में हैं। इसी वार्ड से टिकट न मिलने से नाराज गौरव राजपूत ने भी निर्दलीय पर्चा भरकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

वार्ड-6 (जवाहर पार्क) में भाजपा ने रेखा साहनी और कांग्रेस ने पूर्व पार्षद सत्या वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। इसी वार्ड से रोहिणी सूद ने कवरिंग कैंडिडेट के रूप में नामांकन दाखिल किया है। वार्ड-7 (ठोडो ग्राउंड) से भाजपा ने अशोक ठाकुर को टिकट दिया है, जबकि चर्चा में रहे बादल नाहर का टिकट कट गया।

वार्ड-10 (चौरी घाटी) में भाजपा के वीरेंद्र सूद और निर्दलीय विवेक डोभाल के बीच मुकाबला दिलचस्प हो गया है। वार्ड-12 (सन्नी साइड) से पूर्व मेयर उषा शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन कर मुकाबले को और रोचक बना दिया है।

वार्ड-15 से कांग्रेस के विनय भगनाल ने नामांकन दाखिल करते हुए पानी की समस्या को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बताया। वार्ड-16 में भाजपा से सीमा और कांग्रेस से अनीता कुमारी आमने-सामने हैं।

चुनावी माहौल के बीच भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप ने सभी 17 सीटें जीतने का दावा किया है, जबकि स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कांग्रेस की जीत पर भरोसा जताया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. पूनम बंसल के अनुसार सभी वार्डों में नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और कुल मिलाकर अंतिम दिन कई दावेदारों ने पर्चे दाखिल किए।

नप व हिमुडा ने एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर कार्रवाई से किया किनारा : सतीश बेरी

अनंत ज्ञान

परवाणू। नगर परिषद चुनाव 2026 से पहले अतिक्रमण के मुद्दे पर अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा मांगी गई रिपोर्ट के जवाब ने परवाणू नगर परिषद और हिमुडा की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परवाणू विकास मंच के अध्यक्ष सतीश बेरी द्वारा उठाए गए मामले में नगर परिषद ने जो कार्रवाई रिपोर्ट प्रशासन को भेजी है, उसमें किसी ठोस जांच या निर्णय का उल्लेख नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी अन्य विभागों पर डालने का रुख अपनाया गया है।

अतिक्रमण जांच विवाद

नगर परिषद ने अतिरिक्त उपायुक्त को 30 अप्रैल 2026 को भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि समाजसेवी सतीश बेरी को भी भेजी है। नप ने अपने जवाब में कहा है कि उसके पास शहर के भूमि रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं और अधिकांश भूमि हिमुडा तथा राजस्व विभाग के अधीन आती है, इसलिए अतिक्रमण की पुष्टि करना उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। हालांकि इस तर्क पर सवाल उठ रहे हैं कि स्थानीय निकाय होने के नाते अतिक्रमण जैसे मामलों की प्राथमिक जांच करना उसकी जिम्मेदारी बनती है। सतीश बेरी ने इस जवाब को निराधार बताते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में उम्मीदवारों की पात्रता सुनिश्चित करना स्थानीय निकाय की मूल जिम्मेदारी है। ऐसे में जांच से बचना प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि एनओसी के बजाय केवल एनडीसी का हवाला देकर मामले को टालने की कोशिश की गई है। रिपोर्ट में जांच, कार्ययोजना या समयसीमा का अभाव है, जिससे यह केवल औपचारिक स्पष्टीकरण प्रतीत होती है।

दो युवकों से 4 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, सोलन। पुलिस थाना धर्मपुर की एक टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गाँव बठोल में एक घर में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद दो युवकों से 4 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान रवि कुमार पुत्र सोहन लाल, गांव बठोल जिला सोलन तथा राहुल पुत्र स्वर्गीय डैविड, गांव बठोल जिला सोलन के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी रवि कुमार के विरुद्ध चिट्टा का एक मामला पूर्व में भी दर्ज है, जिसमें उसके कब्जे से 14.19 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। मामले में आगे की जांच जारी है।

लायन ईको क्लब बीएल स्कूल कुनिहार में जल पखवाड़ा का आयोजन

अनंत ज्ञान

अर्की। बीएल सेंट्रल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुनिहार में 16 से 30 अप्रैल तक जल पखवाड़ा बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके महत्व से अवगत कराना था। जानकारी देते हुए लायन इको क्लब प्रभारी दिनाक्षी ठाकुर ने बताया की लायन इको क्लब के बच्चों ने इस जल पखवाड़े में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, शपथ, पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा कविता पाठ प्रमुख रहे। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लेकर जल संरक्षण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जल संकट, उसके कारणों और समाधान पर अपने विचार रखे। पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने सुंदर चित्रों के माध्यम से जल बचाने का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण किया गया, वहीं कविता पाठ ने सभी को भावुक और प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान लायन इको क्लब प्रभारी दिनाक्षी ने भी अपने विचार साझा करते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और विद्यार्थियों को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

सोलन में नारद जयंती पर संगोष्ठी आयोजित पत्रकारिता के मूल्यों पर हुआ विचार मंथन

अनंत ज्ञान

सोलन। विश्व संवाद केंद्र शिमला द्वारा देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर सोलन में शनिवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारिता से जुड़े विशेषज्ञों, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारियों और मीडिया विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारिता के मूल्यों, नैतिकता और वर्तमान समय में उसकी भूमिका पर विचार-विमर्श करना रहा। संगोष्ठी में वक्ताओं ने देवर्षि नारद को भारतीय पत्रकारिता का आदर्श स्वरूप बताते हुए कहा कि वह लोककल्याणकारी संवाद के प्रथम वाहक थे, जिन्होंने निर्भीक, निष्पक्ष और धर्म-संगत संवाद की परंपरा स्थापित की।

मुख्य वक्ता डॉ. अवनीश कुमार ने कहा कि नारद मुनि सनातन मूल्यों के संवाहक थे और उनका संवाद समाज को जोड़ने तथा नीति और सत्य के मार्ग पर प्रेरित करने वाला था। उन्होंने आज की पत्रकारिता को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पत्रकारों को सनसनी और पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर निष्पक्षता व जनहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुरदीप साहनी ने संघ की सौ वर्षों की यात्रा और 'पंच परिवर्तन' विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों को नारद मुनि के आदर्शों का अनुसरण करते हुए संवाद को नैतिकता और समाज सुधार का माध्यम बनाना चाहिए। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है और पत्रकार का कर्तव्य तथ्यों को बिना मिलावट के प्रस्तुत करना है।

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में एमजेएम बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ

प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ी मुख्य अतिथि के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सोलन। 14वें ऑल इंडिया मेजर जगपाल मेमोरियल जूनियर इंटर पब्लिक स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह 2 मई को पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल चंडीगढ़ के निदेशक अतुल खन्ना उपस्थित रहे। विद्यालय ने अतिथि-विशेष के रूप में स्वर्गीय मेजर राजिंदर सिंह जगपाल की धर्मपत्नी सुखजिंदर जगपाल का भी हार्दिक स्वागत किया, जिनकी स्मृति और सम्मान में यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है। देश के 9 प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमों ने विंग कमांडर एसएस ज्ञानी मेमोरियल स्पोर्ट्स सेंटर में एकत्र होकर औपचारिक उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

उद्घाटन मैच में स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल चंडीगढ़ ने बिशप कॉटन स्कूल शिमला को 25-19 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद मेयो कॉलेज अजमेर ने वेल्हम बॉयज स्कूल देहरादून को 51-39 से पराजित किया। आगामी तीन दिनों तक टीमें रोमांचक मुकाबलों में भाग लेंगी, जिनके अंत में टूर्नामेंट का विजेता निर्धारित होगा।

प्रवेश प्रक्रिया

बागवानी, वानिकी सहित कई प्रोफेशनल कोर्स में आवेदन आमंत्रित

2026-27 सत्र के लिए यूजी-पीजी प्रवेश शुरू

अनंत ज्ञान

सोलन। नौणी स्थित इस विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। औद्यानिकी, वानिकी, प्राकृतिक खेती, जैव प्रौद्योगिकी, फूड टेक्नोलॉजी और एग्री-बिजनेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा रहा है, जहां विस्तृत प्रॉस्पेक्टस भी उपलब्ध है। स्नातक स्तर पर बीएससी (ऑनर्स) औद्यानिकी और वानिकी पाठ्यक्रम मुख्य परिसर नौणी तथा नेरी और थुनाग महाविद्यालयों में उपलब्ध हैं। इसके अलावा मुख्य परिसर में बीएससी कृषि (प्राकृतिक खेती) और बीटेक फूड टेक्नोलॉजी (स्व-वित्तपोषित) जैसे विकल्प भी दिए गए हैं। नेरी परिसर में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी और फूड टेक्नोलॉजी के कोर्स भी शामिल हैं।

स्नातकोत्तर स्तर पर एमएससी कार्यक्रमों में औद्यानिकी और वानिकी की कई विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं, जिनमें एंटोमोलॉजी, फ्रूट साइंस, प्लांट पैथोलॉजी, सीड साइंस, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, फॉरेस्ट रिसोर्स मैनेजमेंट, एग्रोफॉरेस्ट्री और मृदा विज्ञान जैसे विषय शामिल हैं। साथ ही एमबीए एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट भी उपलब्ध है। प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार यूजी सामान्य सीटों के लिए अंतिम तिथि 6 जून और स्व-वित्तपोषित सीटों के लिए 18 जुलाई है। एमएससी के लिए 23 जून अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क के साथ तिथियां क्रमशः 12 जून, 25 जुलाई और 30 जून तक बढ़ाई गई हैं। यूजी प्रवेश परीक्षा 21 जून को और पीजी परीक्षा 5 जुलाई को होगी। परिणाम 6 जुलाई (यूजी) और 15 जुलाई (पीजी) को घोषित किए जाएंगे। सामान्य सीटों पर प्रवेश मेरिट आधारित प्रवेश परीक्षा से होगा, जबकि स्व-वित्तपोषित सीटों पर 10+2 अंकों के आधार पर चयन किया जाएगा।

रीगल सिंथेटिक्स बद्दी में 91 छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण, प्लबिंग ट्रेड की व्यावहारिक जानकारी की हासिल

अनंत ज्ञान, बीबीएन। प्रदेश के विभिन्न स्कूलों के नवीं कक्षा के प्लबिंग ट्रेड के छात्रों ने शनिवार को बद्दी स्थित रीगल सिंथेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के दौरा कर प्लबिंग के बारे में विस्तार से जाना। स्टेट कॉर्डिनेटर दूनी चंद और कृष्ण कांत ने बताया कि इस दौरान प्रदेश के बारह जिलों के कुल 91 छात्र तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कंपनी में प्लबिंग ट्रेड की जानकारियां हासिल कीं। समग्र शिक्षा मारिटीरिऔस छात्रों ने ओजेटी के उद्देश्य से प्लबिंग से संबधित उत्पादों का किस प्रकार निर्माण होता है। प्रेक्टिल के तौर पर जाना। कंपनी के एमडी कम चेयरमैन लाजपतराय सिंघल ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि कंपनी अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए इस प्रकार के कार्यों को करवाती रहती है। सभी छात्रों को प्रमाण पत्र भी दिए गए।

भारत और इक्वाडोर में और मजबूत हुए कूटनीतिक संबंध

एजेंसी, नई दिल्ली

इक्वाडोर की विदेश मंत्री गैब्रिएला सोमरफेल्ड की हालिया भारत यात्रा ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। इस उच्च स्तरीय दौरे का मुख्य उद्देश्य व्यापार, निवेश और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना रहा। भारतीय नेतृत्व के साथ सोमरफेल्ड की बैठकों के दौरान दोनों देशों ने आर्थिक साझेदारी को और बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

दोनों देशों ने व्यापार में आने वाली बाधाओं को दूर करने पर विस्तार से चर्चा की। इक्वाडोर ने विशेष रूप से अपने प्रमुख निर्यात उत्पादों जैसे केला, कोको और झींगा के लिए भारतीय बाजार में बेहतर अवसर तलाशने पर जोर दिया। दूसरी ओर, भारत ने इक्वाडोर के ऊर्जा और खनन क्षेत्रों में निवेश की रुचि दिखाई है। यह कदम दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। (अनंत ज्ञान)

इक्वाडोर को जेनेरिक दवाएं देगा भारत

स्वास्थ्य सेवा और फार्मास्युटिकल्स क्षेत्र इस दौरे का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा। भारत ने इक्वाडोर को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। इस सहयोग से इक्वाडोर की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही, दोनों देशों ने जैव प्रौद्योगिकी और चिकित्सा अनुसंधान में संयुक्त प्रयासों पर भी चर्चा की।

जम्मू से श्रीनगर के लिए दौड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी, यात्रियों ने बताया ऐतिहासिक कदम

एजेंसी, जम्मू

शनिवार को जम्मू और श्रीनगर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ हो गया है और यात्रियों ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया है और कहा है कि इस क्षेत्र के लोगों को आर्थिक रूप से भी लाभ होगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 30 अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया था।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह संचालन शुरू हुआ है। उम्मीद है कि यह ट्रेन सेवा जम्मू क्षेत्र और कश्मीर घाटी के बीच यात्रा को काफी बेहतर बनाएगी। यात्रियों ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे बेहतर कनेक्टिविटी, यात्रा के समय में कमी और क्षेत्र के आर्थिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। यात्रियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा, 'यह एक ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के उद्घाटन के बाद यह ट्रेन आज से नियमित रूप से चलने लगी है और हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। (अनंत ज्ञान)

ट्रेन से आसान होगा पहाड़ों का सफर

इस सेवा के विस्तार से न केवल कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच की दूरी सिमटी है, बल्कि यात्रियों को सड़क मार्ग के कठिन सफर से भी निजात मिली है। नियमित परिचालन के पहले दिन जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, जहां चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

ईरान में बम फटने से 14 सैनिकों की मौत

एजेंसी, तेहरान

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुई जंग फिलहाल युद्धविराम की छांव में है। पर्दे के पीछे से अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच ईरान के जंजन शहर के पास बम फटने से रिवोल्यूशनरी गार्ड के 14 सदस्यों की मौत हो गई। ये बम युद्ध के समय के थे जो उस वक्त नहीं फटे थे। सात अप्रैल को हुए युद्धविराम के बाद यह सबसे बड़ा हादसा है। वहीं, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ फोन पर बातचीत की, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय ने दी। (अनंत ज्ञान)

ड्रोन हमले से कुवैत के एयरपोर्ट में लगी आग

कुवैत सिटी। कुवैत के विमानन प्राधिकरण ने बताया कि ड्रोन हमले में कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक ईंधन टैंक को निशाना बनाया गया, जिसके कारण वहां आग लग गई। कुवैत न्यूज एजेंसी के अनुसार, हवाई अड्डे के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट में केवल संपत्ति को नुकसान हुआ है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद आपातकालीन प्रक्रिया शुरू कर दी गई और दमकल विभाग व संबंधित एजेंसियां आग बुझाने में जुटी हैं। (अनंत ज्ञान)

ट्रंप ने जर्मनी से वापस बुलाए 5000 सैनिक

अगले 6 से 12 माह में पूरी होगी सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका ने जर्मनी से करीब 5,000 सैनिक हटाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रक्रिया अगले 6 से 12 महीनों में पूरी होगी। यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया है।

मर्ज ने पिछले महीने एक कार्यक्रम में कहा था कि अमेरिका के पास कोई अच्छी प्लानिंग नहीं है। उसे पता ही नहीं है कि वह इस जंग से बाहर कैसे निकलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत को टालने में माहिर है और अमेरिका को बिना नतीजे के इस्लामाबाद तक आना-जाना पड़ा। इससे अमेरिका को ईरान के सामने अपमानित होना पड़ा। इससे ट्रंप नाराज हो गए थे। उन्होंने मर्ज को लेकर कहा कि वे बहुत खराब काम कर रहे हैं। उनको लगता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना अच्छी बात है। उन्हें हकीकत की समझ नहीं है। (अनंत ज्ञान)

◆ **जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा था- ईरान ने अमेरिका की बेइज्जती की**

जर्मनी में 36 हजार अमेरिकी सैनिक तैनात

बीबीसी के मुताबिक दिसंबर तक जर्मनी में 36,000 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक तैनात थे। यह संख्या जापान के बाद दूसरी सबसे बड़ी तैनाती है, जहां करीब 55,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। इसके अलावा इटली में करीब 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। जर्मनी में अमेरिकी सैन्य ठिकाने लंबे समय से यूरोप में अमेरिका की रणनीतिक मौजूदगी का अहम हिस्सा रहे हैं। हालांकि, अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच ईरान को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है।

इसराइल-खाड़ी देशों को हथियार बेचने की मंजूरी

पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव से अब अमेरिका को फायदा होने लगा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 1 मई को मिडिल ईस्ट के अपने करीबी सहयोगियों इसराइल, कतर, कुवैत और यूएई को कुल 8.6 बिलियन डॉलर के हथियार बेचने की मंजूरी दे दी। यह फैसला ऐसे वक्त आया है जब ईरान के साथ युद्धविराम तो लागू है, लेकिन डर और अनिश्चितता अभी भी खत्म नहीं हुई है। इस पूरे घटनाक्रम को समझें तो साफ दिखता है कि ईरान युद्ध ने अमेरिका को 'डबल फायदा' दिया। एक तरफ उसका दुश्मन ईरान कमजोर हुआ, दूसरी तरफ उसके सहयोगी देश खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे और यही वह मौका है जहां से हथियारों का बाजार शुरू होता है।

ट्रंप ने यूरोपीय यूनियन की कारों और ट्रकों पर लगाया 25 फीसदी टैरिफ

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अगले हफ्ते से यूरोपीय संघ से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि यूरोपीय संघ पहले से तय व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि अगर यूरोपीय कंपनियां अमेरिका में ही कार और ट्रक बनाएंगी, तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। ट्रंप के मुताबिक, इस समय अमेरिका में कई नई ऑटोमोबाइल और ट्रक फैक्ट्रियां बन रही हैं, जिनमें 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में इस तरह का निवेश और विकास पहले कभी नहीं देखा गया। (अनंत ज्ञान)

लैंडस्लाइड से डोडा-किश्तवाड़ सड़क बंद, 100 गाड़ियां फंसी

एजेंसी, श्रीनगर

भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से राहत मिलेगी। देश के 9 राज्यों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। इससे तापमान में 3-5एष्ट तक की गिरावट होगी। कश्मीर की चिनाब घाटी में लैंडस्लाइड के कारण डोडा-किश्तवाड़ रोड पूरी तरह बंद हो गई है। सड़क पर मलबा आने की वजह से 100 से ज्यादा गाड़ियां जाम में फंस गई हैं। मलबे को हटाने के लिए मशीनें और कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा।

उरई 41.6डिग्री के साथ राज्य का सबसे गर्म शहर है, जबकि हरदोई में न्यूनतम तापमान सबसे कम 17 डिग्री रहा। 27 अप्रैल को बांदा में पारा 47.6डिग्री पहुंचने के बाद पिछले 5 दिन में पारा 6डिग्री तक लुढ़क गया है। मध्य प्रदेश में तेज गर्मी के दौर के बीच आंधी-बारिश होने के साथ ओले भी गिर रहे हैं। मौसम विभाग ने शनिवार को ग्वालियर समेत 21 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 30 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। पिछले दो दिन में प्रदेश के 35 जिलों में बारिश, ओले या फिर आंधी चल चुकी है। बिहार में भी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। कैमूर में शुक्रवार को बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। राजस्थान में आंधी-बारिश के बीच गर्मी भी जारी है। शुक्रवार को बाड़मेर और बीकानेर में दिन का तापमान 44 डिग्री के ऊपर पहुंच गया। ज्यादातर शहरों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। (अनंत ज्ञान)

जीसीई चंडीगढ़ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पत्रिका 'द एजुकेशनल ऑब्जर्वर' का विमोचन

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। सेक्टर-20 डी स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन (जीसीई) में 2 मई 2026 को वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं एनएसएस समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2024-26 के समापन का प्रतीक रहा, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, खेलकूद और एनएसएस के तहत सामाजिक सेवा कार्यों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज गान से हुई। प्राचार्या डॉ. सपना नंदा ने मुख्य अतिथि डॉ. पालिका अरोड़ा, निदेशक उच्च शिक्षा (चंडीगढ़ प्रशासन), सहित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मूल्य-आधारित शिक्षा और समग्र विकास पर बल दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. पालिका अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

◆ **मेधावी छात्रों और एनएसएस स्वयंसेवकों को मिला सम्मान**

कार्यक्रम में 'ऑल राउंड बेस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट' का पुरस्कार प्रभूति कौशिक को दिया गया। वहीं श्रुति चंदेल, सुरभि, सृष्टि, सतनाम सिंह, कुमारी अंजलि और अशवीर सिंह को 'रोल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। कुल 16 विद्यार्थियों को 'कॉलेज कलर्स' प्रदान किए गए। इसके अलावा खेल, सांस्कृतिक और एनएसएस गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मान मिला। इस अवसर पर कॉलेज पत्रिका 'द एजुकेशनल ऑब्जर्वर (2025-26)' का विमोचन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा वर्षभर की गतिविधियों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाया। समारोह का समापन प्रेरणादायक माहौल में हुआ।

हरियाणा के राज्यपाल ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष और राज्यपाल के निजी सचिव शंख चटर्जी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने हरियाणा के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री के निरंतर समर्थन, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य की प्रगति, चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं और अन्य प्रमुख विकास कार्यों से अवगत कराया। राज्यपाल ने भविष्य उन्मुख विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली की अवधारणा पर भी चर्चा की जिसमें आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस अवसर पर शंख चटर्जी ने राज्यपाल और प्रथम महिला के साथ प्रधानमंत्री को अपनी दो लिखित पुस्तकें भेंट कीं। ये पुस्तकें 'अद्वैत वेदांत: एक अनोखा दर्शन' और 'सामाजिक दृष्टिकोण में धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र' जिनका हाल ही में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र सिंह कल्याण की उपस्थिति में विमोचन किया गया था

अटावा क्षेत्र में पानी की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष कैंप आयोजित

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। अटावा क्षेत्र के निवासियों की पानी सप्लाई, मीटर, बिलिंग और नए कनेक्शनों से जुड़ी लंबित समस्याओं के समाधान के लिए वार्ड नंबर 24 के पार्षद जसबीर सिंह के प्रयासों से नगर निगम चंडीगढ़ के सहयोग से 2 मई 2026 को सेक्टर-42 स्थित कम्युनिटी सेंटर में विशेष जल समस्या निवारण कैंप आयोजित किया गया।

यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जलापूर्ति शाखा के एसडीओ ललित कुमार, जेई दिलीप सिंह तथा अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। कैंप के दौरान नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

एसडीओ ललित कुमार ने उपस्थित लोगों को नए पानी कनेक्शन, मीटर विभाजन और अन्य प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि सभी दस्तावेज पूर्ण रूप से जमा किए जाते हैं तो एक माह के भीतर कार्यवाही पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को सरल भाषा में प्रक्रिया समझाई जाए और ऑनलाइन आवेदन तथा फाइल अप्रूवल की जानकारी दी जाए। कैंप में नए कनेक्शन, मीटर विभाजन, खराब मीटर, बिलिंग त्रुटियों, कमर्शियल कनेक्शन हटाने और पानी सप्लाई से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर सुनवाई की गई। कई मामलों का तत्काल समाधान भी किया गया।

◆ **मीटर, बिलिंग और नए कनेक्शन से जुड़ी शिकायतों का मौके पर निस्तारण**

पार्षद जसबीर सिंह ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से यह जनहित कैंप आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे कैंप लगाए जाएंगे ताकि लोगों को समय पर और पारदर्शी समाधान मिल सके।

हरियाणा के स्कूलों में बुनियादी ढांचे की जांच करेगी सीएम फ्लाइंग

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्रवाई करने वाली सीएम फ्लाइंग अब स्कूलों तथा शिक्षा विभाग पर भी नजर रखेगी। स्कूलों में योजनाओं के क्रियान्वयन और इंफ्रास्ट्रक्चर की हकीकत जानने के लिए सीएम फ्लाइंग स्कवॉड स्कूलों का औचक निरीक्षण करेगी। सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड खामियों की वीडियोग्राफी और फोटो के साथ पूरा डाटा तैयार करेगी। इस डाटा को मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं, ड्रॉप आउट और शून्य दाखिले सहित कई अन्य मुद्दों पर स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट किया कि स्कूलों में संसाधनों, सुविधाओं से लेकर दाखिले लेकर हर स्तर पर जवाबदेही तय होगी। यही नहीं, लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। शिक्षा निदेशक ने वीडियो क्रांफ्रेंसिंग के जरिये जिला शिक्षा अधिकारियों को हिदायत दी कि मई माह में सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड स्कूलों का औचक निरीक्षण करेगी। सीएम फ्लाइंग टीम में राज्य स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। यदि बुनियादी सुविधाओं में कमी मिली तो संबंधित स्कूल मुखिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लिहाजा, जमीनी स्तर पर किसी भी तरह की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यालय में टॉयलेट, पेयजल, मिड-डे-मील, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और साइंस लैब की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त होनी चाहिए। इन सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित स्कूल मुखिया और शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। खास तौर पर साइंस लैब में नियमित प्रैक्टिकल कराने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा निदेशक ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि 'स्वच्छ प्रांगण' योजना के तहत मिलने वाली 8000 रुपए की राशि अब उन स्कूलों को भी दी जाएगी, जहां एजुसेट चौकीदार कार्यरत है। हालांकि, जिन स्कूलों में पार्ट-टाइम स्वीपर पहले से है, उन्हें यह राशि नहीं मिलेगी।

सभी बीईओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों द्वारा अपनाए गए स्कूलों का निरीक्षण 15 मई तक हर हाल में पूरा हो। निरीक्षण के दौरान पांचों मुख्य सुविधाओं (विद्यालय में टॉयलेट, पेयजल, मिड-डे-मील, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और साइंस लैब) का गहन विश्लेषण किया जाएगा।

ट्रेनिंग के दौरान हांसी के पुलिस जवान की मौत

अनंत ज्ञान, हांसी। जिले के गांव कुंभा निवासी हरियाणा पुलिस के जवान नरेंद्र दलाल की गुरुग्राम के भौंडसी स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह एएसआई पद के लिए प्रशिक्षण ले रहे थे और पिछले ढाई महीने से कोर्स कर रहे थे। शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे परेड के दौरान उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा और वे गिर पड़े। मौके पर मौजूद साथियों ने तुरंत अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद परिजनों को बुलाया गया।

परिवार के अनुसार, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नरेंद्र दलाल करीब 24 वर्ष पहले हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। उनके निधन से गांव कुभा में शोक की लहर है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सर्वेश ने आईआईटी जेएएम फिजिक्स में एआईआर-1 किया हासिल

अनंत ज्ञान

मोहाली। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के छात्र सर्वेश गुप्ता ने शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार उदाहरण पेश करते हुए आईआईटी जेएएम-2026 (फिजिक्स) में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 12,000 से अधिक उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था, जिसमें सर्वेश ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया।

सर्वेश ने न केवल आईआईटी जेएएम में टॉप किया, बल्कि टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च टीआईएफआर जीएस और आईएनएटी-2026 जैसी कठिन राष्ट्रीय परीक्षाएं भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। उनकी असाधारण उपलब्धियों के चलते उन्हें टीआईएफआर मुंबई में थ्योरिटिकल फिजिक्स में इंटीग्रेटेड पीएचडी के लिए चयनित किया गया है, जहां केवल 22 छात्रों को ही प्रवेश मिला है। नेपाल के लुम्बिनी निवासी सर्वेश ने 2023 में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बीएससी (ऑनर्स) फिजिक्स में दाखिला लिया था। उन्होंने बताया कि उनकी सफलता का आधार अनुशासित दिनचर्या, निरंतर अभ्यास और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है।

◆ **टीआईएफआर जीएस और आईएनएटी-2026 भी किया क्वालिफाई**

सर्वेश ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय का रिसर्च-ओरिएंटेड शैक्षणिक माहौल, आधुनिक लैब्स और प्रोफेसरों का सहयोग उनके लक्ष्य को हासिल करने में बेहद मददगार रहा।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने उनकी उपलब्धि को संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली का परिणाम बताया है। यूनिवर्सिटी के अनुसार, इस वर्ष फिजिक्स विभाग के छह अन्य छात्रों ने भी आईआईटी जेएएम परीक्षा सफलतापूर्वक क्वालिफाई की है, जो संस्थान की मजबूत शैक्षणिक क्षमता को दर्शाता है।

हरियाणा के आठ विभागों में अढ़ाई हजार पटवारियों को मिलेगी तैनाती

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा में अढ़ाई हजार नए पटवारियों की तैनाती होगी। इससे आम जनता को भारी लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार ने नए चुने गए पटवारियों को नौकरी के लिए आठ विभागों का विकल्प दिया है। सभी नवचयनित पटवारी अपनी प्राथमिकता सरकार को भेजेंगे।

हरियाणा के रोहतक, झज्जर, सोनीपत इन जिलों में सबसे ज्यादा पटवारियों की कमी है। इस कारण से राजस्व-बहुल और शहरीकरण वाले इन क्षेत्रों में इंतकाल और पैमाइश के हजारों मामले लंबित हैं। नवनियुक्त पटवारियों से राजस्व विभाग के अलावा कंसोलेटेडेशन ऑफ होल्डिंग्स डिपार्टमेंट, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, वन विभाग, नगर निगम गुरुग्राम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, शहरी स्थानीय निकाय विभाग व लोक निर्माण विभाग में तैनाती का विकल्प पूछा गया है। नए पटवारियों की अगले हफ्ते नियुक्ति के ऑर्डर कर दिए जाएंगे। भू-अभिलेख निदेशक डॉ. यशपाल ने बताया कि सबसे पहले खाली पदों को भरा जाएगा। इसके अलावा 1500 पटवारियों के लिए राजस्व विभाग में नियुक्ति दी जाएगी। बताया कि इन पटवारियों की सर्वाधिक स्वामित्व वाले क्षेत्र, लाल डोरा से संबंधित कार्यों के लिए तैनाती की जाएगी। करीब ढाई महीने में नए पटवार सर्कल भी बन जाएंगे।

स्पोर्ट्स विंडो

मैड्रिड ओपन : ज्वेरेव ने ब्लॉक्स को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी, मैड्रिड। मैड्रिड ओपन में विश्व नंबर-3 अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम के उभरते खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना विश्व नंबर-1 जानिक सिनर से होगा। मैच के बाद ज्वेरेव ने कहा, 'फाइनल में पहुंचकर मैं बेहद खुश हूं। यहां कई कठिन मुकाबले और संघर्ष देखने को मिले। मैं जानिक सिनर के खिलाफ फिर खेलने को लेकर उत्साहित हूं। इस समय उनके लिए टेनिस खेलना बहुत आसान लग रहा है, लेकिन उम्मीद है कि फाइनल में मैं उन्हें कड़ी टक्कर दूंगा।' ज्वेरेव ने मुकाबले की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और पहले सेट में पहले और पांचवें गेम में ब्रेक हासिल कर 5-1 की बढ़त बना ली। हालांकि ब्लॉक्स ने संघर्ष दिखाते हुए कुछ सेट प्वाइंट बचाए, लेकिन जर्मन खिलाड़ी ने चौथे मौके पर सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में ब्लॉक्स ने कड़ा मुकाबला किया और कई ब्रेक प्वाइंट बचाए, लेकिन अंततः ज्वेरेव ने 6-5 की बढ़त बनाते हुए निर्णायक ब्रेक हासिल किया और मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ज्वेरेव इस सत्र में पहली बार फाइनल में पहुंचे हैं। वह इससे पहले 2018 और 2021 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीत चुके हैं और अब तीसरी बार ट्रॉफी जीतने के इरादे से उतरेंगे। (अनंत ज्ञान)

आईपीएल: केएल राहुल ने छीनी ऑरेंज कैप आर्चर पर्पल कैप रेस में दूसरे स्थान पर

एजेंसी, नई दिल्ली। आईपीएल-2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ लगातार रोमांचक होती जा रही है। राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप की सूची में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जहां दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान केएल राहुल 433 रनों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं। राहुल ने इस सीजन में अब तक कई शानदार पारियां खेली हैं, जिनमें नाबाद 152 और 75 रनों की बड़ी पारियां शामिल हैं। उनकी निरंतरता ने उन्हें रेस में सबसे आगे कर दिया है। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी, जो पहले नंबर-1 थे, इस मैच में सिर्फ 4 रन बनाकर चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा (425 रन) और हेनरिक क्लासेन (414 रन) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। यशस्वी जायसवाल भी नीचे खिसककर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पर्पल कैप की रेस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार 17 विकेट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर 15 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि सनराइजर्स के ईशान मलिंगा भी 15 विकेट के साथ उनके बराबर हैं। बेहतर इकॉनमी रेट के कारण आर्चर दूसरे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल से लक्ष्य सेन बाहर

एजेंसी, होर्सेंस (डेनमार्क)। भारत को थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल से पहले बड़ा झटका लगा है। स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन दाहिनी कोहनी में सूजन के कारण फ्रांस के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन के खिलाफ 18-21, 22-20, 21-17 से शानदार जीत दर्ज की थी, लेकिन इसी दौरान उन्हें चोट लग गई। मैच के बाद उनकी कोहनी में सूजन बढ़ गई, जिससे उनकी सेमीफाइनल में भागीदारी संभव नहीं हो सकी। लक्ष्य के मेंटर और पूर्व कोच विमल कुमार के अनुसार, मैच के दौरान गिरने से उनकी कोहनी में चोट लगी और पैरों में छाले भी हैं। अब उनकी अनुपस्थिति में युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी फ्रांस के खिलाफ पहला एकल मुकाबला खेलेंगे। किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय और युगल जोड़ी भी भारत की चुनौती संभालेंगे। (अनंत ज्ञान)

लॉरा की खूबसूरती की दुनिया दीवानी

दक्षिण अफ्रीकी। द. अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं।

आईपीएल — गेंदबाजी और फील्डिंग की कमजोरियों के बीच जीत की राह तलाशेंगे किंग्स

पंजाब की गुजरात से कड़ी टक्कर आज

एजेंसी, अहमदाबाद

पिछले मैच में पंजाब किंग्स का जीत का सिलसिला टूट गया और वह लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगा।

राजस्थान रॉयल्स ने इस सप्ताह के शुरू में पंजाब के अजेय अभियान पर रोक लगा दी थी। हालांकि, पंजाब किंग्स की टीम आठ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन आरसीबी, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स उससे सिर्फ एक अंक पीछे हैं।

लगातार छह जीत हासिल करके शुरुआती बढ़त बनाने वाली पंजाब किंग्स की गेंदबाजी विभाग को लेकर कुछ चिंताएं हैं। पंजाब के बल्लेबाजों की तरह उसके गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाए हैं।

उसके बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण गेंदबाजों की कमियां खुलकर सामने नहीं आई हैं, लेकिन टूर्नामेंट अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है और ऐसे में कोई कमजोरी टीम पर भारी पड़ सकती है। गेंदबाजों की असफलता के कारण पंजाब के बल्लेबाजों पर दबाव पड़ रहा है, क्योंकि या तो उन्हें बड़े लक्ष्य हासिल करने पड़ रहे हैं या फिर पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाना पड़ रहा है। ऐसे में पंजाब को अब अधिक स्पष्ट रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा।

पंजाब की फील्डिंग भी अच्छी नहीं रही है और उसने कई कैच छोड़े हैं। टीम प्रबंधन को इस विभाग में भी काम करने की जरूरत है। हालांकि, बल्लेबाजी अब भी पंजाब की सबसे बड़ी ताकत है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने अच्छी शुरुआत दी है। वहीं, कूपर कोनोली ने भी रन बनाए हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाला मध्य क्रम मजबूत स्कोर बनाने या लक्ष्य का पीछा करने में सक्षम साबित हुआ है।

दूसरी ओर गुजरात टाइटंस की टीम लगातार दो मैच जीतकर इस मैच में उतर रही है। हालांकि, उसका अभियान उतार चढ़ाव वाला रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स और फिर आरसीबी के खिलाफ लगातार जीत के बाद टाइटंस 10 अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर हैं। गुजरात की बल्लेबाजी उसके शीर्ष तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर के इर्द-गिर्द घूमती रही है। इन तीनों पर अत्यधिक निर्भरता टीम के लिए चिंता का विषय है। वॉशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक प्रभाव नहीं डाल पाए हैं।

टीम को संतुलन प्रदान करने के लिए जेसन होल्डर को भी मध्य क्रम में शामिल किया गया है और उन्होंने मौजूदा चैंपियन आरसीबी के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के इस गेंदबाज ने अपने चार ओवरों में 29 रन देकर दो विकेट लिए और तीन कैच भी लिए।

मैच : शाम 7.30 बजे से

संभावित टीमें

गुजरात टाइटंस: शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, अनुज रावत, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया।

पंजाब किंग्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद।

रायपुर में आईपीएल मैचों की टिकट बिक्री आज से शुरू

एजेंसी, रायपुर

◆ आरसीबी की वेबसाइट और ऐप पर मिलेंगे टिकट, 10 और 13 मई को होंगे हाईवोल्टेज मुकाबले

रायपुर में आईपीएल के दो बड़े मुकाबलों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। राजधानी में होने वाले मैचों के लिए टिकटों की ऑनलाइन बिक्री कल यानी 3 मई से शुरू होगी। टिकट केवल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर उपलब्ध रहेंगे।

आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि दर्शक केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही टिकट खरीदें और किसी अन्य वेबसाइट या ऐप से टिकट लेने से बचें। रायपुर में 10 मई को आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा, जबकि 13 मई को आरसीबी का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। दोनों मैच शाम 7:30 बजे शुरू होंगे। जानकारी के अनुसार आरसीबी की टीम 8 मई को रायपुर पहुंचेगी और यहां लगभग छह दिन तक ठहरेगी। इस दौरान टीम अभ्यास सत्र भी करेगी। वहीं मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी भी 8 मई के बाद राजधानी पहुंच सकते हैं। इन मुकाबलों को लेकर रायपुर में क्रिकेट का उत्साह चरम पर है और बड़ी संख्या में दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

वैभव सूर्यवंशी को आंख दिखाने पर जैमीसन को मिला एक डिमैरिट अंक

एजेंसी, जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक अंदाज अपनाने के लिए एक डिमैरिट अंक का दंड दिया गया है।

आईपीएल ने बयान में कहा, ''काइल जैमीसन ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन किया जिसके लिए उन्हें एक डिमैरिट अंक दिया गया और उन्हें चेतावनी भी दी गई।''

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ''ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो किसी अन्य खिलाड़ी का अपमान करते हैं या उससे आक्रामक प्रतिक्रिया को उकसा सकते हैं।'' यह घटना राजस्थान रॉयल्स की पारी के दूसरे ओवर में घटी, जब 15 वर्षीय सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जैमीसन आक्रामक अंदाज में उनके पास गए। सूर्यवंशी ने हालांकि, किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं की लेकिन वह ऐसा कर सकते थे। जैमीसन ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में सात विकेट से जीत हासिल की थी। (अनंत ज्ञान)

वैभव से 'डर' गए जैमीसन विकेट के बाद किया खुलासा

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन भले ही वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेकर बेहद आक्रामक जश्न मनाते हुए नजर आए। लेकिन, उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह 15 साल के इस युवा का सामना करते समय उन्हें एक अजीब सा डर महसूस हुआ। जैमीसन ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स की राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से शानदार जीत के बाद यह स्वीकार किया है। इसका वीडियो बीसीसीआई टीवी पर शेयर किया गया, जिसे आईपीएल के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से पोस्ट किया गया है। जीत के बाद जैमीसन ने वैभव सूर्यवंशी की ओर से पेश की गई चुनौती पर बात की। जैमीसन ने बताया कि पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने के बावजूद वैभव के शांत और संयमित अंदाज ने उन्हें एक बेहद मुश्किल प्रतिद्वंद्वी बना दिया था। उन्होंने बताया कि मुझे नहीं लगता कि अपनी पूरी जिंदगी में मुझे कभी किसी 15 साल के बच्चे से इतना डर लगा हो। मैच में उतरने से पहले हमने अपनी पूरी रणनीति तैयार कर ली थी और यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि हमारी रणनीति सफल रही। (अनंत ज्ञान)

यानिक सिनर ने अपने करियर की 350वीं जीत की दर्ज

एजेंसी, मैड्रिड

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने करियर की 350वीं जीत हासिल की और पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। सिनर ने आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 22 मैच तक बढ़ा दिया।

सिनर लगातार पांचवें मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना करेंगे। जर्मन खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में बेल्जियम के एलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 6-2, 7-5 से हराया। सिनर लगातार पांच मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। उन्होंने इससे पहले पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो में खिताब जीते थे। सिनर 2000 के दशक में जन्मे पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अपने करियर में 350 मैच जीते हैं। यही नहीं सिनर एक विशिष्ट सूची में भी शामिल हो गए हैं। वह रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के बाद सभी नौ मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे और सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला वर्ग के फाइनल में मीरा एंड्रीवा का सामना मार्टा कोस्त्युक से होगा। (अनंत ज्ञान)

उत्तराखंड के 6 खिलाड़ी ताशकंद रवाना अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में दिखाएंगे दम

एजेंसी, देहरादून। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 1 से 16 मई तक होने वाली अंडर-15 अंतरराष्ट्रीय सब-जूनियर बालक एवं बालिका मुक्केबाजी चैंपियनशिप में उत्तराखंड के छह खिलाड़ी और अधिकारी भारतीय दल का हिस्सा बने हैं। इस बार राज्य से इतनी बड़ी संख्या में प्रतिनिधित्व पहली बार देखने को मिल रहा है।

◆ अंडर-15 सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

उत्तराखंड बॉक्सिंग संघ के मानद महासचिव के अनुसार, प्रतियोगिता में राज्य के दो मुक्केबाज रिंग में उतरेंगे, जबकि चार अन्य सदस्य कोच और रेफरी के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे। 43 किलोग्राम भार वर्ग में समीर बोरा और 55 किलोग्राम भार वर्ग में हर्षवर्धन जीना भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे। वहीं, पूजा यादव को बालिका टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, जबकि नितिन देऊपा बालक टीम के कोच की भूमिका निभाएंगे।

खेल विभाग के सहायक निदेशक संजीव पौरी इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रेफरी और जज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा दुर्योधन सिंह भी कोच के रूप में टीम के साथ मौजूद रहेंगे। इस भागीदारी से उत्तराखंड के युवा मुक्केबाजों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीदें बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

मुंबई पहुंचे जॉश इंग्लिस, 4 मई को एलएसजी के लिए खेल सकते हैं

एजेंसी, मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल-2026' के बीच जॉश इंग्लिस को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज इंग्लिस भारत पहुंच चुके हैं और मुंबई में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ जुड़ गए हैं। वह 4 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

इंग्लिस की उपलब्धता को लेकर पहले काफी विवाद हुआ था। उन्होंने इस सीज़न में सीमित उपलब्धता का हवाला देते हुए पंजाब किंग्स द्वारा रिटेंशन को ठुकरा दिया था, जिस पर टीम के एक सह-मालिक ने उन्हें गैर-पेशेवर तक बता दिया था। पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले इंग्लिस को इस बार एलएसजी ने 8.6 करोड़ रुपए में खरीदा। 31 वर्षीय इंग्लिस का रिकॉर्ड मुंबई के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ शानदार रहा है। उन्होंने बुमराह के खिलाफ दो मैचों में 34 गेंदों पर 52 रन बनाए हैं। खासकर आईपीएल 2025 के क्वालिफायर-2 में उन्होंने एक ही ओवर में 20 रन जड़कर मैच का रुख बदल दिया था।

एलएसजी के लिए इंग्लिस की एंट्री ऐसे समय में हुई है, जब टीम अंक तालिका में निचले पायदान पर संघर्ष कर रही है। टीम ने अब तक 8 मैचों में सिर्फ 2 जीत दर्ज की हैं, जबकि उनका मुकाबला भी समान स्थिति में खड़ी मुंबई इंडियंस से होगा। इंग्लिस शनिवार शाम वानखेड़े स्टेडियम में टीम के साथ अभ्यास करेंगे। उन्होंने अब तक 11 मैचों में 162 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 278 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्द्धशतक शामिल है। अजमतुल्लाह उमरजई 7 मई को दोबारा पंजाब किंग्स के साथ जुड़ेंगे। उनकी मां के निधन के कारण वह स्वदेश लौट गए थे। टीम ने 28 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान काली पट्टी बांधकर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। (अनंत ज्ञान)

आईटीए प्रमुख बोले-डोपिंग से बचने के लिए भाग जाते हैं भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी, न्यूयॉर्क

◆ खिलाड़ियों के जांच से बचने और अग्रिम सूचना मिलने के लगाए आरोप

न्यूयॉर्क से आई एक रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) के प्रमुख बेंजामिन कोहेन ने भारत में डोपिंग की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में खिलाड़ियों के डोपिंग जांच से बचने और परीक्षण से पहले अग्रिम सूचना मिलने जैसी बातें सामने आई हैं, जो खेल प्रणाली के लिए चिंताजनक संकेत हैं।

कोहेन के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने स्पष्ट किया है कि यदि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना चाहता है, तो उसे शासन और संरचनात्मक स्तर पर बड़े सुधार करने होंगे। आईटीए, जो ओलंपिक और कई अंतरराष्ट्रीय खेल संघों के डोपिंगरोधी कार्यक्रमों का संचालन करता है, भारत में राष्ट्रीय डोपिंगरोधी एजेंसी (नाडा) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ सहयोग बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में मिलानो-कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक के दौरान कोहेन की भारतीय अधिकारियों से मुलाकात भी हुई, जिसे उन्होंने सकारात्मक बताया।

हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत में आईटीए के साथ सहयोग को लेकर कुछ हिचकिचाहट है, क्योंकि इसे प्रणाली की विफलता के रूप में देखा जा सकता है।

गौरतलब है कि भारत लगातार तीन वर्षों से विश्व डोपिंगरोधी एजेंसी (वाडा) की उल्लंघन सूची में शीर्ष पर रहा है। ऐसे में भविष्य के बड़े आयोजनों की मेजबानी के लिए सुधार अनिवार्य माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

अपनी टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभाकर अच्छा लगता है : आशुतोष शर्मा

एजेंसी, जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिनिशर की भूमिका निभाने का आनंद ले रहे हैं और टीम की जीत में योगदान देकर उन्हें बहुत खुशी होती है।

दिल्ली कैपिटल्स ने यहां खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से जीत हासिल की जिसमें आशुतोष ने 15 गेंदों में नाबाद 25 रन बनाकर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाई। इस जीत से उनकी टीम ने लगातार तीन मैचों में हार का सिलसिला तोड़ा।

आशुतोष ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मुझे अपनी टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभाकर अच्छा लगता है। टीम ने इन परिस्थितियों में मुझ पर भरोसा किया है और मुझे ऐसे मौकों पर खेलना पसंद है। मुझे हमेशा लगता है कि जब तक मैं क्रीज पर हूं, टीम को जीत दिला सकता हूं।'' दिल्ली के सामने 226 रन का लक्ष्य था। केएल राहुल और पथुम निसांका ने पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़कर उसे अच्छी शुरुआत दिलाई।

आशुतोष ने कहा, ''आजकल टी20 क्रिकेट में बहुत कुछ पहले विकेट की साझेदारी और पावरप्ले पर निर्भर करता है। हमारे सलामी बल्लेबाजों ने बहुत अच्छी शुरुआत दी। इसी वजह से हम पूरे मैच में बने रहे और आखिर में जीत हासिल कर सके।'' इससे पहले दिल्ली के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और काइल जैमीसन ने राजस्थान के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी को पहले दो ओवरों के भीतर आउट कर दिया था। आशुतोष ने कहा, ''उनके सलामी बल्लेबाजों ने पिछले मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था और हमारा लक्ष्य उन्हें जल्दी आउट करना था। हम इसमें सफल रहे।'' इस बीच राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने स्वीकार किया कि गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण उनकी टीम मैच हार गई। उन्होंने कहा, ''जब आप इतने बड़े स्कोर का बचाव कर रहे होते हैं तो पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन करना महत्वपूर्ण होता है।'' (अनंत ज्ञान)

क्रिकेट — मजबूत बल्लेबाजी के दम पर हैदराबाद का पलड़ा भारी, संघर्षरत केकेआर के लिए कड़ी चुनौती

केकेआर के खिलाफ जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी सनराइजर्स

एजेंसी, हैदराबाद

हैदराबाद में रविवार को होने वाले आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद अपनी शानदार जीत की लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में है और लगातार पांच मैच जीत चुकी है। नौ मुकाबलों में 12 अंकों के साथ वह अंकतालिका में तीसरे स्थान पर काबिज है, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है।

सनराइजर्स की सबसे बड़ी ताकत उसकी आक्रामक और विस्फोटक बल्लेबाजी रही है। अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन ने लगातार रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया है। इन खिलाड़ियों की आक्रामक शैली ने विपक्षी गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने पिछले मैच में 76 रन की शानदार पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 243 रन का विशाल लक्ष्य आसानी से हासिल करना टीम की बल्लेबाजी गहराई और आत्मविश्वास को दर्शाता है।

गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस की वापसी से टीम को संतुलन और मजबूती मिली है। तेज और स्पिन गेंदबाजों ने मिलकर जरूरत के समय विकेट निकालकर टीम को बढ़त दिलाई है, जिससे विरोधी टीमों के लिए रन बनाना आसान नहीं रहा।

दूसरी ओर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली कोलकाता नाइटराइडर्स ने हाल में दो मैच जीते हैं, लेकिन टीम अब भी अंकतालिका में आठवें स्थान पर है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में निरंतरता की कमी उसके लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। पिछले मुकाबले में 65 रन की बड़ी जीत से उत्साहित सनराइजर्स की टीम इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार नजर आ रही है और अपनी लय को बनाए रखने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। (अनंत ज्ञान)

मैच : दोपहर 3 : 30 बजे से

संभावित टीमें

सनराइजर्स हैदराबाद: पैट कमिंस (कप्तान), सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, रविचंद्रन अश्विन, अनिकेत वर्मा, अभिषेक शर्मा, हर्ष दुबे, क्रेंस फुलेट्रा, लियाम लिविंगस्टोन, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, शिवम मावी, शिवांग कुमार, अमित कुमार, गेराल्ड कोएत्जी, प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, ओंकार तरनाले, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

कोलकाता नाइट राइडर्स: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कैमरन ग्रीन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, फिन एलन, दक्ष कामरा, कार्तिक त्यागी। सार्थक रंजन, सौरभ दुबे।